CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :29°C
न्यूनतम: 20°C

हल्द्वानी, रविवार 5 अक्टूबर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 40 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत ख़बरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | आश्विन शुक्ल पक्ष 14 विक्रमी सम्वत् 2082 | 12 रबी उल सानी 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुज़फ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बरेली में सपा नेताओं के प्रवेश पर रोक, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद नजरबंद पेज 2



जडेजा-सिराज का कहर, भारत ने वेस्टइंडीज को पारी और 140 रनों से हराया खेल टाइम्स



पीओके में झुकी पाक सरकार, प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मानी पेज 11



रश्मिका मंदाना और विजय की सगाई का दावा बॉलीवुड

## विज्ञान भवन में आईटीआई के टॉपर्स सम्मानित

# आज का भारत कौशल को देता है प्राथमिकताः मोदी



शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने शनिवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आईटीआई (औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान) के टॉपर्स को सम्मानित किया।

पीएम ने कौशल दीक्षांत समारोह 2025 के दौरान 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का भी अनावरण किया। कार्यक्रम के दौरान पटना से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी जुड़े। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कुछ वर्ष पहले हमारी सरकार ने आईटीआई छात्रों के लिए व्यापक स्तर पर दीक्षांत समारोह आयोजित करने की नई परंपरा शुरू की थी। आज इसी परंपरा की एक और कड़ी के साक्षी हम सभी बन रहे हैं। मैं भारत के कोने-कोने से हमारे साथ जुड़ने वाले सभी युवा आईटीआई छात्रों को अपनी शुभकामनाएं देता हूं।

**■ पीएम ने 62,000 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न युवा-केंद्रित पहलों का किया अनावरण**

यह समारोह इस बात का प्रतीक है कि आज का भारत कौशल को कितनी प्राथमिकता देता है। पीएम मोदी ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से बिहार के हजारों युवा हमसे जुड़े हैं। इस पीढ़ी को शायद अंदाजा नहीं होगा कि ढाई दशक पहले बिहार की शिक्षा व्यवस्था कितनी जर्जर थी। न ईमानदारी से स्कूल खुलते थे, न ही भर्तियां होती थीं। कौन सा माता-पिता नहीं चाहेगा कि उसका बच्चा यहां पढ़े और आगे बढ़े? लेकिन मजबूरी में लाखों बच्चे बिहार छोड़कर वाराणसी, दिल्ली और मुंबई जाने को मजबूर हुए। यहीं से पलायन की असली शुरुआत हुई। सौभाग्य से बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को सरकार की जिम्मेदारी सौंपी और हम सब गवाह हैं कि कैसे पूरी एनडीए टीम ने मिलकर बिगड़ी हुई व्यवस्था को पटरी पर लाया... मुझे खुशी है कि आज के कौशल दीक्षांत समारोह में बिहार को एक नया कौशल विश्वविद्यालय मिला है।

# मप्र के बाद कफ सिरप को लेकर देशभर में छापेमारी

## कोल्ड्रिफ सिरप बैन, मध्य प्रदेश में 10 व राजस्थान में दो बच्चों की मौत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** तमिलनाडु के बाद शनिवार को मध्य प्रदेश और केरल ने भी कोल्ड्रिफ कफ सिरप को बैन कर दिया। इस सिरप से मध्य प्रदेश में 27 दिन में 10 बच्चों की मौत हो गई। इन सभी की उम्र एक से 5 साल के बीच है।

उधर, राजस्थान में डेक्सट्रोमेथोरपन हाइड्रोब्रोमाइड कफ सिरप और उसे बनाने वाली कंपनी केसंस फार्मा को भी प्रतिबंधित कर दिया गया। इस कंपनी का प्लांट जयपुर में है। इस सिरप से राजस्थान में 2 बच्चों की जान गई। कोल्ड्रिफ दवा की मैन्युफैक्चरिंग तमिलनाडु के कांचीपुरम में हो रही थी। बच्चों की मौत के बाद तमिलनाडु सरकार ने गुरुवार को उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया था। राज्य में इस दवा के थोक और रिटेल स्टॉक को सीज कर दिया गया है। एमपी के छिंदवाड़ा में कप सिरप पीने से 10 बच्चों की मौत हुई है। पहला संदिग्ध मामला 24 अगस्त को सामने आया था। पहली मौत 7 सितम्बर -शेष पृष्ठ दो पर



**■ सभी बच्चों की उम्र एक से 5 साल के बीच**

### भारत में पहले भी कफ सिरप हुए हैं बैन

**नई दिल्ली।** यह पहली बार नहीं है जब भारतीय कंपनियों के बनाए कफ सिरप पर सवाल उठे हों। साल 2022 में भी पश्चिमी अफ्रीकी देश गांबिया में हरियाणा की मेडेन फॉर्मास्यूटिकल्स लिमिटेड द्वारा निर्मित कफ सिरप पीने से 66 बच्चों की मौत हुई थी। इस घटना के बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने भारत के बने कई कफ सिरप को लेकर अलर्ट जारी किया था। डब्ल्यूएचओ ने चार कफ सिरप प्रोमेथाजिन ओरल सॉल्यूशन, कोफेक्समालिन बेबी कफ सिरप, बेबी कफ सिरप, मैग्रीप एन. कोल्ड सिरप को खतरनाक बताया था। ये सभी सिरप भारत के हरियाणा के सोनीपत स्थित मेडेन फार्मास्यूटिकल्स द्वारा बनाए गए थे। डब्ल्यूएचओ ने स्पष्ट किया था कि इन सिरप में हानिकारक तत्व पाए गए हैं, जो बच्चों के लिए जानलेवा साबित हो सकते हैं। लगातार सामने आ रही घटनाओं से साफ है कि भारत को दवा निर्माण और उनकी गुणवत्ता पर और भी सख्ती से नजर रखने की जरूरत है।

### केजरीवाल का शीशमहल गेस्ट हाउस में तब्दील होगा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार राज्य के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के उस बंगले (सीएम हाउस) को स्टेट गेस्ट हाउस में बदलने की तैयारी में है। इसके रेनोवेशन के लिए केजरीवाल पर 45 करोड़ खर्च करने का आरोप लगाया गया था। ये बंगला 6, फ्लैग रोड पर मौजूद है। अधिकारियों के मुताबिक, बंगले के गेस्ट हाउस में तब्दील होने के बाद इसमें पार्किंग स्पेस, कैफेटेरिया, वेटिंग हॉल, मीटिंग रूम समेत अन्य सुविधाएं होगीं। अन्य गेस्ट हाउस की तरह ही अधिकारी-मंत्री भी यहां ठहर सकेंगे और किराया भी भरेंगे। इसके अलावा अन्य स्टेट हाउस की तरह यहां ट्रेडिशनल फूड मिलेगा, इसका लुत्फ आम जनता भी ले सकेगी। फिलहाल इस प्रोजेक्ट को अंतिम मंजूरी मिलनी बाकी है। बंगले की देखरेख के लिए 10 कर्मचारी तैनात हैं, जो साफ-सफाई और दूसरी व्यवस्थाएं संभालते हैं। अरविंद केजरीवाल साल 2015 से 2024 तक इस बंगले में परिवार समेत रहे थे। इसके रेनोवेशन पर हुए खर्च पर भाजपा ने सवाल खड़ा किया था।

# सम्भल में मुस्लिम पक्ष को लगा झटका

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सम्भल में सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद व मैरिज हॉल के ध्वस्तीकरण पर रोक लगाने से इन्कार कर दिया। ध्वस्तीकरण की कार्रवाई के खिलाफ मुस्लिम पक्ष ने शुक्रवार को हाईकोर्ट में त्वरित सुनवाई की मांग के साथ याचिका दाखिल की थी, जो शनिवार को खारिज कर दी गई। आरोप है कि यह मस्जिद सरकारी तालाब की जमीन पर बनी थी।



**■ सरकारी जमीन पर बनी मस्जिद के ध्वस्तीकरण पर हाईकोर्ट का रोक लगाने से इन्कार**

इस मामले में लगातार दूसरे दिन सुनवाई हुई। यह फैसला न्यायमूर्ति दिनेश पाठक की एकल पीठ ने दिया है। दरअसल यह याचिका सरकारी जमीन से बेदखली की कार्रवाई के खिलाफ उपलब्ध वैकल्पिक विधिक उपचार के कारण खारिज की गई है। बहस के बाद याची मुस्लिम पक्षकारों ने याचिका वापस ले ली। हाईकोर्ट ने कहा कि याची तहसीलदार की ओर से जारी बेदखली आदेश के खिलाफ अपील दाखिल करने के लिए स्वतंत्र है। कोर्ट ने अपीलीय प्राधिकारी को मुस्लिम पक्षकारों की अपील पर हाईकोर्ट के इस आदेश से प्रभावित हुए बिना गुणदोष के आधार पर फैसला लेने का निर्देश दिया है। सम्भल में तालाब की जमीन पर बने मैरिज हॉल और मस्जिद के ध्वस्तीकरण के आदेश के खिलाफ इलाहाबाद हाईकोर्ट में मस्जिद कमेटी ने तत्काल सुनवाई की मांग के साथ याचिका दाखिल की थी। मामले में शुक्रवार की दोपहर सुनवाई तो हुई लेकिन कोर्ट ने कोई अंतरिम राहत नहीं दी है।

**Global HR Solutions**
Kyrgyzstan (Bishkek)
जल्द जरूरत है !
जॉब्स उपलब्धः
• वेल्डर (3G & 4G ARC) • राज मिस्त्री
• कंस्ट्रक्शन लेबर • सिलाई टेलर
वेतनः 700 USD प्रति माह (नेट)
टैक्स कम्पनी देगी
आवश्यक दस्तावेज़ः
• रेफरेन • योग्यता प्रमाणपत्र
• सर्विस सर्टिफिकेट • वेल्डर टेस्ट रिपोर्ट
सम्पर्क करें :-
+91 8630026067

## उत्तर प्रदेश में महर्षि वाल्मीकि जयंती पर रहेगा सार्वजनिक अवकाश

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने महर्षि वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की औपचारिक घोषणा कर दी है। हाल ही में मुख्यमंत्री योगी ने सार्वजनिक सभा में इसका ऐलान किया था। सरकार की ओर से जारी आदेश के मुताबिक सात अक्टूबर को प्रदेश भर में सार्वजनिक अवकाश रहेगा। योगी आदित्यनाथ ने एक हफ्ते पहले श्रावस्ती जिले से वाल्मीकि जयंती पर सार्वजनिक अवकाश की घोषणा की थी। इस दिन को राज्य स्तर पर विशेष महत्व देने के लिए सरकारी अवकाश घोषित किया है।

## भारतीय जांच एजेंसियां टॉर्चर करेंगी: नीरव मोदी

**नई दिल्ली।** पंजाब नेशनल बैंक से धोखाधड़ी का आरोपी भगोड़ा हीरा कारोबारी नीरव मोदी ने कहा है कि अगर उसे भारत भेजा गया, तो जांच एजेंसियां पूछताछ के दौरान टार्चर करेंगी। इसको लेकर उसने लंदन की वेस्टमिंस्टर कोर्ट में प्रत्यर्पण केस पर फिर से सुनवाई की मांग की है, जो 23 नवम्बर को हो सकती है। हालांकि, मामले से जुड़े एक अधिकारी ने कहा कि हमने इस मामले में चार्जशीट दाखिल कर दी है। अभी उससे पूछताछ की जरूरत नहीं है। हमारी जांच लगभग पूरी हो चुकी है। उसे सिर्फ मुकदमे का सामना करना है। अगर यूके की अदालत पूछेगी, तो हम फिर से भरोसा दे सकते हैं कि भारत लाने पर उससे कोई पूछताछ नहीं होगी। हम पहले भी ऐसा भरोसा दे चुके हैं।

## जुबीन को मैनेजर व ऑर्गनाइजर ने जहर दिया: दोस्त

**नई दिल्ली।** सिंगर जुबीन गर्ग की मौत के मामले में गिरफ्तार उनके बैंडमेट (साथी सिंगर) शेखर ज्योति गोस्वामी ने अपने बयान में चौंकाने वाले खुलासे किए। शेखर ने दावा किया है कि सिंगर के मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा और इवेंट ऑर्गनाइजर श्यामकनु महंत ने उन्हें जहर दिया था। दोनों ने हत्या को हादसा दिखाने की साजिश रची थी। शेखर जुबीन गर्ग की मौत के समय उनके साथ सिंगापुर में था। उसने पुलिस को बताया कि मैनेजर शर्मा पैन पैसिफिक होटल में उसके साथ रह रहा था और जुबीन की मौत से पहले उसका व्यवहार अजीबोगरीब था। शेखर ने बताया मैनेजर शर्मा ने समुद्र के बीचोंबीच याट (नाव) के चालक को हटाकर उसका कंट्रोल अपने हाथों में लिया। जुबीन समुद्र में जाने के बाद हांफ रहे थे। उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। इसके बावजूद शर्मा कह रहा था।

## वर्चुअल सुनवाई में अंडरगार्मेंट्स पहनने वाला शख्स गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने कोर्ट की वर्चुअल सुनवाई में शर्मनाक हरकत करने वाले शख्स को गिरफ्तार किया है। आरोपी वीडियो कॉन्फ्रेंस में सिर्फ अंडरगार्मेंट्स पहनकर शामिल हुआ और शराब-सिगरेट पीता रहा। कोर्ट की ओर से कई बार बाहर जाने की चेतावनी देने के बावजूद वह नहीं निकला और सुनवाई में बाधा डालता रहा।

## महाराष्ट्र में साइक्लोन शक्ति का अलर्ट, 65 किमी की रफ्तार से चलेगी हवा

**मुंबई।** गुजरात के कच्छ में खाड़ी और उसके आसपास अरब सागर में बना कम दबाव का क्षेत्र अब चक्रवाती तूफान बन गया है। श्रीलंका ने इसे साइक्लोन शक्ति नाम दिया है।

महाराष्ट्र में 7 अक्टूबर तक साइक्लोन शक्ति को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इसका असर मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिले में दिखेगा। यहां 45-55 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। हवा की रफ्तार 65 किमी और इससे ज्यादा भी हो सकती है। 5 अक्टूबर तक महाराष्ट्र के तटों पर समुद्र में ऊंची लहरें उठने की आशंका है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बताया कि शक्ति अरब सागर में मानसून के बाद का पहला चक्रवाती तूफान है। यह साइक्लोन 6 अक्टूबर की सुबह पूर्व- उत्तर- पूर्व दिशा की ओर वापस मुड़ जाएगा।

**■ समुद्र में ऊंची लहरें उठने की आशंका**

## पत्नी की बेवफाई के चलते युवक चार बच्चों को लेकर यमुना में कूदा

शाह टाइम्स संवाददाता

**कैराना।** कैराना में एक हृदय विदारक मामला सामने आया है। कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी एक युवक के आत्महत्या के इरादे से अपने चार मासूम बच्चों के साथ यमुना नदी में कूदने की आशंका जताई जा रही है।

युवक ने घटना से पहले तीन अलग-अलग वीडियो बनाकर अपनी विवाहित बहन को भेजे हैं। वीडियो देखने के बाद ही परिजनों को घटना की जानकारी हुई। वहीं, प्राइवेट व पीएसी के गोताखोर युवक व बच्चों की तलाश में यमुना नदी में सर्च अभियान चलाए हुए हैं। शनिवार सुबह यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना ब्रिज पर सैकड़ों लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों का कहना था कि कैराना कस्बे के मोहल्ला अफगानान निवासी युवक सलमान ने अपने चार मासूम बच्चों के साथ में यमुना नदी में कूदकर आत्महत्या कर ली। मामले की सूचना पर एसडीएम कैराना निधि भारद्वाज व नायब तहसीलदार सतीश यादव यमुना नदी पर पहुंचे तथा युवक व उसके बच्चों की तलाश में सर्च अभियान शुरू कराया। बाद में एएसपी संतोष कुमार सिंह ने -शेष पृष्ठ दो पर

**■ युवक ने घटना से पहले वीडियो बनाकर बहन को भेजा**

# भारत छह नए एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदेगा


शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारत, पाकिस्तान बॉर्डर से सटे इलाकों और धार्मिक स्थलों की सुरक्षा को और मजबूत करने जा रहा है। इसके लिए आर्मी ने 6 नए एके-630 एयर डिफेंस गन सिस्टम खरीदने के लिए सरकारी कंपनी एडवांस्ड वेपन एंड इक्विपमेंट इंडिया लिमिटेड (एडब्ल्यूईआईएल) को टेंडर जारी किया है।

सेना के अधिकारियों के मुताबिक, इन गन सिस्टम की जरूरत ऑपरेशन सिंदूर के दौरान महसूस हुई, जब पाकिस्तान सेना ने जम्मू-कश्मीर और पंजाब में आबादी वाले इलाकों और धार्मिक स्थलों को निशाना बनाया था। अब इनकी तैनाती से इन इलाकों में हवाई खतरों से बेहतर सुरक्षा मिलेगी। ये गन सिस्टम 'मिशन सुदर्शन चक्र' का हिस्सा है। पीएम नरेंद्र मोदी ने 15 अगस्त को लाल किले से दिए अपने भाषण में सुदर्शन चक्र मिशन की घोषणा की थी। इसका लक्ष्य 2035 तक एक स्वदेशी, मल्टी-लेयर सुरक्षा कवच तैयार करना है, जिसमें निगरानी, साइबर सुरक्षा और एयर डिफेंस सिस्टम शामिल होंगे। एके-630 सिस्टम ड्रोन, रॉकेट, आर्टिलरी और मोर्टार जैसे हवाई हमलों को रोकने में सक्षम होगा। एके-630 एक 30 मिमी मल्टी-बैरल मोबाइल गन सिस्टम है, जो प्रति -शेष पृष्ठ दो पर

**■ एक मिनट में 3000 राउंड फायर करेगा सिस्टम, 4 किमी रेंज, पाकिस्तान बॉर्डर पर किया जाएगा तैनात**

**■ ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जरूरत हुई थी महसूस**



### भारत रूस से और एस-400 डिफेंस सिस्टम खरीदेगा!

**नई दिल्ली।** भारत रूस से कुछ और एस-400 मिसाइल डिफेंस सिस्टम खरीद सकता है। ऐसे पांच सिस्टम की डील पहले ही हुई थी, जिनमें से 3 भारत को मिल चुके हैं। नई डील इनके अलावा होगी। एक न्यूज एजेंसी के सोर्स के मुताबिक, दिसम्बर में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के भारत दौरे के समय डील पर बातचीत हो सकती है। यह वही डिफेंस सिस्टम है, जिसने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान की ओर से किए गए ड्रोन और मिसाइल हमलों को हवा में ही मारकर नाकाम किया था।

**मिरगी**
घबराएं नहीं उचित इलाज करवाएं
मिरगी कोई भूत-प्रेत, छाया या आत्मा आदि का प्रकोप नहीं है। इसका इलाज नीम-हकीम, फकीर और ढोंगी लोग नहीं कर सकते हैं। इसका इलाज केवल उचित दवाओं द्वारा योग्य डाक्टर ही कर सकते हैं। यह एक साधारण रोग है। इसका इलाज संभव है।
मिरगी के लक्षण
• अचानक बेहोश होकर जमीन पर गिर जाना • जीभ का बाहर व दांतों के बीच आना
• आंखें पथराना • मुट्ठियां कसना
• हाथ-पैर ऐंठ जाना • गर्दन टेढ़ी पड़ना
• मुंह से झाग निकलना • अचानक झटका-सा लगना
• मुंह एक तरफ हो जाना • घे-घे-आँ-आँ की आवाज आना
अगर आपमें या आपके आस-पास किसी में इस प्रकार के लक्षण हैं तो विश्व प्रसिद्ध वरिष्ठ मिरगी रोग विशेषज्ञ
डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
के इलाज से लाभ उठाकर हमेशा के लिए मिरगी से छुटकारा पाएं!

डा. अय्यूब हसन 'मार्शल'
M.B.B.S., G.M.C.S. (U.K.), F.C.G.P., F.A.P.S. (U.S.A.)
M.A.P.A.(U.S.A.), M.R.C.S.M.I.P.S., F.I.P.S., M.I.E.A.(INDIA)
• आजीवन सदस्य भारतीय मिरगी एसोसिएशन
• पूर्व सी.एम.ओ., इरविन अस्पताल, नई दिल्ली
• फैलो ऑफ इंडियन साइकेट्रिक सोसाइटी
• पूर्व सी.एम.ओ., जी.बी. पन्त अस्पताल, नई दिल्ली
मिलने का पता
मार्शल चिकित्सा केन्द्र
निकट चन्द्रा टाकीज़ व सैन्ट्रल बैंक के सामने
मुज़फ्फरनगर (उ.प्र.) मो.: 9997411423, 9358348826
नोट: जांच कराने वाले रोगी बालों को शैम्पू से धोकर आयें
समय 11 बजे से 5 बजे तक मंगलवार अवकाश
असुविधा से बचने के लिए कृपा पहले से समय लेकर मिलें।

## संक्षिप्त समाचार

### वैष्णो देवी यात्रा पांच अक्टूबर से स्थगित रहेगी

**जम्मू।** श्री माता वैष्णो देवी मंदिर की तीर्थयात्रा भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) की चेतावनी के मद्देनजर रविवार से स्थगित रहेगी। श्रीमाता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड ने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि भारतीय मौसम विभाग की खराब मौसम संबंधी चेतावनी के मद्देनजर वैष्णो देवी यात्रा 5 से 7 अक्टूबर तक स्थगित रहेगी और 8 अक्टूबर को फिर से शुरू होगी। भक्त आधिकारिक चैनलों के माध्यम से नई जानकारी पा सकते हैं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, जो श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष भी हैं, ने भूस्खलन के कारणों की जांच के लिए एक उच्च-स्तरीय तीन-सदस्यीय समिति का गठन किया था।

### सौमित्र ने इंडियन ऑयल में निदेशक का पद संभाला

**नई दिल्ली।** इंडियन ऑयल में हाल ही में निदेशक (विपणन) नियुक्त किए गए सौमित्र पी. श्रीवास्तव ने शुक्रवार को पदभार ग्रहण कर लिया। देश की सबसे बड़ी तेल विपणन कंपनी में तीन दशक से अधिक का अनुभव रखने वाले श्रीवास्तव ने आईआईटी रुड़की से सिविल इंजीनियरिंग में स्नातक और एसपी जैन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, मुंबई से एक्जीक्यूटिव एमबीए किया है। अपने करियर के दौरान उन्होंने प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। सेल्स फंक्शन के विभिन्न प्रमुख पदों पर पहुंचने से पहले उन्होंने एलपीजी व्यवसाय में भी चार साल तक काम किया है। श्रीवास्तव की नेतृत्व शैली सहयोगात्मक और परिणाम-उन्मुख है।

# फर्रुखाबाद के कोचिंग सेंटर में भीषण विस्फोट, दो की मौत, पांच छात्र गंभीर

**फर्रुखाबाद, वार्ता**

यूपी के फर्रुखाबाद के एक कोचिंग सेंटर में शनिवार को विस्फोट हो गया। इसमें 2 युवकों की मौत हो गई, जबकि 5 छात्र घायल हुए हैं। यहां लाइब्रेरी भी चलती थी। घायलों को तत्काल फर्रुखाबाद के लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया।

विस्फोट इतना भयानक था कि 1 किलोमीटर दूर तक इसकी आवाज सुनाई दी। शवों के चीथड़े उड़ गए। चारों तरफ खून ही खून फैल गया। कुछ छात्रों के शरीर के मांस के लोथड़े काफी दूर जाकर गिरे। ब्लॉस्ट में कोचिंग सेंटर के दरवाजे और बेंच टूट गए। बाहर की स्लैब और

**■ शवों के चीथड़े उड़े बाइकें 50 मीटर दूर गिरीं**

पक्की दीवारें 50 मीटर दूर जा गिरीं। बाहर लगी लोहे की जाली 150 मीटर दूर पानी के गड्ढे में जा गिरी। आसपास के कई मकानों के शीशे टूट गए। मौके पर बारूद जैसी गंध आ रही थी। कोचिंग सेंटर में छात्रों की खड़ी बाइक, स्कूटी और साइकिलें करीब 50 मीटर दूर तक जा गिरीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियां, फतेहगढ़ और कादरी गेट थानों की पुलिस मौके पर पहुंच गई। घटना के कारणों की जांच की जा रही है। घायलों का हाल जानने के लिए डीएम आशुतोष कुमार द्विवेदी और एसपी आरती सिंह लोहिया अस्पताल पहुंचे। सिटी मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल भी मौके पर पहुंचे। फोरेंसिक टीम और बम स्क्वॉयड मौके पर पहुंच गया है। हादसे का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। इसमें धमाका होता दिख रहा है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अवनींद्र कुमार ने बताया कि अस्पताल लाए गए 7 घायलों में से 2 युवक को मृत घोषित कर दिया गया। उसकी अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है। सीएमओ के अनुसार एक गंभीर रूप से घायल युवक को हायर सेंटर रेफर किया गया है। इसके अलावा दो बच्चों को भी बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया है।

# बड़े भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग अनिवार्य हो

## 100 वर्ग मीटर से बड़े सभी भवनों के लिए सीएम योगी ने जारी किए निर्देश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** भूजल के स्तर को बनाए रखने के लिए वर्षा जल का संचयन की आवश्यकता जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि सौ वर्ग मीटर क्षेत्रफल से बड़े सभी भवनों में रेन वाटर हार्वेस्टिग सिस्टम अनिवाए किया जाना चाहिए।

नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में योगी ने कहा कि जल संकट आज हमारी सामूहिक चिंता का विषय बन चुका है। चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप वर्षा जल को रोककर धीरे-धीरे उसे भूमि में समाहित होने देते हैं। यह केवल स्थानीय प्राथमिकता नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय आवश्यकता है। चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप केवल पानी रोकने की व्यवस्था नहीं बल्कि समेकित जल



प्रबन्धन है, जो बड़े बांधों की तुलना में यह काफी किफायती है। उन्होंने निर्देशित किया कि 'एक पेड़ मां के नाम' की तर्ज पर जनांदोलन बनाते हुए चेक डैम, तालाब और ब्लास्टकूप का निर्माण एवं जीर्णोद्धार कराएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश विभिन्न भागों स्थानीय/बरसाती नदी/ नालों में विभाग द्वारा अद्यतन 6,448 चेकडैमों का निर्माण किया जा चुका है। प्रत्एक चेकडैम से औसतन 20 हेक्टेयर अतिरिक्त सिचन क्षमता विकसित होती है। इस प्रकार निर्मित चेकडैमों से कुल 1,28,960 हेक्टेयर अतिरिक्त सिचन क्षमता सृजित हुई है और हर साल 10 हजार हेक्टेयर मीटर से अधिक भूजल रिचार्ज हो रहा है। उन्होंने कहा कि इन प्रयासों से अन्नदाता किसान वर्ष में दो से तीन फसल लेने में सक्षम हुए हैं। उन्होंने कहा कि वर्षा जल संचयन और ग्राउंड वाटर रिचार्जिंग की दिशा में प्रदेश सरकार लगातार कदम उठा रही है। वित्तीय वर्ष 2022-23 से अब तक 1,002 चेकडैमों की डी-सिल्टिग और मरम्मत कर उनकी क्षमता में वृद्धि की गई है। इसी तरह प्रदेश के 1 से 5 हेक्टेयर के 16,610 तालाबों में से 1,343 का पुनर्विकास और जीर्णोद्धार किया गया है, वहीं वर्ष 2017-2025 तक 6192 ब्लास्टकूप के माध्यम से 18576 हेक्टेयर सिचन क्षमता सृजित हुई है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि बरसात से पहले यानी 1 अप्रैल से 15 जून तक कुम्हारों को तालाब से मुफ्त मिट्टी निकालने की छूट दी जाए, ताकि तालाब रिचार्ज के लिए तैयार हो सकें।

## मौलाना के करीबी नफीस के बारात घर पर चला बुलडोजर

# बरेली में रजा पैलेस को तहस-नहस किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** बरेली हिंसा मामले में पुलिस-प्रशासन की मौलाना तौकीर रजा के गुर्गों और रिश्तेदारों पर कार्रवाई हो रही है। इसी के तहत शनिवार को मौलाना के गुर्गे नफीस के 'रजा पैलेस' नाम के बारात घर पर बुलडोजर चलाया गया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। इससे पहले बीते मंगलवार को बीडीए (बरेली विकास प्राधिकरण) ने सपा पार्षद व तौकीर रजा के रिश्तेदार उमान रजा के गैराज को ध्वस्त कर दिया था। साथ ही उसकी दो नवनिर्मित दुकानें भी सील कर दी थीं।

शहर के जखीरा मोहल्ले में स्थित रजा पैलेस डा. नफीस का है। नफीस को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोप है कि यह मौलाना का सबसे



**■ पुलिस हिंसा में 83 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी**

करीबी है और हिंसा का मुख्य आरोपी है। इसी ने लोगों को भड़काया था, जिसके बाद काफी संख्या में लोग जमा हो गए थे।

जब पुलिस 'आई लव मोहम्मद' के पोस्टर हटाने गई थी, तब नफीस ने एक इंस्पेक्टर से कहा था कि पुलिस के हाथ काट लूंगा, पोस्टर को हाथ भी मत लगाना। नफीस के साथ-साथ पुलिस ने उसके बेटे को भी जेल भेजा है। एक्शन को लेकर बरेली की डिप्टी एसपी सोनाली मिश्रा ने बताया कि यह अभियान बरेली जिला प्रशासन द्वारा चलाया जा रहा है और हम सुरक्षा प्रदान करने के लिए यहां मौजूद हैं। पर्याप्त पुलिस बल को तैनात किया गया है। अभी तक पुलिस हिंसा में 83 लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। मौलाना तौकीर रजा फतेहगढ़ सेंट्रल जेल में बंद है। एसपी अनुराग आर्य ने पत्रकारों को बताया था कि हिंसा वाले दिन मस्जिदों में नमाज का वक्त जानबूझकर बदला गया था।

### बरेली में सपा नेताओं के प्रवेश पर रोक नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद नजरबंद

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में बरेली के लिए निकलने से पहले शनिवार को समाजवादी पार्टी के नेताओं को नजरबंद कर लिया गया। विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने आरोप लगाया कि वो बरेली जा रहे थे, लेकिन जिलाधिकारी के आदेश पर उन्हें रोक दिया गया है। उनके घर के बाहर भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन की दलील है कि सपा नेताओं के जाने से माहौल खराब होगा, लेकिन सच्चाई ये है कि प्रशासन अपनी कमियों को छिपाने की कोशिश कर रहा है।

### अपनी नाकामी छिपाने का प्रयास कर रहा प्रशासन: माता प्रसाद पांडेय

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता और विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को शनिवार को बरेली जाने से पहले ही लखनऊ में पुलिस ने हाउस अरेस्ट कर लिया है। इस बीच पांडेय ने प्रशासन पर अपनी नाकामी छिपाने का आरोप लगाते हुए कहा कि वह जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात कर आगे की रणनीति तय करेंगे। पांडेय ने कहा कि मैं आज बरेली के लिए निकल रहा था उसी समय पुलिस ने मुझे रोककर हाउस अरेस्ट कर लिया। मुझे बताया गया कि बरेली में निषेधाज्ञा लागू है। आपके वहां जाने से माहौल बिगड़ सकता है।

# बरेली में माहौल बिगाड़ना चाहते हैं विपक्षी नेता: राठौर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) जेपीएस राठौर ने आरोप लगाया कि विपक्षी दलों के नेता बरेली में माहौल खराब करने की साजिश कर रहे है, मगर सरकार किसी को भी अमन चैन बिगाड़ने की अनुमति नहीं देगी। राठौर ने कहा कि बरेली में अब पूरी तरह अमन और चैन है।

पुलिस ने समय से कार्रवाई कर उपद्रव फैलाने की हर साजिश को विफल कर दिया, जो भी विपक्षी सांसद या नेता बरेली जाने की बात कर रहे हैं, वे सिर्फ माहौल खराब करने की साजिश के तहत ऐसा कर रहे हैं। सरकार किसी को भी बरेली का अमन चैन बिगाड़ने की इजाजत नहीं देगी। सपा के सांसद और नेता अब बरेली जाकर उन्हीं उपद्रवियों के लिए आंसू बहाने की तैयारी में हैं, जिन्होंने पुलिस और निर्दोष लोगों की जान लेने की कोशिश की। उन्होंने

**■ यूपी के राज्यमंत्री राठौर ने लगाया आरोप**

सवालिया लहजे में कहा कि वे किसके लिए बरेली जा रहे हैं, उन लोगों के लिए जिन्होंने कानून तोड़ा, पत्थर फेंके और पुलिस पर हमला किया। किसी निर्दोष को नुकसान नहीं हुआ, केवल कानून तोड़ने वालों को जेल भेजा गया है। राठौर ने कहा कि विपक्षी दलों को लगा था कि बरेली आग में झुलसेगा और उन्हें राजनीतिक फायदा मिलेगा, लेकिन प्रशासन की सख्त कार्रवाई ने उनकी मंशा पर पानी फेर दिया। जो लोग दूसरों की लाशों पर राजनीतिक रोटियां संकते हैं, अब जनता उन्हें अच्छी तरह पहचान चुकी है। जो पहले संविधान की दुहाई देते थे, वही आज संविधान तोड़ने और हिंसा फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि सरकार की नीति साफ है, कानून तोड़ने वालों को बख्शा नहीं जाएगा और शांति भंग करने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी।



सेंसेक्स 80956.01
निफ्टी 24782.70



सोना रु. 116000
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 137467
प्रति किलो



# पीएम मित्र पार्क में अब तक मिले पांच हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** लखनऊ और हरदोई जिले में विकसित हो रहे पीएम मित्र पार्क में निवेश को लेकर उत्साह लगातार बढ़ रहा है। अब तक पांच हजार करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार हैंडलूम एवं टेक्सटाइल विभाग की ओर से अब तक 95 औद्योगिक इकाइयों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) साइन किए जा चुके हैं। इनमें देश-विदेश की कई बड़ी कंपनियां शामिल हैं, जो उत्तर प्रदेश को टेक्सटाइल उद्योग का नया केंद्र बनाने की दिशा में काम करेंगी।

आदित्य बिरला ग्रुप ने 30 एकड़ भूमि में स्पिनिग और वीविग यूनिट स्थापित करने की इच्छा जताई है। वहीं जीईएसएल स्पिनर्स 20 एकड़ में



टेक्निकल टेक्सटाइल यार्न यूनिट लगाने की योजना बना रहा है। इसके अलावा अजूल डेनिमकार्ट 15 एकड़ में डेनिम फैब्रिक यूनिट, एसएवीएम इंक डी 25 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग, जियोसिस इंडिया 25 एकड़ में जियोग्रिड टेक्निकल टेक्सटाइल्स और टीटी लिमिटेड 5 एकड़ में गारमेंट यूनिट लगाने जा रही हैं। इतना ही नहीं, आरजीआई मेडिटेक 2.5 एकड़ में सैनिटरी नैपकिन्स और डायपर्स यूनिट, वीडी ग्रुप 10 एकड़ में पॉलीप्रोपिलीन फैब्रिक यूनिट, माराल ओवरसीज 5 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिंग और ओखला गारमेंट एंड टेक्सटाइल क्लस्टर 125 एकड़ में गारमेंट मैन्युफैक्चरिग हब स्थापित करने की दिशा में अग्रसर है। यह महत्वाकांक्षी परियोजना कुल 1000 एकड़ भूमि पर विकसित की जा रही है, जिसमें 730 एकड़ लखनऊ जनपद और 270 एकड़ हरदोई जनपद में शामिल हैं। पार्क के निर्माण के बाद 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक निवेश आकर्षित होने की संभावना है, जिससे एक लाख से अधिक लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर प्राप्त होंगे। पार्क के संचालन एवं प्रबंधन के लिए 'पीएम मित्र पार्क उत्तर प्रदेश लिमिटेड' नाम से एक एसपीवी का गठन किया गया है। इसमें 51 प्रतिशत हिस्सेदारी उत्तर प्रदेश सरकार की और 49 प्रतिशत भारत सरकार की होगी।

## आसमान छूती कीमतों से घटी सोने की मांग

**नई दिल्ली।** इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार इस दशहरे पर सोने की मांग में भारी गिरावट देखी गई और पिछले साल इसी त्योहार के दौरान 24 टन की तुलना में बिक्री 25 प्रतिशत घटकर 18 टन रह गई। यानी कहा जा सकता है कि इस दशहरा पर लोगों का मोह सोने से भंग हो गया। मांग में आई गिरावट की मुख्य वजह सोने की आसमान छूती कीमतें भी रहीं। इतना ही नहीं दिवाली के मौके पर इसकी कीमतों में और भी इजाफा हो सकता है। मार्केट एक्सपर्ट का कहना है कि यह तेजी अभी खत्म नहीं हुई है और दिवाली से पहले ही सोने की कीमत 1.22 लाख रुपये तक पहुंच सकती है। अगर दामों के हिसाब से देखा जाए तो गोल्ड की बिक्री में लगभग 30-35 प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह कीमतों में हुए इजाफे को दर्शाती है। गुरुवार को मनाए गए दशहरे पर सोने की कीमत 1.16 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम थी। विश्लेषकों का अनुमान है कि दिवाली तक सोना 1,22,000 और चांदी 1,50,000 तक पहुंच जाएगी। केंद्रीय बैंक की नरम नीतियों, भू-राजनीतिक चिंताओं और बढ़ती मांग से इस तेजी को बल मिल रहा है।

# चावल-चीनी नरम, खाद्य तेल-दालों के दाम भी घटे, गेहूं में रहा टिकाव

**नई दिल्ली।** घरेलू थोक जिंस बाजारों में शनिवार को चावल के औसत भाव टूट गए, जबकि गेहूं की कीमतों में कमोबेश टिकाव रहा। खाद्य तेलों और दालों के दाम फिसल गए। चीनी में भी नरमी रही।

घरेलू थोक जिंस बाजारों में चावल की औसत कीमत 30 रुपए घटकर 3,811.35 रुपए प्रति क्विंटल हो गयी। गेहूं के भाव 2,865.60 रुपए प्रति क्विंटल पर लगभग स्थिर रहे। आटे की कीमत सात रुपए बढ़ी और यह 3,318.28 रुपए प्रति क्विंटल बिका। खाद्य तेलों में नरमी रही। सरसों तेल की औसत कीमत 16 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। सूरजमुखी तेल 48 रुपए और मूंगफली तेल 343 रुपए प्रति क्विंटल सस्ता हुआ। सोया



तेल की कीमत 20 रुपए और वनस्पति के दाम 49 रुपए प्रति क्विंटल टूटे। दाल-दलहनों में चना दाल की औसत कीमत 39 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। मूंग दाल की कीमत 41 रुपए और उड़द दाल की 29 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। तुअर दाल 122 रुपए और मसूर दाल 17 रुपए प्रति क्विंटल सस्ती हुई। गुड़. चीनी: मीठे के बाजार में आज गुड़ की औसत कीमत 25 रुपए प्रति क्विंटल गिर गई। चीनी का भाव भी 18 रुपए प्रति क्विंटल घटा। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7875.40 रुपए, मसूर काली 8131.11 रुपए, मूंग दाल 10069.16 रुपए, उड़द दाल 10371.83 रुपए, अरहर दाल 10419.85 रुपए प्रति क्विंटल।

अनाज : गेहूं दड़ा 2865.60 रुपए और चावल 3811.35 रुपए प्रति क्विंटल। चीनी.गुड़ : चीनी एस 4306.93 रुपए और गुड़ 4993.98 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17873.98 रुपए, मूंगफली तेल 17513.74 रुपए, सूरजमुखी तेल 15487.58 रुपए, सोया रिफाइंड 13746.94 रुपए, पाम ऑयल 12467.83 रुपए और वनस्पति 14453.45 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**मप्र के....**

को हुई थी। इसके बाद 15 दिन में किडनी फेल होने से एक-एक कर 6 बच्चों की मौत हो गई। एमपी स्टेट फूड एंड ड्रग कंट्रोलर दिनेश कुमार मौर्य ने शनिवार को बताया कि कोल्ड्रिफ सिरप में डायएथिलीन ग्लाइकॉल पाया गया, इसकी मात्रा तय मात्रा से ज्यादा थी। इसी कारण यह सिरप विषैला पाया। स्वास्थ्य मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने मध्य प्रदेश में कफ सिरप से बच्चों की मौत की खबरों के बाद छह राज्यों में कफ सिरप और एंटीबायोटिक दवाएं बनाने वाली 19 कंपनियों के प्लांट में 3 अक्टूबर से निरीक्षण शुरू किया है। इसका उद्देश्य उन खामियों की पहचान करना है जिनके कारण दवा की क्वालिटी में कमी आई है। राजस्थान में कप सिरप पीने से भरतपुर और सीकर में एक-एक मौतें सामने आई हैं। शुरुआती जांच में डीट्रोमेथार्फन हाइड्रोब्रोमाइड सिरप आईपी का नाम सामने आया। यह दवाई एक निजी फार्मा कंपनी केसंस फार्मा तैयार करती है। यहां भी बच्चों की मौत की वजह किडनी फेल होने की बात बताई गई। इसके बाद शनिवार को सरकार एक्शन में आई। राजस्थान सरकार ने केसंस फार्मा की सभी 19 प्रकार की दवाइयों पर रोक लगा दी है। राज्य के ड्रग कंट्रोलर राजाराम शर्मा को निलंबित कर दिया। इससे पहले, शर्मा ने कंपनी को जांच में क्लीन चिट दी थी। एमपी के ड्रग कंट्रोलर दिनेश मौर्या ने बताया था कि स्वास्थ्य विभाग ने दोनों कफ सिरप का प्रोडक्शन रुकवाने के लिए तमिलनाडु और हिमाचल को पत्र लिखा है। तमिलनाडु सरकार ने मप्र की ओर से पत्र मिलते ही 24 घंटे के भीतर कोल्ड्रिफ सिरप (बैच नंबर एसआर-13) का सैंपल लेकर जांच कराई। इसमें डाइएथिलीन ग्लाइकॉल(डीईजी) 48.6 फीसदी मिला, जो एक विषैला पदार्थ है। इसके तुरंत बाद पूरे तमिलनाडु में इसके उत्पादन और बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को हेल्थ एडवाइजरी जारी करके कहा कि दो साल से कम उम्र के बच्चों को कफ सिरप न दी जाएं। सरकार ने मध्य प्रदेश और राजस्थान में कफ सिरप से 11 बच्चों की मौत की खबरों के बाद एडवाइजरी जारी की है। इससे बड़े बच्चों को यदि कफ सिरप दिया जाए, तो उनका इस्तेमाल सावधानीपूर्वक किया जाना चाहिए। यानी जिस बच्चे को दवा दी जा रही है, उसे कड़ी निगरानी में रखा जाए। उसे उचित खुराक दी जाए। कम से कम समय के लिए दवा दी जाए। कई दवाओं के साथ कफ सिरप नहीं दिया जाए। डीजीएचएस की डा. सुनीता शर्मा ने यह एडवाइजरी जारी की है।

**पत्नी की बेवफाई...** भी यमुना नदी पर पहुंचकर घटना की जानकारी हासिल की। शाम तक प्राइवेट व पीएसी के करीब दर्जनभर गोताखोर दो मोटरबोट से युवक व बच्चों की तलाश में यमुना नदी में सर्च अभियान चलाए हुए थे, लेकिन कोई सफलता हाथ नहीं लगी। वहीं, एएसपी ने बताया कि कैराना निवासी सलमान नामक युवक के अपने चार बच्चों के साथ में यमुना नदी में कूदने की सूचना पुलिस-प्रशासन को मिली है। हालांकि युवक के बच्चों समेत नदी के कूदने की अभी तक कोई पुष्टि नही हो सकी है। युवक की तलाश में यमुना नदी ने सर्च अभियान चलाया जा रहा है।

**भारत छह...**

मिनट करीब 3,000 राउंड फायर कर सकता है और इसकी मारक क्षमता 4 किलोमीटर तक है। इसे एक ट्रेलर पर लगाया जाएगा,जिसे हाई-मोबिलिटी वाहन से खींचा जाएगा। यह सिस्टम ड्रोन, रॉकेट, आर्टिलरी और मोर्टार जैसे हवाई हमलों को रोकने में सक्षम होगा। इसमें ऑल-वेदर इलेक्ट्रो- ऑप्टिकल फायर कंट्रोल सिस्टम भी होगा, जो किसी भी मौसम में लक्ष्य की पहचान कर सकता है। भारतीय रक्षा अनुसंधान संगठन (डीआरडीओ) के बनाए स्वदेशी इंटीग्रेटेड एयर डिफेंस वेपन सिस्टम (आईएडी) का पहला टेस्ट कामयाब रहा था। यह टेस्ट 24 अगस्त को ओडिशा के तट पर किया गया था। आईएडी एक मल्टीलेयर एयर डिफेंस सिस्टम है। ये दुश्मन के हवाई हमले नाकाम करेगा। इसमें सभी स्वदेशी क्विक एक्शन सरफेस टू एयर मिसाइल, एडवांस्ड वैरी शार्ट एयर डिफेंस सिस्टम मिसाइलें और हाई पावर लेजर बेस्ड डायरेक्टेड एनर्जी वेपन शामिल हैं। पंजाब के आदमपुर एयरबेस से 13 मई को पीएम मोदी ने जिस एयर डिफेंस सिस्टम की तारीफ की थी, वह भारत का आकाशतीर कमांड एंड कंट्रोल सिस्टम है। ऑपरेशन सिंदूर के दौरान इसकी मदद से ही पाकिस्तान की ओर से आ रहे सैकड़ों ड्रोन, मिसाइल और राकेट को हवा में ही मार गिराया गया था। इसे भारत का आयरन डोम कहा गया है।

# चुनाव आयोग भाजपा की बी-टीम: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने मतदाता सूची पुनरीक्षण को बेवजह की कवायद बताते हुए कहा है कि चुनाव आयोग ने यह पूरा खेल भारतीय जनता पार्टी के इशारे पर किया है और आरोप लगाया है कि इस अभियान का मकसद सिर्फ भाजपा और उसके सहयोगी दलों को चुनावी फायदा पहुंचाना है।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि चुनाव आयोग ने मतदाता सूची पुनरीक्षण (एसआईआर) का पूरा खेल ही भाजपा के इशारे पर रचा है। अंतिम एसआईआर में निर्वाचन आयोग के सुधार के दावे भी गलत साबित हो रहे हैं। बिहार के सभी इलाकों से ऐसी खबरें आ रही हैं, जो इस बात की पुष्टि करती हैं कि पूरी प्रक्रिया का मकसद भाजपा तथा उसके मित्र दलों को राजनीतिक लाभ पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण प्रक्रिया के बाद अंतिम सूची में भी तमाम गड़बड़ियों के मामले बताते हैं कि चुनाव आयोग को उच्चतम न्यायालय के स्पष्ट आदेशों की भी कोई परवाह नहीं है। भाजपा की बी टीम के रूप में काम कर रहा चुनाव आयोग पूरी तरह से अनैतिक काम करने पर उतर चुका है। उन्होंने सवाल किया कि क्या मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इसका जवाब देंगे कि एक घर में 247 मतदाता कैसे पाए गए और एक व्यक्ति का नाम एक ही बूथ पर तीन-तीन जगह क्यों है। अंतिम मतदाता सूची में इतनी बड़ी गड़बड़ियां कैसे सामने आ रही हैं।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# 50वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबाल चैंपियनशिप का आगाज़

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को परेड ग्राउंड, देहरादून में 50वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। 10 अक्टूबर तक चलने वाली इस प्रतियोगिता में देश के 28 राज्यों से 54 टीमों के लगभग एक हजार से अधिक खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं उत्तराखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन को इस आयोजन के लिए बधाई दी।



मुख्यमंत्री ने कहा कि पहली बार देवभूमि उत्तराखंड में सब-जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चौंपियनशिप का आयोजन हो रहा है, जो राज्य के लिए गौरवपूर्ण एवं ऐतिहासिक अवसर है। उन्होंने कहा कि खेल केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण, धैर्य, अनुशासन व टीम भावना भी सिखाता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खेलो इंडिया एवं फिट इंडिया मूवमेंट जैसी पहलों से देश में खेलों के प्रति नई जागरूकता आयी है और भारत खेल के क्षेत्र में नई ऊँचाइयों को स्पर्श कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 38वें राष्ट्रीय खेलों के सफल आयोजन के बाद उत्तराखंड तेजी से खेलभूमि के रूप में अग्रसर है। राज्य में 517 करोड़ रुपये की लागत से विश्वस्तरीय खेल

■ प्रतियोगिता में देश के 28 राज्यों से 54 टीमों के एक हजार से ज्यादा खिलाड़ी कर रहे प्रतिभाग, सीएम ने दी आयोजन के लिए बधाई

अवसंरचना विकसित की जा रही है। शीघ्र ही आठ प्रमुख शहरों में 23 खेल अकादमियों के साथ स्पोर्ट्स लेगेसी प्लान लागू किया जाएगा तथा हल्द्वानी में प्रथम खेल विश्वविद्यालय और लोहाघाट में महिला स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना की जा रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 'नई खेल नीति' के तहत राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय पदक विजेताओं को आउट ऑफ टर्न सरकारी नौकरी, 'खिलाड़ी प्रोत्साहन योजना', खेल किट, राज्य स्तरीय पुरस्कार तथा 4 प्रतिशत खेल कोटा की बहाली जैसे अनेक कदम खिलाड़ियों के हित में उठाए गए हैं। हाल ही में राष्ट्रीय खेल दिवस पर उत्कृष्ट खिलाड़ियों को 50-50 लाख रुपये की सम्मान राशि भी दी गई है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने देहरादून में बास्केटबॉल खिलाड़ियों के प्रशिक्षण (बास्केटबॉल प्रशिक्षण अकादमी) के लिए जिलाधिकारी देहरादून को भूमि चिन्हित करने तथा हल्द्वानी में निर्माणाधीन खेल विश्वविद्यालय के पास बास्केटबॉल प्रशिक्षण अकादमी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर विधायक खजान दास, अध्यक्ष उत्तराखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन सुशील कुमार, महासचिव बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया कुलविंदर सिंह गिल, उपाध्यक्ष उत्तराखंड बास्केटबॉल एसोसिएशन आदित्य चौहान, मंदीप सिंह ग्रेवाल एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# एडीओ पंचायत पर प्रधानों का आक्रोश पनपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** चकराता विकासखंड में राज्य वित्त एवं 15वें वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि के उपयोग में देरी को लेकर ग्राम प्रधानों में गहरा असंतोष उभर कर सामने आया है। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि प्रदेश के अन्य विकासखंडों में यह प्रक्रिया 15 दिनों के भीतर पूरी कर दी गई थी, लेकिन चकराता ब्लॉक में अब तक कार्य आरंभ न होने से गांवों का विकास अटका पड़ा है।

ग्राम पंचायत डेरियों के प्रधान एवं प्रेक्षक सुरेंद्र सिंह चौहान तथा डेरसा ग्राम पंचायत के प्रधान सुरेश चौहान ने बताया कि तीन महीने से अधिक समय बीत जाने के बाद भी डीएसी (डिस्ट्रिक्ट अलॉटमेंट कमेटी) का गठन नहीं किया गया। इसके चलते

**चकराता ब्लॉक के गांवों का विकास कार्य ठप**

योजनाओं पर अमल संभव नहीं हो पा रहा। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र ही कार्रवाई नहीं की गई तो सभी प्रधान संयुक्त रूप से आंदोलन शुरू करेंगे। प्रधानों ने निर्णय लिया है कि सोमवार तक स्थिति स्पष्ट न होने पर वे देहरादून पहुंचकर पंचायत राज निदेशालय का घेराव करेंगे। इस संबंध में निदेशक निधि यादव से उनकी फोन पर बातचीत भी हुई है, जिन्होंने प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात का आश्वासन दिया है। प्रधानों का कहना है कि समय पर प्रक्रियाएं पूरी न होने से शासन द्वारा भेजी गई धनराशि का सदुपयोग नहीं हो पा रहा। ब्लॉक की लगातार उपेक्षा अस्वीकार्य है और यदि प्रशासन ने उदासीन रवैया बरकरार रखा तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। एडीओ पंचायत चकराता बाल स्वरूप ने प्रधानों की नाराजगी पर सफाई देते हुए कहा कि अभी तक कई प्रधानों ने अपने पूर्व प्रधानों से विधिवत चार्ज नहीं लिया है। पूर्व प्रधान प्रशासक के रूप में कार्य कर रहे थे। ऐसे में जब तक चार्ज लेने की प्रक्रिया पूरी नहीं होती, तब तक विकास योजनाओं का संचालन संभव नहीं है। उन्होंने दावा किया कि विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई कर ली गई है और जैसे ही प्रधान चार्ज ग्रहण करेंगे, विकास कार्यों को आगे बढ़ाया जाएगा।

# नियुक्तियों व तबादले को लेकर फैलाई जा रही अफवाहें निराधार: डॉ. सती

■ प्रधानाचार्य भर्ती परीक्षा राज्य लोक सेवा आयोग के माध्यम से होगी आयोजित, उच्च न्यायालय में विचाराधीन है सहायक अध्यापक (एलटी) की नियुक्तियां संबंधी वाद

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. मुकुल कुमार सती ने स्पष्ट किया है कि शिक्षा विभाग की नियुक्ति एवं स्थानान्तरण संबंधी प्रक्रियाओं को लेकर सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर फैलायी जा रही अफवाहें पूरी तरह निराधार, भ्रामक एवं असत्य हैं। डॉ. सती ने बताया कि उत्तराखण्ड राज्य शैक्षिक (अध्यापन संवर्ग) राजपत्रित सेवा नियमावली 2022 के अंतर्गत राजकीय इंटर कालेजों में प्रधानाचार्य के 692 पदों (50 प्रतिशत) को उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग, हरिद्वार के माध्यम से सीमित विभागीय परीक्षा द्वारा भरा जाना है। इस संबंध में आयोग द्वारा विज्ञप्ति प्रकाशित की जा चुकी है।

उन्होंने स्पष्ट किया कि परीक्षा की तिथि निर्धारित की गयी है, किन्तु परीक्षा अभी सम्पन्न नहीं हुई है। उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग अपनी सभी परीक्षाओं का संचालन पूर्णत: पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से करता है और उसकी परीक्षा प्रणाली विश्वसनीयता एवं न्यायपूर्ण मूल्यांकन के लिए जानी जाती है। इसीलिए नियुक्ति में टोकन मनी/पैसे के लेन-देन जैसी बातें पूरी तरह निराधार हैं। स्थानान्तरण को लेकर उन्होंने बताया कि विद्यालयों के कोटीकरण (सुगम/दुर्गम) संबंधी प्रकरण मा. उच्च न्यायालय नैनीताल में विचाराधीन होने के कारण शैक्षिक सत्र 2025-26 में वार्षिक स्थानान्तरण अधिनियम-2017 के अंतर्गत कोई स्थानान्तरण आदेश निर्गत नहीं किये गये हैं। इसके बावजूद सोशल मीडिया पर भ्रामक बातें फैलायी जा रही हैं, जो विभाग की छवि को नुकसान पहुँचाने का प्रयास है। सहायक अध्यापक (एलटी) पदों पर चयन प्रक्रिया के संबंध में डॉ. सती ने बताया कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ चयन आयोग द्वारा 1352 पदों पर चयन कार्यवाही सम्पन्न की गयी है। लेकिन कुछ अभ्यर्थियों द्वारा मा. उच्च न्यायालय में वाद दायर करने के कारण नियुक्ति की प्रक्रिया बाधित है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सहायक अध्यापक (एलटी) के नियुक्ति अधिकारी संबंधित मण्डलों के अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) हैं। अंत में माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने चेतावनी दी कि नियुक्ति एवं स्थानान्तरण से जुड़ी असत्य एवं मिथ्यापूर्ण अफवाहें कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा विभाग की छवि धूमिल करने के उद्देश्य से फैलाई जा रही हैं।

# एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम पर शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण

**चकराता।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सहिया में शनिवार को एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। इसमें विकासखंड चकराता के समस्त सरकारी, सहायता प्राप्त एवं मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्य, प्रधानाध्यापक तथा नोडल शिक्षक शामिल हुए। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने एनीमिया मुक्त भारत अभियान के उद्देश्य, महत्व और इसके तहत मिलने वाले आयरन-फोलिक एसिड (आईएफए) की गोलियों के लाभों की जानकारी दी। शिक्षकों को बताया गया कि प्रत्येक सोमवार को विद्यालयों में विद्यार्थियों को नियमित रूप से आयरन-फोलिक एसिड की गोली दी जानी चाहिए, जिससे बच्चों के शारीरिक व मानसिक विकास में सुधार हो सके। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के संबंध में भी विस्तृत जानकारी साझा की गई।

प्रशिक्षण का संचालन एविडेंस एक्शन से अनीश कुमार एवं राष्ट्रीय किशोर स्वास्थ्य कार्यक्रम के काउंसलर बालवीर रावत ने किया। इस अवसर पर चिकित्सा अधीक्षक डॉ. विक्रम तोमर ने सभी प्रतिभागियों को विद्यालयों में आयरन-फोलिक एसिड की गोलियां एवं कृमिनाशक दवा एल्बेंडाजोल विद्यार्थियों को नियमित रूप से खिलाने के लिए प्रेरित किया।

# प्रदेश में मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड की धामी सरकार ने बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रदेशभर में प्रतिबंधित कफ सिरप और औषधियों के खिलाफ सख्त अभियान शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी व स्वास्थ्य मंत्री डॉ धन सिंह रावत के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) की संयुक्त टीमें प्रदेश के सभी जिलों में मेडिकल स्टोर्स, थोक विक्रेताओं और अस्पतालों की औषधि दुकानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी कर रही हैं।

यह अभियान हाल ही में राजस्थान और मध्य प्रदेश में खांसी की दवा (कफ सिरप) के सेवन से बच्चों की मौत की घटनाओं के बाद शुरू किया गया है। उत्तराखंड सरकार ने इसे जनस्वास्थ्य से जुड़ा गंभीर मामला मानते हुए तत्परता से कार्रवाई प्रारंभ की है। प्रदेश में इस आदेश के बाद अपर आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन एवं ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी के नेतृत्व में राज्यभर में युद्धस्तर पर छापेमारी की जा रही है। स्वयं अपर आयुक्त ने देहरादून के जोगीवाला, मोहकमपुर समेत कई क्षेत्रों में औषधि दुकानों का निरीक्षण किया। सभी जिलों में औषधि निरीक्षकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे इस माह के भीतर सरकारी अस्पतालों, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और खुदरा



■ मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर प्रतिबंधित कफ सिरप पर एफडीए की सख्त कार्रवाई, केंद्र की एडवाइजरी लागू, सरकार की डॉक्टरों से अपील, बच्चों को प्रतिबंधित कफ सिरप न लिखें डॉक्टर

## केंद्र की एडवाइजरी पर तत्काल कार्रवाई

स्वास्थ्य सचिव एवं आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) डॉ. आर. राजेश कुमार ने सभी मुख्य चिकित्साधिकारियों को आदेश जारी करते हुए कहा कि भारत सरकार की एडवाइजरी को प्रदेश में तत्काल प्रभाव से लागू कराया जाए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य से बड़ा कोई विषय नहीं हो सकता। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि औषधि निरीक्षक चरणबद्ध तरीके से कफ सिरपों के नमूने एकत्र करें और उनकी गुणवत्ता की प्रयोगशाला जांच कराएं, ताकि किसी भी दोषपूर्ण या हानिकारक दवा को बाजार से तत्काल हटाया जा सके।

दुकानों से सिरपों के नमूने लेकर प्रयोगशाला परीक्षण करवाएँ। ताजबर सिंह जग्गी ने कहा कि एफ.डी.ए. की टीमें प्रदेशभर में सक्रिय हैं। यदि किसी भी स्तर पर दोष पाया गया तो संबंधित कंपनी या विक्रेता के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ड्रग कंट्रोलर ताजबर सिंह जग्गी ने जनता से अपील की है कि वे बच्चों को कोई भी दवा देने से पहले डॉक्टर की सलाह अवश्य लें। यदि किसी दवा के सेवन से कोई प्रतिकूल प्रभाव दिखाई दे तो तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र या अस्पताल से संपर्क करें।

## बच्चों के लिए प्रतिबंधित सिरप न लिखें डॉक्टर: डॉ राजेश

डॉ. आर. राजेश कुमार ने प्रदेश के सभी चिकित्सकों से आग्रह किया है कि केंद्र सरकार की एडवाइजरी का संज्ञान लेते हुए वे बच्चों के लिए प्रतिबंधित कफ सिरप न लिखें। डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा यदि चिकित्सक इन सिरपों को लिखेंगे तो मेडिकल स्टोर भी उन्हें बेचेंगे। इसलिए जरूरी है कि डॉक्टर स्वयं भी जिम्मेदारी दिखाएं और प्रतिबंधित दवाओं से परहेज करें।

## बच्चों की सुरक्षा और जनता के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं: सीएम धामी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और जनता के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि प्रदेश में बिकने वाली हर दवा सुरक्षित और मानक गुणवत्ता वाली हो। जनस्वास्थ्य हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है, और बच्चों की सुरक्षा पर किसी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने आगे कहा कि सरकार प्रदेश में औषधि गुणवत्ता निगरानी प्रणाली को और सुदृढ़ करने की दिशा में भी काम कर रही है।

## बच्चों की दवा में लापरवाही अस्वीकार्य: डॉ. रावत

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने कहा राज्य सरकार केंद्र की एडवाइजरी का पूरी गंभीरता से पालन कर रही है। बच्चों की दवाओं से जुड़ी किसी भी लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सभी चिकित्सकों और औषधि विक्रेताओं को निर्देश दिए गए हैं कि वे प्रतिबंधित सिरप को न लिखें और न बेचें। यह कदम बच्चों की सुरक्षा और जनस्वास्थ्य को सुरक्षित रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है।

# लैंसडाउन पहुंचे सैनिक कल्याण मंत्री जोशी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**लैंसडाउन।** सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी शनिवार को लैंसडाउन पहुंचे, जहां उन्होंने आगामी 05 अक्टूबर को आयोजित होने वाले शहीद सम्मान समारोह की तैयारियों का जायजा लिया। इस सम्मान समारोह में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।

लैंसडाउन के परेड मैदान में हेलीकॉप्टर से उतरने के बाद सैनिक कल्याण मंत्री मंत्री गणेश जोशी सीधे कार्यक्रम स्थल पहुंचे और वहां शहीद सम्मान समारोह की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि समारोह की सभी तैयारियां समय पर और गरिमामय तरीके से पूरी की जाएं।



मंत्री जोशी ने कहा कि लैंसडाउन उनकी कर्मभूमि रही है और यहां आकर उन्हें हमेशा गर्व महसूस होता है। उन्होंने बताया कि 13 नवम्बर 1976 को उन्होंने यहीं से एक राइफलमैन के रूप में भारतीय सेना में भर्ती होकर देशसेवा का संकल्प लिया था। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा शहीद सम्मान समारोह को लैंसडाउन में आयोजित किए जाने की सहमति देना सैनिकों और उनके परिजनों के प्रति राज्य सरकार की संवेदनशीलता को दर्शाता है। इस अवसर पर बीजेपी जिलाध्यक्ष राज गौरव नौटियाल, सैनिक कल्याण विभाग के निदेशक ब्रिगेडियर अमृतलाल, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल वीरेंद्र प्रसाद भट्ट, उप जिलाधिकारी शालिनी मौर्य सहित सेना एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे।

■ 05 अक्टूबर को लैंसडाउन में आयोजित होगा शहीद सम्मान समारोह, मुख्यमंत्री धामी कार्यक्रम में होंगे शामिल

## लैंसडाउन छावनी परिषद का किया भ्रमण

सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को लैंसडाउन छावनी परिषद का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने आर्मी मैस का भी निरीक्षण किया और जवानों के साथ चाय पर चर्चा करते हुए अपने सैन्य जीवन के अनुभव साझा किए। जोशी ने जवानों की सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा में सैनिकों की भूमिका सर्वोपरि है।

# महिलाओं को पोषण के प्रति किया जागरूक

**चकराता।** आंगनवाड़ी केंद्र जाडी व मुंगाड़ में शनिवार को पोषण माह के अवसर पर जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बाल विकास परियोजना अधिकारी नीलम जसवाल ने किया। इस अवसर पर सुपरवाइजर कमला देवी तथा आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियां अनिता चौहान, निशा, रेखा व सहायिका सुंदला देवी ने ग्रामीणों को पोषण से संबंधित जानकारियां दीं। उपस्थित महिलाओं को मोटे अनाजों के सेवन के लाभों के साथ-साथ विभागीय योजनाओं कृप्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना और नंदा गौरा योजनाकृकी विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान महावीर सिंह तथा बीडीसी सदस्य मेहंदू सिंह ने की। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने भाग लेकर पोषण के महत्व पर उपयोगी जानकारी प्राप्त की।

# आपदा प्राकृतिक त्रासदी नहीं, अनियंत्रित अवैज्ञानिक खनन का दुष्परिणाम: हरीश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड में हाल ही में आई भीषण प्राकृतिक आपदाओं में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति के लिए शनिवार को राजेंद्र नगर से किशन नगर चौक तक कैंडल मार्च निकाला गया। इस श्रद्धांजलि मार्च का आयोजन युवा कांग्रेस के रितेश छेत्री एवं उनके सहयोगियों ने किया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों, युवाओं एवं समाजसेवियों ने भाग लिया।

■ आपदाओं में दिवंगत हुए लोगों की आत्मा की शांति को कांग्रेस ने निकाला कैंडल मार्च

कार्यक्रम में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत व पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने भी सम्मिलित होकर दिवंगत आत्माओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान हरीश रावत ने कहा कि यह आपदा केवल एक प्राकृतिक त्रासदी नहीं, बल्कि सरकार की लापरवाही और अनियंत्रित अवैज्ञानिक खनन का दुष्परिणाम है। गणेश गोदियाल ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्रों में चल रहे खनन एवं अवैध खनन पर तत्काल प्रभाव से रोक लगाई जाए।

आपदा में बेघर हुए स्थानीय निवासियों के पुनर्वास एवं पुनर्निर्माण के लिए ठोस एवं संवेदनशील नीति बनाई जाए। रितेश छेत्री ने कहा कि आपदा पीड़ितों को उनके नुकसान के अनुरूप पर्याप्त एवं तर्कसंगत आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। श्रद्धांजलि सभा के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने मोमबत्तियाँ जलाकर मौन रखकर आपदा में मृतकों के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं तथा उत्तराखंड के पुनर्निर्माण में सामूहिक सहयोग का संकल्प लिया। कैंडल मार्च में मुख्य रूप से पूर्व सदस्य लोक सेवा आयोग संजय शर्मा, आनंद रावत, मुख्य प्रवक्ता गरिमा मेहरा दसौनी, पार्षद कोमल बोरा, संगीता गुप्ता, सुमित्रा ध्यानी, राजेश चमोली, उपेंद्र थापली, विनीत प्रसाद भट्ट, पीयूष जोशी, ऋषभ, प्रियांशु धामी, वंश सूद, मयंक नेगी, अनुराग गुप्ता, हिमांशु रावत, मोहन काला, सुलेमान अली व ऋतिक आदि मौजूद रहे।

# भ्रष्टाचार व बेरोजगारी के मुद्दे पर गरजे माहरा

■ वैन फाइंडर मशीनों की खरीद में व्यापक घोटाला का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने प्रदेश सरकार पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हर मोर्चे पर विफल साबित हुई है और सरकार आकंठ भ्रष्टाचार में डूबी हुई है।

करन माहरा ने शनिवार को राजीव भवन में आयोजित प्रेस वार्ता में आरोप लगाया कि स्वास्थ्य विभाग में करोड़ों रुपये की मशीनें धूल फांक रही हैं और मरीजों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। उन्होंने कहा कि वैन फाइंडर मशीनों की



खरीद में व्यापक घोटाला हुआ है और इस मशीन को जांचने की प्रक्रिया शुरू की गई तो वह जांच में फेल हो गई। इसके बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने इसे पास कर दिया।

## सीबीआई जांच की मांग

करन माहरा ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सीबीआई जांच की जरूरत है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने भर्तियों में भी बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार किया है और इस पर श्वेत पत्र जारी करना होगा।

## अग्निवीर योजना को समाप्त करने की मांग

करन माहरा ने कहा कि अग्निवीर योजना को समाप्त करने और सैनिक भर्तियों को पूर्व की भांति शुरू करने की मांग को लेकर पूर्व सैनिक विभाग के अध्यक्ष कर्नल राम रत्न सिंह नेगी के नेतृत्व में रथयात्रा निकाली गई है। यह रथयात्रा पूरे प्रदेश में जागरूकता फैलाएगी। माहरा ने कहा कि अगर सरकार ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर जवाब नहीं दिया तो कांग्रेस पार्टी प्रदेश भर में व्यापक स्तर पर आंदोलन करेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ सड़कों पर उतरेगी।

# ड्रीमर्स एडूहब के 710 से अधिक छात्रों ने मारी बाजी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** शिक्षा नगरी देहरादून एक बार फिर देश के सैन्य शिक्षा केंद्र के रूप में अपनी धाक जमा चुका है। संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा राष्ट्रीय रक्षा अकादमी और नौसेना अकादमी (एनडीए/एनए) 2025 की लिखित परीक्षा परिणाम में ड्रीमर्स एड्यू हब ने एक ऐतिहासिक कीर्तिमान स्थापित किया है। संस्थान ने घोषणा की है कि इस वर्ष उसके 710 से अधिक छात्र लिखित परीक्षा में सफल हुए हैं। यह संस्थान के इतिहास का अब तक का सबसे बड़ा एक-सत्रीय परिणाम है।

जिसने पिछले 535 चयनित छात्रों के सर्वोच्च रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। 14 सितंबर को आयोजित हुई इस परीक्षा के शानदार नतीजों ने दून डिफेंस ड्रीमर को एक बार फिर शसैन्य शिक्षा केंद्रश देहरादून का सरताज बना दिया है।

**सफलता का मंत्र:** अनुशासन और नेतृत्व पर केंद्रित प्रशिक्षण संस्थान के निदेशक हरिओम चौधरी ने इस सफलता का श्रेय अनुशासित तैयारी, साप्ताहिक अभ्यास परीक्षा और सेवा चयन बोर्ड (एसएसबी) केंद्रित प्रशिक्षण को दिया। उन्होंने कहा कि दून डिफेंस ड्रीमर्स ने छात्रों को केवल लिखित परीक्षा तक सीमित न रखकर उन्हें नेतृत्व, आत्मविश्वास और अधिकारी-समान गुणों पर केंद्रित ग्रूमिंग दी। संस्थापक चौधरी ने कहा कि यह उपलब्धि छात्रों के परिश्रम और टीम की अथक मेहनत का परिणाम है, जिसके लिए अध्यापन दल ने 15 से 20 रात्रि कक्षाएं तक लीं।

## लड़कियों को भी मिल रहे समान अवसर

वर्ष 2014 में स्थापित, दून डिफेंस ड्रीमर्स मे लड़कों के साथ-साथ लड़कियों को भी उत्कृष्ट प्रशिक्षण उपलब्ध करा रहा है। हाल ही में एनडीए-155 एसएसबी बैच में संस्थान की 6 महिला कैडेट सहित कुल 35 छात्रों ने सिफारिश प्राप्त की। सह-संस्थापिका अंकिता तनेजा ने सभी सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि सही मार्गदर्शन और अनुशासन से कोई भी सपना असंभव नहीं। संस्थान ने लिखित परीक्षा में सफल सभी छात्रों के लिए नि:शुल्क सेवा चयन बोर्ड बैच की भी घोषणा की है, ताकि अधिकतम सिफारिशों में सफलता को बदला जा सके।

# किसानों को प्लेटफार्म उपलब्ध करा रही सरकार

## प्रभारी मंत्री डा. धन सिंह रावत ने सहकारिता मेले में की शिरकत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के उपलक्ष्य में अल्मोड़ा के सिम. कनी मैदान में आयोजित सहकारिता मेले में शनिवार को प्रदेश के कैबिनेट एवं जनपद के प्रभारी मंत्री डा. धन सिंह रावत ने प्रतिभाग किया। इस दौरान उन्होंने सहकारिता के क्षेत्र में राज्य की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला तथा सहकारिता की अनिवार्यता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2025 को अन्तर्राष्ट्रीय सहकारिता वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। कहा कि उत्तराखण्ड के 13 जिलों में सहकारिता मेले लगाये जा रहे हैं इसकी शुरूआत जनपद अल्मोड़ा से की गई है तथा देहरादून में दिसम्बर माह में इसका समापन होगा। कहा कि इन सहकारिता मेलों के तीन लक्ष्य रखे गये है पहला लक्ष्य है काश्तकारों




को बाजार उपलब्ध कराना, दूसरा लक्ष्य है तीन लाख लखपति दीदीयों को तैयार करना तथा तीसरा लक्ष्य है मिलेट्स मिशन के अन्तर्गत मंडुवा, झिंगोरा, धान, बाजारा आदि अनाजों को वैश्विक पहचान दिलाना। हर जिले के उत्पादों की ब्रांडिंग करके पूरे भारत व विश्व में भेजा जायेगा। सहकारिता के माध्यम से सरकार काश्तकारों को एक बड़ा प्लेटफार्म उपलब्ध करा रही है। उन्होंने कहा कि इन सहकारिता मेलों में किसान गोष्ठियां भी आयोजित की जायेंगी, जिसमें काश्तकारों की समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। इस दौरान कैबिनेट मंत्री ने जिला सहकारी बैंक के माध्यम से लाभार्थी व्यक्तियों को ऋण के चेक भी वितरित किए तथा दुग्ध उत्पादन में बेहतर कार्य करने वाले प्रगतिशील काश्तकारों को सम्मानित भी किया। इस दौरान उन्होंने सहकारिता विभाग के माध्यम से प्रकाशित सहकारिता पुस्तक का विमोचन भी किया। कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत ने पशुपालन विभाग के सौजन्य से वृहद टीकाकरण अभियान के तहत टीकाकरण वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह टीकाकरण वाहन गांव गांव जाकर पशुओं के टीकाकरण का कार्य करेगी। यहां विधायक रानीखेत डा. प्रमोद नैनवाल, दर्जा प्राप्त मंत्री गंगा बिष्ट, महेश्वर मेहरा, पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष रघुनाथ सिंह चौहान, मेयर अजय वर्मा, डीएम आलोक कुमार पांडेय, सीडीओ रामजी शरण शर्मा, ब्लॉक प्रमुख हवालबाग हिमानी कुंडू सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कार्यों की गुणवत्ता के साथ समझौता न करें: डा. रावत

कैबिनेट तथा जनपद प्रभारी मंत्री डा. धन सिंह रावत ने जिला कार्यालय सभागार में जिला व राज्य योजना तथा विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनपद के विकास के लिए जो धनराशि अवमुक्त को गई है, उसका उपयोग जनोपयोगी कार्यो में किया जाए। कहा कि कार्यो की गुणवत्ता के साथ समझौता न करें बल्कि कार्यो को गुणवत्ता तथा समय सीमा के तहत निष्पादित करें। सड़क संबंधी अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के दौरान प्रभावित मार्गो तथा खड्ढों को सही किया जाए। गड्ढा मरम्मत का कार्य प्राथमिकता तथा गुणवत्ता के साथ करें। उन्होंने निर्देश दिए कि आपदा के दौरान जो भी नुकसान जनपद को हुआ है, उसमें मूवावजे इत्यादि की धनराशि को शीघ्र प्रभावितों को दिया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि अवमुक्त राशि को जल्द से जल्द खर्च करें तथा लोगों को उसका लाभ दिया जाए।

## एक नजर

### गुलदार का आतंक, बछड़े को बनाया शिकार

**कालाढूंगी।** चकलुआ और आसपास के जंगल से सटे इलाकों में गुलदार का आतंक लगातार बना हुआ है। शनिवार सुबह ग्रामसभा बिदरामपुर में एक गाय के बछड़े को गुलदार ने हमला कर मार डाला। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पानी वाला निवासी लाल सिंह का बछड़ा गौशाला में बंद था। सुबह के समय गुलदार वहां घुस आया और बछड़े पर हमला कर दिया। गुलदार ने बछड़े का पिछला हिस्सा खा लिया, जिससे उसकी तड़प-तड़पकर मौत हो गई। घटना की सूचना पीड़ित परिवार ने रुद्रपुर तराई वन प्रभाग के गदगदिया रेंज कार्यालय को दी। ग्रामीणों का कहना है कि जंगल से सटे गांवों में गुलदार समेत अन्य जंगली जानवरों का खतरा दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव के चारों ओर तारबाड़ लगाने की मांग की है। बताया गया कि पूर्व में भी सांसद अजय भट्ट से इस विषय पर गुहार लगाई जा चुकी है। साथ ही पीड़ित परिवार और ग्रामीणों ने मवेशी के नुकसान पर मुआवजे की मांग की है।

### नशे से दूर रहने का दिया संदेश

**बागेश्वर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में शनिवार को नशा मुक्ति को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई। रैली नुमाइश खेत मैदान से शुरू होकर डिग्री कॉलेज होते हुए इडोर स्टेडियम तक पहुंची। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राधिकरण की सचिव अनीता कुमारी ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली में एनसीसी कैडेट्स, स्कूली छात्र-छात्राएं और बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। रैली का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्परिणामों से जागरूक करना और नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था। सचिव अनीता कुमारी ने कहा कि नशा मुक्त समाज के लिए हर नागरिक को सजग होकर कदम उठाना होगा, खासकर युवाओं को जागरूक रहना जरूरी है। कैडेट्स और छात्रों ने भी नशा विरोधी संदेश देते हुए स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जीने का संकल्प लिया।

### ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण

**बागेश्वर।** अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल ने शनिवार को राजनी. तिक दलों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम व वीवीपैट मशीनें डबल लॉक में सुरक्षित पाई गई। अपर जिलाधिकारी ने वेयर हाउस में विद्युत व्यवस्था, सीसीटीवी कंट्रोल रूम, साफ सफाई और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश देते कार्यों के प्रति संवेदनशील रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र प्रसाद देवली, तहसीलदार दलीप सिंह, बीजेपी के प्रतिनिधि जगदीश जोशी आदि मौजूद रहे।

### दोषियों पर एनएसए लगाने की मांग

**काशीपुर।** धर्मयात्रा महासंघ के राष्ट्रीय महामंत्री कृष्ण कुमार अग्रवाल एडवोकेट ने कहा कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम, माता जानकी व भैया लक्ष्मण का पुतला फूंकने व अभद्र भाषा का प्रयोग, सभी राम भक्तों के हृदय पर भारी आघात है। कोई भी हिंदू राम भक्त अपने आराध्य प्रभु श्री राम, जो जन्म से लेकर जीवन के अंत तक पूजनीय हैं, उनके किसी भी प्रकार से किए गए अपमान को बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की राजधानी चेन्नई में पुलिस की मौजूदगी में टीडीपी के कार्यकर्ताओं द्वारा किया गए यह कुकृत्य सनातन विरोधी होने के साथ-साथ मानवता विरोधी व धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाला है। धर्मयात्रा महासंघ टीडीपी के कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए इस कृत्य की कड़ी निदा करते हुए केंद्र में सत्तारूढ़ मोदी सरकार से आग्रह करता है कि दोषियों पर एनएसए लगाई जाए।

### करवाचौथ व दीपावली प्रदर्शनी उमंग 9 को

**काशीपुर।** भारत विकास परिषद द्वारा रामनगर रोड स्थित श्री रामलीला ग्राउंड में करवाचौथ एवं दीपावली प्रदर्शनी उमंग का आयोजन आगामी वृहस्पतिवार, 9 अक्टूबर को प्रात: 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक किया जाएगा। भारत विकास परिषद के सचिव एडवोकेट प्रखर अग्रवाल ने बताया कि वर्ष 2021 में इस प्रदर्शनी का आयोजन उमंग के रूप में पहली बार किया गया था। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी में काशीपुर समेत विभिन्न शहरों जैसे-फिरोजाबाद, आगरा, नोएडा, दिल्ली, बरेली व मुरादाबाद के लोगों द्वारा होम डेकॉर, फूड स्टाल, चूड़ियां, कपड़े, आर्टिफिशियल ज्वेलरी, हैंडलूम, इत्र व लेडीज सेंडिल आदि अनेक प्रकार के स्टॉल लगाए जाते हैं। वहीं, कोषाध्यक्ष निकुंज अग्रवाल ने बताया कि भारत विकास परिषद समय-समय पर विभिन्न सामाजिक कार्य करता रहता है, जैसे-आर्थिक रूप से कमजोर कन्याओं का सामूहिक विवाह, ब्लड डोनेशन कैम्प, स्कूलों में बच्चों के लिए झूले, होली मिलन मेला, एनजीओ की छात्र-छात्राओं को समय-समय पर स्वावलंबी बनाने की योजनाएं, भारत को जानो राष्ट्रीय प्रतियोगिता आदि।

### 19 प्रकरणों में लिए गए अहम फैसले

**नैनीताल।** कुविवि के कुल सचिव डा. एमएस मंद्रवाल ने बताया कि शनिवार को विवि से जुड़े परिसर, संस्थान व डिग्री कालेजों के लंबित प्रकरणों के निस्तारण हेतु परीक्षा समिति की बैठक हुई। उन्होंने बताया कि बैठक में 19 प्रकरणों पर विस्तार से फैसले लिए गए। बताया कि जिसमें मुख्य रूप से विवि से जुड़े दोनों परिसरों में परीक्षा प्रभारियों की तैनाती किए जाने, सूचना अधिकार के नियमों में विवि नियमानुसार संशोधन/समीक्षा किए जाने तथा अनुचित साधन प्रयोग नियमावली की समीक्षा के लिए विभिन्न समितियों के गठन किए जाने पर सहमति बनी।

### घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में दर्जनभर पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** घर में घुसकर मारपीट करने के आरोप में पुलिस ने दो अज्ञात समेत दर्जन भर व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। रामजीवनपुर गोपीपुरा निवासी भृगुनाथ पुत्र रामवतार ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 27 सितंबर 2025 को रात करीब 9 बजे वह अपने घर पर था कि तभी मेरे घर अब्दुल करीम पुत्र कादिर मियां व उसके पुत्र आरिफ, नासिर, नाजिर पुत्र अब्दुल करीम निवासी रामजीवनपुर व उनके साथी महबूब, सलमान पुत्र महबूब, और उनके साथ 2 अज्ञात लोग व सद्दाम पुत्र स्व. अब्दुला व शहनाज व सरीना पुत्री अब्दुल करीम व अब्दुल करीम का दामाद शहादत अली व सैतुन पत्नि स्व. शाकिर निवासी उपरोक्त आये और आते ही सभी ने मेरे व परिवार के लोगों के साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। मेरे सिर और हाथ की दो अंगुलियों में चोट आई, जबकि मेरे छोटे भाई संजय के सिर में चोट आई व हाथ में ैक्चर हो गया। बेटे हेमन्त के हाथ में तथा मां मालती के सिर व हाथ में चोट आई। भतीजे नितिन को भी चोट पहुंची। मारपीट के बाद हम सरकारी हॉस्पिटल गये, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद हल्द्वानी सुशीला तिवारी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। पीड़ित ने तहरीर में पुलिस को बताया कि उक्त सभी मुस्लिम लोग चुनाव से ही उससे व उसके परिवार से रंजिश रखते हैं। इसके चलते 27 सितंबर 2025 को इन लोगों ने सोची समझी साजिश के तहत मारपीट की और हम सभी को जान से मारने की धमकी देते हुए कहा कि हम तुझे और तेरे परिवार को जिन्दा नहीं छोड़ेंगे। पीड़ित ने उक्त लोगों से जान माल का खतरा बताते हुए पुलिस से सुरक्षा की गुहार लगाई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

# बाल वैज्ञानिकों ने दिखाई प्रतिभा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** चतुर्थ सीमांत पर्वतीय जनपद बाल विज्ञान महोत्सव का आयोजन स्थानीय विक्टर मोहन जोशी स्मारक राजकीय इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया। इस महोत्सव में विकास खंड कपकोट, गरुड़ और बागेश्वर के चयनित बाल वैज्ञानिकों ने प्रतिभाग किया। इस मौके पर विज्ञान मॉडल, विज्ञान कविता, विज्ञान नाटक और विज्ञान क्विज पांच विधाओं में जूनियर और सीनियर वर्ग में प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्र-छात्राओं में विज्ञान के प्रति रुचि जागृत होती है और उनका दृष्टिकोण वैज्ञानिक होता है। छात्र-छात्राओं में प्राकृतिक जिज्ञासा का विकास होता है और वे प्रश्न पूछने के लिए प्रोत्साहित होते हैं। वक्ताओं ने बताया कि आगामी 15 और 16 अक्टूबर को रुद्रप्रयाग में इस महोत्सव का राज्य स्तरीय आयोजन होना है, जिसमें जनपद बागेश्वर के चयनित 40 बाल वैज्ञानिक प्रतिभाग करेंगे। शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता में जूनियर हिंदी भाषा में क्रमश: प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रितिका, कल्पना और गर्वित थे। जबकि अंग्रेजी भाषा में चांदनी, राकेश और सुहानी प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। इसी प्रकार जूनियर विज्ञान मॉडल में अखलेश, मुकेश और तनुजा प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। जबकि विज्ञान नाटक में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पंतक्वेराली प्रथम, रायका कपकोट द्वितीय, राइका खुनौली तृतीय स्थान पर रहे। निर्णायकों में बृजेंद्र पांडेय, प्रेम प्रकाश उपाध्याय, नीरज कुमार जोशी, लक्ष्मी अंदोला, भागवती रावत, दीपा उपाध्याय, ममता नारायण, कुमार किशन चंद जोशी, नीलम केडा, कृष्णा भंडारी, दीपा बिष्ट, ममता जोशी, रीमा गड़िया रहीं।

# मेडिकल स्टोरों का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशों तथा आयुक्त एवं अपर आयुक्त, खाद्य संरक्षा एवं औषधि प्रशासन से प्राप्त आदेशों के अनुपालन में जिले में औषधि निरीक्षक द्वारा नशा मुक्त उत्तराखंड एवं स्प्यूरीयस दवाओं की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। औषधि निरीक्षक बागेश्वर पूजा रानी ने नगर क्षेत्र के मेडिकल स्टोर्स का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान एक मेडिकल स्टोर पर गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। स्टोर संचालक द्वारा नियमित रूप से कैश मेमो जारी न करने के साथ ही लाइसेंस की शर्तों का पालन भी नहीं किया जा रहा था। इस पर औषधि निरीक्षक ने फर्म स्वामी को सात दिन के भीतर लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत



करने के निर्देश दिए। स्पष्ट कर दिया गया कि यदि निर्धारित समय पर संतोषजनक जवाब नहीं मिला तो औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधि. नियम, 1940 के तहत उक्त मेडिकल स्टोर का लाइसेंस निलंबित करने की संस्तुति की जाएगी। औषधि निरीक्षक ने सभी मेडिकल स्टोर्स को निर्देशित किया कि वे लाइसेंस की शर्तों का अनुपालन सुनिश्चित करें और ग्राहकों को नियमित रूप से कैश मेमो उपलब्ध कराएं। उन्होंने कहा कि दवाओं के विक्रय में पारदर्शिता और नियमों का पालन अनिवार्य है। पूजा रानी ने बताया कि नकली दवाओं की रोकथाम और नशा मुक्त उत्तराखंड अभियान को सफल बनाने के लिए जनपद में इस तरह की औचक कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी।

# राज्याभिषेक, रामलीला सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में विभिन्न स्थानों पर राम राज्याभिषेक के साथ रामलीला मंचन का समापन हो गया है। राम राज्याभिषेक के समय अवध में आई बहार मोरे सजना राम भी आए, लखन भी आए साथ में सीता और हनुमान... गीत से खुशियां मनाई गई। नगर के कर्नाटकखोला की रामलीला श्री राम राज्याभिषेक के साथ संपन्न हो गई है। कमेटी की ओर से कलाकारों और कार्यकर्ताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। वहीं, खत्याड़ी, हुक्का-क्लब, सरकारी की आली, नंदादेवी, राजपुरा, धारानौला आदि स्थानों पर भी रामलीला में शुक्रवार को राज्याभिषेक और पुरस्कार वितरण कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में रामल. ीला कमेटी के संयोजक प्रकाश पांडे,



अतुल वर्मा, महेंद्र बिष्ट, संदीप साह, राजकुमार बिष्ट, राजेश पालनी, धनंजय साह, कविश अरोरा, जगदीश बिष्ट, राजेश पंत, जगदीश भंडारी, निर्देशक गणेश मेर, वरिष्ठ पत्रकार अनिल सनवाल, हरीश बिष्ट, हरि विनोद साह, लोकेश तिवारी, प्रकाश जोशी, चंद्र मोहन परगाई, अनूप साह, दीपक वर्मा, सुभाष अग्रवाल, राजेंद्र रौतेला, शशि मोहन पांडे, गोलू भट्ट, पंकज परगाई, दया कृष्ण परगाई, वरिष्ठ रंगकर्मी सुन्दर बोरा, अंजन बोरा, सुमन सनवाल, दीक्षा हरबोला, सारांश मुंगली, मोहन भंडारी, अमित उप्रेती, संगीता पांडे, पूनम पाठक, मीनाक्षी हरबोला, भावना पांडे, संजय जोशी, गिरीश परगाई, संदेश नेगी, पार्थ पांडे, आयुष वर्मा आदि रहे।

# पूर्व सहकारिता मंत्री की फोटो हटाने पर गरमाया माहौल

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** कांग्रेस पार्टी के मजबूत स्तंभ रहे प्रदेश के पूर्व सहकारिता मंत्री चौधरी समरपाल सिंह की फोटो कांग्रेसियों द्वारा यहां द्रोणासागर स्थित कांग्रेस नवचेतना भवन से हटाए जाने से मामला गरमा गया। वहीं, जाट समाज में भारी रोष व्याप्त हो गया। स्व. चौधरी समरपाल सिंह की पुत्री मुक्ता सिंह ने इस प्रकरण की घोर निन्दा करते हुए इसे कुछ कांग्रेसियों की ओछी मानसिकता बताया। मुक्ता सिंह ने कहा कि उनके पिता चौधरी समरपाल सिंह ने कांग्रेस पार्टी के लिए अपना सारा जीवन समर्पित किया। जिन लोगों ने उनकी फोटो हटाई उन्हीं लोगों ने उनकी मृत्यु के बाद उनकी पार्थिव देह पर कांग्रेस का झंडा चढ़ाया था। उन्होंने कहा कि उनके पिता पूर्व सहकारिता मंत्री रहे। इफ्को के वाइस चेयरमैन रहे। यहां केन सोसाइटी में दो बार अध्यक्ष रहे। काशीपुर में मार्केटिंग सोसायटी के अध्यक्ष रहे। डिस्ट्रिक्ट कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रहे, उनकी फोटो हटाया जाना घोर निंदनीय है। उन्होंने कहा कि जाट शिरोमणि का नाम खराब करने से जाट समाज में भी भारी रोष है। उधर, वरिष्ठ कांग्रेस नेत्री अलका पाल ने कहा कि सफाई अभियान के चलते फोटो का हुक टूट जाने से फोटो कुछ समय के लिए हटाई गई, बाद में उसे सम्मान यथास्थान पर लगा दिया गया। मामले को बेवजह उछाला जा रहा है। उन्होंने कहा कि स्व. चौधरी समरपाल सिंह का समस्त कांग्रेसजन सम्मान करते आये हैं और करते रहेंगे।

# देश अब निर्यातकों की श्रेणी में: जोशी

## भाजपा के मुख्य प्रवक्ता सुरेश जोशी केन्द्र व राज्य सरकार की उपलब्धियां गिनाई

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** भाजपा के मुख्य प्रवक्ता सुरेश जोशी इन दिनों कुमाऊं के दौरे पर हैं। शनिवार को सुरेश जोशी ने नगर के एक निजी होटल में प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने सरकार की उपलब्धियां गिनाई। कहा भाजपा ने जो कहा कर के दिखाया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने कहा कि 2022 में जो जनता से वादे किये थे, सरकार सभी वादों को पूरा कर रही है, अधिकांश वादे पूरे हो गये है जबकि कुछ वादों पर योजना बनाई जा रही है। सरकार और संगठन का अच्छा तालमेल है जो 2027 में तीसरी बार भाजपा कि सरकार बनाने के लिए रणनीति बनाई जा रही है। कहा कि



राज्य सरकार ने पिछले चार सालों में 25 हजार युवाओं को सरकारी नौकरियां दी है। जल्द ही 12 हजार पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया शुरु की जाएगी। कहा कि केंद्र सरकार की आत्मनिर्भर भारत योजना के तहत आज लोग स्वरोजगार कर स्वदेशी अपनाओ के नारे को साकार कर रहे हैं। अब देश आयातक नहीं निर्यातकों की श्रेणी में खड़ा है। केंद्र और राज्य सरकार के बेहतर तालमेल से किसी भी विभाग में बजट की कमी नहीं है। इससे विकास कार्य तेजी से हो रहे हैं। विपक्ष महज आरोप लगाने तक सीमित है। जबकि धरातल में जितने काम राज्य गठन के बाद 25 साल में नहीं हुए उससे अधिक विकास चार साल में हुआ है। जिस कांग्रेस के शासन में भर्ती घपले होते थे, उनमें न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ता था। आज उसी प्रदेश में निष्पक्ष भर्तियां कर 25 हजार लोगों को रोजगार दिया गया है। कहा कि आज सीएम युवाओं के साथ खड़े हैं। भाजपा ने कर दिखाया है कि जो वह कहती है, उसे पूरा भी करती है। यहां जिला मीडिया प्रभारी मनीष जोशी, रवि रौतेला, धर्मेंद्र बिष्ट, कैलाश गुरुरानी, राजीव गुरुरानी मौजूद रहे।

### एसएसजे की समस्याओं के निराकरण की मांग

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा पहुंचे कैबिनेट मंत्री डा. धन सिंह रावत से एसएसजे परिसर के छात्रों के शिष्टमंडल ने मुलाकात की। छात्रसंघ महासचिव विशाल सिंह बिष्ट के नेतृत्व में छात्रों ने परिसर में व्याप्त विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया। समस्याओं के निराकरण की मांग उठाई। मौके पर छात्र-छात्राओं ने कहा कि बीबीए, बीसीए और बीएफए में शिक्षकों की भारी कमी है। शिक्षक नहीं होने से पठन पाठन प्रभावित हो रहा है। इससे वहां अध्यनरत छात्र-छात्राओं को परेशानी झेलनी पड़ रही है। इसके अलावा छात्रों ने कहा कि छात्रावास की हालत खराब है। भवन जर्जर हालत में हैं। जिससे वहां रहने वाले विद्यार्थी परेशान है। वहीं एसएसजे परिसर की आंतरिक सड़क भी बदहाल बनी है।

# रंगवाली पिछोड़ा पर कार्यशाला

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** परंपरा और संस्कृति के संरक्षण की दिशा में एक अहम पहल करते हुए हैप्पीनेस वुमेन्स कलेटिव आर्ट ऑफ लिविंग के द्वारा देवभूमि उत्तराखंड की पारंपरिक कला रंगवाली पिछोड़ा के संरक्षण और उसके कौशल को नई पीढ़ी



तक पहुँचाने के उद्देश्य से एक विशेष कार्यशाला का आयोजन गोवर्धन हॉल समीप नैना मंदिर में किया गया। कार्यशाला न केवल इस विलुप्त होती परंपरा को पुनर्जीवित करने का प्रयास किया गया बल्कि नई पीढ़ी को इसकी महत्ता और बारीकियां से अवगत कराया गया। कार्यशाला में प्रशिक्षक ज्योति साह और सहायिका भगवती सुयाल द्वारा पिछोड़ा निर्माण की पारंपरिक तकनीकें सिखाई गई। कार्यक्रम में विशेष अतिथि ईशा साह और अंजू जगाती द्वारा रंगवाली पिछोड़ा का इतिहास तथा सांस्कृतिक महत्व और दुरुपयोग ना करने की सलाह भी गई। प्रतिभागी विद्यालयों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। कार्यशाला के सफल आयोजन में संस्था की रेशमा टंडन, कविता गंगोला, सुनीता वर्मा, प्रेमलता गोसाईं, संगीता शाह, सिमी अरोरा, सोनी अरोरा, मंजू नेगी, मंजू बिष्ट, किरण टंडन, बीना शर्मा, कविता जोशी, कविता सनवाल, शिखा साह, वैशाली बिष्ट तथा संध्या तिवारी, मधु बिष्ट मौजूद रहे।

### युवक ने दो के सिर फोड़े

**अल्मोड़ा।** राजस्व क्षेत्र के पाखुड़ा गांव में एक व्यक्ति ने बुधवार रात जमकर उत्पात मचाया। राजस्व पुलिस के मुताबिक पाखुड़ा निवासी महिला कृष्णा मेहता ने तहरीर दी है। कहना है कि बुधवार रात उनका परिवार खाना खाकर सो गया था। इसी बीच ग्राम प्रधान ने सूचना दी कि योगेश मेहता नामक व्यक्ति वाहनों में तोड़फोड़ कर रहा है। वह अपने पति सुनील मेहता के साथ मौके पर पहुंची। पति ने तोड़फोड़ का कारण पूछा तो आरोपी योगेश मेहता ने डंडे से पति के सिर पर एक के बाद एक कई हमले कर दिए। इससे उनका सिर फट गया। वहीं, एक महिला बीच बचाव में आई तो आरोपी ने उन्हें भी डंडे से घायल कर दिया। साथ ही जान से मारने की धमकी देते हुएरार हो गया। इसके बाद पति और महिला को अल्मोड़ा अस्पताल लाया गया, जहां डाक्टरों ने पति को हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# पतलोट में बहुउद्देशीय शिविर



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**धारी।** ओखलकांडा ब्लॉक के पतलोट क्षेत्र में एक दिवसीय बहुउद्देशीय शि. विर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया। शिविर के दौरान ग्रामीणों ने बिजली, पानी, स्वास्थ्य, शिक्षा, संचार और सड़कों जैसी बुनियादी समस्याओं को विधायक राम सिंह कैड़ा और राज्य मंत्री नवीन वर्मा सहित संबंधित विभागों के अधिकारियों के समक्ष रखा। विधायक कैड़ा और राज्य मंत्री वर्मा ने ग्रामीणों की समस्याएं गंभीरता से सुनीं। विधायक कैड़ा ने मौके पर ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जनता की शिकायतों का शीघ्र समाधान करें। कुछ समस्याओं का निराकरण शिविर स्थल पर ही कर दिया गया। विधायक राम सिंह कैड़ा ने कहा कि सरकार लगातार बहुउद्देशीय शिविरों के माध्यम से जनता की मूलभूत समस्याओं का समाधान कर रही है। उन्होंने कहा कि हर गरीब और जरूरतमंद तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए क्षेत्र में शिविरों का सिलसिला आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# फैंसी ड्रेस में बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

## पंजाबी रामलीला के रंगमंच पर श्री रामा कृष्ण ड्रामेटिक क्लब ने कराया शो

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** श्री रामा कृष्णा ड्रामेटिक क्लब (पंजाबी रामलीला) के रंगमंच पर फैंसी ड्रेस शो सम्पन्न हुआ, जिसमें 50 से अधिक विद्यालयों के 300 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन श्याम मॉडर्न जूनियर हाई स्कूल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अन्तर्राष्ट्रीय एथलीट चौधरी विजेन्द्र सिंह रहे, जबकि अध्यक्षता सुशील शर्मा ने की। फैंसी ड्रेस शो में बच्चों द्वारा अभिनय, गायन, संवाद एवं नृत्य का प्रदर्शन भद्र एवं शालीन वेशभूषा के साथ किया गया। फैंसी ड्रेस शो में प्रतिभाग हेतु चार वर्ग रखे गये, जिसमें शिशु वर्ग में प्रथम अशिंका शर्मा, द्वितीय राद्धिमा चौधरी, तृतीय देविका गुप्ता रहीं। विशेष पुरस्कार अनथ



गुप्ता, अयांश अग्रवाल, श्रेयश श्रीवास्तव एवं धैर्य को मिला।

कनिष्ठ वर्ग में प्रथम जिज्ञासा चौहान, द्वितीय अव्या, तृतीय नविका रस्तोगी रहीं, जबकि वरिष्ठ वर्ग में प्रथम समीक्षा, द्वितीय तनीषा एवं वैष्णवी व तृतीय स्थान पर शुभ पुष्पक एवं समृद्धि रहे। वहीं, समूह वर्ग में प्रथम वर्ग एच ओजस्विनी, समप्रीति, पवन चंद्रा, रूद्राक्ष अग्रवाल, सिद्धांत पाहवा रहे।

द्वितीय वर्ग के- वैष्णवी, मान्यता पाल, प्रियल पाल, सोनी पाल, कार्तिक रहे। तृतीय वर्ग आई-पवन चंद्रा, रूद्राक्ष अग्रवाल, सिद्धांत पाहवा, कृष्णा जोशी, समप्रीति, ओजस्विनी, आरव सजवान रहे। विशेष पुरस्कार समूह वर्ग में अंशिका शर्मा ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथिगणों में दीपिका गुड़िया आत्रेय, डॉ. प्रेम चन्द्र चौहान, डॉ. गौरव गर्ग, जितेन्द्र देवलाल, अलका पाल, मदन ठाकुर, अक्षय रस्तोगी, सतनाम सिंह, कौशल किशोर पंत, बबीता पंत, रिंकू विष्ट, कविता यादव, कैलाश चन्द्र प्रजापति, सुभाष चंद्र शर्मा के अलावा शालिनी शर्मा, रवि मेहन्दीरत्ता, तरूण वर्मा, शिवकुमार गुप्ता, राजकुमार यादव, ललित बाली, आशुतोष शर्मा, अश्वनी शर्मा, कामिनी श्रीवास्तव एडवोकेट व सनत पैगिया एडवोकेट आदि मौजूद थे। संचालन चंकी पाण्डेय ने किया। कार्यक्रम में बच्चों की जागरूकता बनाये रखने के लिए देवार्पण फूड्स की और से गिफ्ट हैम्पर की व्यवस्था अर्पण अग्रवाल द्वारा की गयी।

# स्व. जोशी का भावपूर्ण स्मरण

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** स्व. विक्टर मोहन जोशी की पुण्यतिथि पर उन्हें याद किया गया। एनटीडी स्थित उनकी समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की और महिला चिकित्सालय में प्रतिमा का माल्यार्पण हुआ। श्रद्धांजलि सभा में उनके आदर्शो को अपनाने का आह्वान किया गया। शनिवार को




संयोजक विक्टर मोहन जोशी स्मारक समिति प्रकाश चंद्र जोशी, विधायक मनोज तिवारी सहित अन्य लोग एनटीडी स्थित उनकी समाधि पर पहुंचे। यहां उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। विक्टर मोहन जोशी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज नारायण तिवारी देवल में छात्राओं ने देशभक्ति पूर्ण गीत गाकर स्व. जोशी को श्रद्धांजलि अर्पित किए। इसके बाद राजकीय महिला चिकित्सालय स्थित उनकी प्रतिमा का माल्यार्पण हुआ। संयोजक प्रकाश जोशी ने कहा कि देश की आजादी के लिए अपने जान की परवाह किए बगैर विक्टर मोहन जोशी ने जो त्याग किया वह भावी पीढ़ी के लिए हमेशा प्रेरणा स्रोत रहेगा। यहां प्रधानाचार्य वीटी विल्सन, तारा चंद्र जोशी, पार्षद दीपक कुमार, पार्षद वैभव पांडे, मुकेश नेगी, सौरव वर्मा, पीपी मेसी, एरिक रॉबर्ट, किशन गुरुरानी, गिरीश धवन, प्रकाश पाण्डेय, विनोद सिंह, हेमा वर्मा, आनंद बगड़वाल, रॉबिंसन दास पादरी, डा. कृतिका, मीना भंडारी आदि रहे।

# श्रीराम का राज्याभिषेक आज

## दोपहर 3 बजे से शोभायात्रा समाप्ति तक रहेगा रूट डायवर्जन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** श्रीराम का राज्याभिषेक कल यानि आज रविवार को होगा। इस खास मौके पर शहर में शोभा यात्रा निकाली जाएगी और इस दौरान शहर के कई रूट पर यातायात बदला रहेगा। अवसर पर रविवार को शहर का यातायात बदला रहेगा। पुलिस ने आमजन की सुविधा और यात्रा के सुचारू संचालन के लिए ट्रैफिक डायवर्जन प्लान जारी किया है। यह व्यवस्था दोपहर 3 बजे से शोभायात्रा की समाप्ति तक लागू रहेगी। शोभा यात्रा रामलीला मैदान से शुरू होकर ओके होटल तिराहा, एसडीएम कोर्ट तिराहा, प्रेम टॉकीज तिराहा, केमू स्टेशन तिराहा, भारद्वाज होटल तिराहा, ताज चौराहा, मीरा मार्ग, सिंधी चौराहा, कालाढूंगी तिराहा, भोलानाथ गार्डन, सत्यनारायण मंदिर होते हुए पुनः कालाढूंगी तिराहा, ओके होटल तिराहा से वापस रामलीला मैदान में सम्पन्न होगी। ओके होटल तिराहा से एसडीएम कोर्ट



तिराहा तक शोभायात्रा मुख्य मार्ग के दाहिनी ओर से निकलेगी। इस दौरान भारी वाहन जो, पर्वतीय क्षेत्र से शहर की ओर और टीपी नगर, मंडी क्षेत्र से पर्वतीय क्षेत्र की ओर जाने वाले सभी प्रकार के मालवाहक वाहन व अति आवश्यक सेवा वाहनों को शोभा यात्रा की अवधि में बाईपास मार्ग से भेजे जाएंगे। शोभायात्रा एसडीएम कोर्ट तिराहा से भारद्वाज तिराहा होते हुए ताज चौराहा से सिंधी चौराहा तक होगी तो तिकोनिया चौराहा से वर्कशॉप लाइन, गोलापुल से ताज चौराहा, सिंधी चौराहा से मीरा मार्ग और ओके होटल से पटेल चौक की ओर वाहनों का प्रवेश पूर्णतः बंद रहेगा। जबकि रामपुर रोड, बरेली रोड व कालाढूंगी रोड से आने वाली बसें अपने रूट से सीधे रोडवेज तक पहुंचेंगी, लेकिन जब शोभायात्रा सिंधी चौराहा से कालाढूंगी चौराहा के बीच होगी तो इन्हें आईटीआई तिराहा, होंडा शोरूम तिराहा और लालढांठ तिराहा पर रोका जाएगा। पर्वतीय क्षेत्र से आने वाली बसें नरीमन तिराहा से तिकोनिया चौराहा, वर्कशॉप लाइन होते हुए रोडवेज आएंगी। शोभा यात्रा प्रेम टॉकीज से केमू तिराहा के बीच होने पर ये बसें तिकोनिया से नैनीताल बैंक तिराहा होकर रोडवेज जाएंगी। रोडवेज से बरेली रोड व रामपुर रोड की ओर जाने वाली बसें शोभायात्रा ओके होटल से रोडवेज तिराहा के बीच होने पर वर्कशॉप लाइन से तिकोनिया होते हुए नारिमन तिराहा व गौलापार रोड का इस्तेमाल करेंगी। रोडवेज से कालाढूंगी रोड जाने वाली बसें तिकोनिया चौराहा, हाइडिल तिराहा, पनचक्की तिराहा और ऊंचापुल से होकर जाएंगी। पर्वतीय क्षेत्र जाने वाली बसें शोभा यात्रा रोडवेज से एसडीएम कोर्ट तिराहा के बीच होने पर रोडवेज पूर्वी गेट से वर्कशॉप लाइन होकर निकलेंगी, जबकि प्रेम टॉकीज से केमू तिराहा के बीच होने पर पश्चिमी गेट से भेजी जाएंगी।

### जेबकतरा गिरफ्तार

हल्द्वानी। दो हफ्ते पूर्व मुखानी थानाक्षेत्र में एक व्यक्ति की जेब काटने वाले जेबकतरे को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से 5730 रूपये की नगदी बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी जेबकतरे के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया। जानकारी के अनुसार रामड़ी जसुवा मुखानी निवासी लीलाधर सनवाल ने पुलिस को सौंपी तहरीर में कहा था कि बीती 18 सितंबर को वह नैनीताल रोड स्थित एक अस्पताल से घर की ओर आ रहे थे। मुखानी चौराहे से वह ई-रिक्शा में सवार हुए। कुछ दूर पहुंचते ही एक सवारी ने वाहन को रोका और बीच की सीट पर बैठने की जिद करने लगा। इसी दौरान शातिर ने उनकी जेब से 20 हजार रुपए निकाल लिए। जेब से रुपए निकालते ही थूकने का बहाना बनाकर शातिर ई-रिक्शा से उतर गया। कुछ दूर जाते ही उन्होंने अपनी जेब चेक की तो 20 हजार रुपये गायब मिले। मुखानी थानाध्यक्ष दिनेश जोशी ने बताया कि आरटीओ रोड से आरोपी नजरुद्दीन निवासी मुंडिया पिस्तौर, बाजपुर बताया।

# ऑपरेशन रोमियोः 107 अराजक तत्व हिरासत में

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** जिले में महिलाओं की सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू करने के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन रोमियो के तहत पुलिस की ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी है। शुक्रवार रात एक बार फिर पुलिस टीमों ने अधिकारियों के नेतृत्व में विभिन्न क्षेत्रों में अभियान चलाया और सड़क पर हुड़दंग मचाने वालों पर शिकंजा कसा। एसएसपी पीएन मीणा के निर्देश पर चल रहे इस अभियान की कमान एसपी सिटी प्रकाश चंद्र और एसपी क्राइम/यातायात डा. जगदीश चंद्रा ने संभाली। अभियान के तहत काठगोदाम, भीमताल और रामनगर क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। काठगोदाम के पनचक्की, हैड़ाखान, वन विभाग बैरियर, मल्ली चौकी, भीमताल क्षेत्र



तथा रामनगर के लखनपुर, रानीखेत रोड, डिग्री कॉलेज, कोसी बैराज, भवानीगंज, काशीपुर रोड और मगलोर चौक पर पुलिस टीमों ने अभियान चलाकर सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने, हुड़दंग करने और अनावश्यक भीड़ लगाने वाले 107 लोगों को हिरासत में लिया। इन पर मौके पर ही 26,750 रुपये का जुर्माना वसूला गया। नशे की हालत में वाहन चलाने वाले 8 चालकों को गिरफ्तार कर उनके वाहन सीज किए गए, जबकि मोबाइल पर बात करते हुए वाहन चलाने वाले 7 चालकों के चालान काटे गए। यातायात नियमों के उल्लंघन पर कुल 314 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई, जिनमें से 16 के वाहन सीज किए गए और 10 के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्तीकरण की रिपोर्ट भेजी गई। इस पूरे अभियान के दौरान पुलिस ने कुल 98,000 रुपये का चालान वसूला।

# जनसुनवाई में छात्रों ने रखे सुझाव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) यूसी ध्यानी की अध्यक्षता में गठित एकल सदस्यीय जांच आयोग द्वारा सर्किट हाउस, काठगोदाम, हल्द्वानी में दो दिवसीय जनसुनवाई एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोग के अध्यक्ष श्री ध्यानी ने कहा कि जांच कार्य पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं तथ्यों पर आधारित होगा। उन्होंने बताया कि आयोग विभिन्न जनपदों का भ्रमण कर जनता की समस्याओं और सुझावों को सुन रहा है, ताकि अंतिम रिपोर्ट निष्पक्ष एवं संतुलित रूप से तैयार की जा सके। जनसुनवाई के दौरान प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं, नागरिकों, परीक्षा से जुड़े केंद्र व्यवस्थापकों एवं केंद्र



प्रभारियों ने आयोग के समक्ष अपने विचार रखे। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने मांग की कि परीक्षाओं की जांच पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की जाए तथा इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही सुझाव दिया गया कि भविष्य में होने वाली परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था एवं निष्पक्ष माहौल में कराई जाएं। इस अवसर पर सचिव विक्रम सिंह राणा, अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी एवं उप जिलाधिकारी राहुल शाह सहित अन्य अधिकारी सहित छात्र, छात्रा, कोचिंग संस्थानों के प्रतिनिधि व अन्य संगठनों के लोग उपस्थित रहे।

### वनभूलपुरा पुलिस ने सटोरिया दबोचा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सट्टे की खाईबाड़ी करते हुए बनभूलपुरा पुलिस ने एक सटोरिये को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 16.450 की नगदी व सट्टे की पर्चियां बरामद हुई। जानकारी के अनुसार प्रभारी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा सुशील जोशी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान सार्वजनिक स्थान पर सट्टे की खाई-बाड़ी करते हुए एक सटोरियें को रंगेहाथ गिरफ्तार किया। उसके पास से सट्टे की पर्चियां, गत्ता-पैन और 16,450 रुपए की नगदी बरामद हुई। पकड़े गए सटोरिये ने अपना नाम शाहरुख पुत्र साजिद निवासी नूरी मस्जिद छोटी रोड इंदिरानगर बनभूलपुरा बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है।

# श्रीयंत्र, दश महाविद्याओं की अचल प्रतिष्ठा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बालाजी मंदिर में श्री यंत्र सहित समस्त दश महाविद्याओं की अचल प्रतिष्ठा महोत्सव शनिवार को वैदिक परंपराओं एवं धार्मिक विधानों के अनुसार संपन्न हुआ, जिसमें प्रातःकालीन पूजन, तत्व होम, शांति-पौष्टिक होम, मूर्ति एवं मूर्त्यधिपति होम, लोकपाल देवता पूजन, दश महाविद्याओं के पीठ यंत्रों का होम, पिण्डिका अधिवासन एवं पिण्डिका होम सहित प्रतिष्ठांग क्रियाएं विधिपूर्वक की गईं। इस अनुष्ठान में नवग्रह, व्याहृति, लक्ष्मी तथा बसोर्धारा होम सहित अचल प्रतिष्ठा की सभी वैदिक क्रियाएं संपन्न की गईं। महाभोग, महानीराजन, आचार्य पूजन, ब्राह्मण व सद्गुरु पूजन, दक्षिणा अर्पण, बटुक-कन्या पूजन तथा समष्टि भण्डारे के साथ



यह प्रतिष्ठा महोत्सव पूर्ण श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस आयोजन के दौरान प्रतिष्ठा अनुष्ठान मंदिर के व्यवस्थापक श्रीमहंत पूज्य गुरुदेव पूरन चंद्र पाठक के सान्निध्य में तथा यज्ञाचार्य शांतिलाल आत्मज प्रफुल्ल भाई दवे (मुंबई) के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। वैदिक अनुष्ठान की अगुवाई आचार्य भुवन चंद्र पनेरू (हरिद्वार) द्वारा की गई, साथ ही काशी से आए वेदपाठी दत्तात्रेय नारायण रटाटे, मैसूर से पधारे घनपाठी रमेश गौर और अन्य अनेक विद्वान वेदपाठी ब्राह्मणों ने अनुष्ठान को विधिपूर्वक सम्पन्न कराया। अनुष्ठान में देशभर से आए 21 विद्वान ब्राह्मणों ने भाग लिया। प्रमुख वेदपाठी विद्वानों में पं. भवदीप भाई, पं. नेत्रबल्लभ, पं. श्याम, पं. नवीन, पं. अमित उपाध्याय, मोहित, पुष्पेंद्र, आदि शामिल थे। इस भव्य धार्मिक आयोजन में मुख्य जजमान पूरनचंद पाठक एवं हेमा पाठक रहे। सहयोगियों में विधायक बंशीधर भगत, मुकेश बोरा, संजय अग्रवाल, पूर्व विधायक दान सिंह भंडारी, भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा, ओखलकांडा ब्लॉक प्रमुख केडी रूपाली, पूर्व ब्लॉक प्रमुख लक्ष्मण सिंह लमगरिया, अतुल गुप्ता, शरद अग्रवाल, वरांश शर्मा, महेश शर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, आनंद सिंह दरम्वाल, मुनीश रस्तोगी, हेमचंद कोठारी, दीपचंद तिवारी, खेमानंद बृजवासी, रोहित साहू, मनीष, अंकुश, मनोज, हिमांशु, अतुल, आशीष केसरवानी सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे।

## महिला कालेज की दो छात्राओं का राष्ट्रीय एकता शिविर में चयन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इंदिरा प्रियदर्शिनी राजकीय स्नातकोत्तर महिला वाणिज्य महाविद्यालय, हल्द्वानी की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई की दो छात्राएँ ऋषिका और हर्षिता आर्या का चयन राष्ट्रीय एकता शिविर के लिए हुआ



है। यह शिविर 8 से 14 अक्टूबर तक चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार में आयोजित होगा। आयोजन भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय क्षेत्रीय निदेशालय लखनऊ, तथा एनएसएस उत्तराखंड राज्य इकाई के संयुक्त सहयोग से किया जा रहा है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. आभा शर्मा ने इस उपलब्धि को न केवल संस्थान बल्कि पूरे उत्तराखंड राज्य के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह चयन छात्राओं की मेहनत अनुशासन और राष्ट्रीय चेतना के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। उन्होंने विश्वास जताया कि छात्राएँ शिविर में उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को प्रस्तुत कर पूरे देश में राज्य की एक विशिष्ट पहचान बनाएंगी। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी व प्रभारी डा. रितुराज पंत ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना का उद्देश्य युवाओं में सेवा, नेतृत्व और राष्ट्र निर्माण की भावना को विकसित करना है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्षों में भी महाविद्यालय की छात्राएँ हिमाचल, मध्यप्रदेश, हरियाणा, महाराष्ट्र और असम जैसे राज्यों में आयोजित राष्ट्रीय शिविरों में उत्तराखंड का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। कार्यक्रम अधिकारी डा. गीता पंत ने बधाई दी।

# पहाड़ी आर्मी से जुड़ी महिलाएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** पहाड़ी आर्मी कार्यालय में जिला महिला मोर्चा की बैठक हुई जिसमें दर्जनों महिलाओं ने पहाड़ी आर्मी की सदस्यता ली। बैठक में महिला मुद्दों को लेकर प्रस्ताव पारित हुए, जिसमें उपस्थित पदाधिकारियों ने देवभूमि में बढ़ते महिला अपराध पर चिंता जाहिर की। जिला प्रभारी दीपा पांडे ने कहा कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर पर लगातार अतिक्रमण हो रहा है।

हमें एकजुट होकर अपनी संस्कृति बचाने के लिए संकल्पित होना होगा। जिलाध्यक्ष प्रेमा मेर ने जिला कमेटी का विस्तार करते हुए रमा पांडे को जिला उपाध्यक्ष और नीमा भट्ट को जिला सचिव मनोनीत किया। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष रमा पांडे ने कहा उत्तराखंड राज्य को पृथक



करने के लिए महिलाओं का अहम योगदान है और हमें एकजुट होकर उन्होंने पहाड़ी राज्य के अस्मिता को बचाना होगा। मीडिया प्रभारी अंजू पांडे ने बताया कि अब जिले के हर तहसील और ब्लॉक में आगामी बैठक प्रस्तावित की जाएगी और जनता के बीच में जाकर उनकी समस्याओं को सुनकर निराकरण किया जाएगा और संगठन से जोड़ा जाएगा। बैठक में बबीता जोशी, कंचन रौतेला, दीपा आर्य, कमला लटवाल, दीपा चौहान, कविता जीना आदि मौजूद रहे।

### शरद पूर्णिमा: श्री सूक्त का पाठ करें

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** इस बार शरद पूर्णिमा यानी कोजागर पूर्णिमा का व्रत पूजन 6 अक्टूबर को होगा। पूजन का शुभ मुहूर्त प्रदोष काल 6 बजकर 10 बजे से रात्रि 10 बजकर 40 बजे तक शुभ है। इस दिन लक्ष्मी नारायण पूजन किया जाता है। ज्योतिष डा. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि शरद पूर्णिमा में श्री सूक्त का पाठ करने व हवन करने से धन-धान्य की वृद्धि होती है। रात्रि में कनक धारा स्तोत्र का पाठ करने से धन वर्षा यानी कनक वृष्टि होती है। इस दिन पूजन करने से अमृत की वर्षा होती है। रात्रि में चांदी के पात्र में खीर रखकर छत में चन्द्रमा के सामने रखने से उसमें अमृत का संचार होता है। उस खीर को खाने से असाध्य रोग भी दूर हो जाते हैं। कोजागर पूर्णिमा को लक्ष्मी नारायण का पूजन करने से समस्त ऐश्वर्य, धन धान्य, सुख समृद्धि प्राप्त होती है।

# टेनिस प्रतियोगिता प्रारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आप्टिमम टेनिस एकेडमी चूनाखान बैलपड़ाव में शनिवार से आईटीएफ मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट-200 प्रतियोगिता प्रारम्भ हो गयी है। टूर्नामेंट के पहले दिन विभिन्न आयु वर्गों के मुकाबले खेले गए। 50 आयु वर्ग में हैदराबाद के मधुसूदन लिंगा ने मुजफ्फरनगर के विजय कुमार वर्मा को 6-4, 1-6, 14-12 से हराया। 45 आयु वर्ग में अविनाश कुंवर को गौरव मिगलानी के विरुद्ध वॉकओवर मिला। 40 आयु वर्ग में महेंद्र माही ने जय राजपूत नैनीताल को 6-0, 6-0 से एकतरफा मुकाबले में पराजित किया। 30 आयु वर्ग में राघव अरोरा को अभिषेक कुमार यादव लखनऊ के विरुद्ध वॉकओवर मिला। 35 आयु वर्ग में करणवीर सिंह रायबरेली ने समरथ सिंह गुड़गांव को 6-2, 6-0 से पराजित किया। 30 आयु वर्ग में शैलेन्द्र सिंह सुरियाल ने क्षितिज पराशर नोएडा को 6-1, 7-6 (5) से शिकस्त दी। 45 आयु वर्ग में अमर जगाती नैनीताल ने गौरव बहल के खिलाफ पहला सेट 6-1 से जीता और दूसरे सेट में 3-2 की बढ़त पर गौरव बहल ने स्वास्थ्य कारणों से रिटायर्ड हर्ट घोषित किया। 30 आयु वर्ग मी गुरविंदर सिंह ऊधमसिंह नगर को सचिन कुमार देहरादून के विरुद्ध वॉकओवर मिला। टूर्नामेंट डायरेक्टर डीएस रावत ने बताया कि प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन समारोह 6 अक्टूबर को होगा, जिसमें सांसद अजय भट्ट बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहेंगे। आयोजन की निगरानी मुंबई के एंटन डिसूजा कर रहे हैं। आयोजन सचिव अविनाश रस्तोगी ने बताया कि प्रतियोगिता के अगले दौर के मैच प्रातः 8 बजे से प्रारंभ होंगे। इस मौके पर सचिव जिला टेनिस संघ नैनीताल हेम कुमार पांडेय, ब्रजमोहन सिंह बिष्ट, डीएनएस बिष्ट, बसंत बल्लभ जोशी, ललित बेलवाल, कंचन लोहनी आदि मौजूद रहे।

# मालिकाना हक के लिए कमिश्नर कार्यालय कूच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शासन प्रशासन द्वारा लगातार की जा रही बागजाला वासियों की उपेक्षा से क्षुब्ध अपनी मांगों को मुख्यमंत्री के सचिव कुमाऊँ कमिश्नर कुमाऊँ के समक्ष रखने के लिए ग्रामीणों ने उनके हल्द्वानी स्थित कैम्प कार्यालय कूच किया। जुलूस की शक्ल में बागजाला के ग्रामीण बड़ी संख्या में किसान महासभा के नेतृत्व में कुमाऊँ कमिश्नर कार्यालय पहुंचे। जहां किसान महासभा बागजाला के प्रतिनिधिमंडल को कुमाऊँ कमिश्नर से वार्ता के लिए आमंत्रित किया गया। वार्ता में गांव की समस्याओं को लेकर मांग पत्र देते हुए समाधान की मांग की गई। कुमाऊँ कमिश्नर ने समस्याओं के समाधान पर कुछ समय लेते हुए सकारात्मक



बागजाला के ग्रामीणों को सकारात्मक कार्यवाही का आश्वासन

कार्यवाही का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री के सचिव कुमाऊँ कमिश्नर को दो ज्ञापन दिए गए, एक कुमाऊँ कमिश्नर को उनके अधिकार क्षेत्र में आने वाले कार्यों को करवाने के लिए और दूसरा राज्य के मुख्यमंत्री को मालिकाना अधिकार का प्रस्ताव भेजने के लिए। किसान महासभा बागजाला कमेटी ने कुमाऊँ कमिश्नर के साथ की गई वार्ता को सकारात्मक रूप से ग्रहण करते हुए उम्मीद जताई कि मुख्यमंत्री के सचिव कुमाऊँ कमिश्नर शीघ्रता से बागजाला समस्याओं का समाधान करेंगे। लेकिन जब तक समस्याओं पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं होती है तब तक धरना आंदोलन जारी रहेगा। कुमाऊँ कमिश्नर कैम्प कार्यालय कूच के जुलूस प्रदर्शन में किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी, प्रदेश उपाध्यक्ष बहादुर सिंह जंगी, जिला अध्यक्ष भुवन जोशी, माले जिला सचिव डा. कैलाश पांडेय, डा. उर्मिला रैस्वाल, वेद प्रकाश, किसान नेता किशन बघरी, आइसा जिला अध्यक्ष धीरज कुमार, प्रेम सिंह नयाल, विमला देवी, पंकज चौहान, दीवान सिंह बर्गली, गोविंद जीना, मीना भट्ट, हेमा आर्य, चन्दन सिंह मटियाली, हरक सिंह बिष्ट, अनीता अन्ना विमला, मोहन लाल, गणेश राम, एमएस मलिक, दुर्गा देवी, मधु मटियाली, नरेश जोशी, हरीश, गिरधर सिंह, नवीन भट्ट, लक्ष्मण नाथ, निर्मल ठाकुर, तुलसी देवी, भुवन, कौशल्या, गीता देवी, लक्ष्मी, सुनीता, नैन सिंह, भावना अटवाल, रमेश शर्मा, चेतन सिंह, सतपाल, प्रकाश फुलोरिया, कुन्दन मेहता, हयात सिंह, नारायण सिंह बिष्ट, त्रिलोक सिंह, गोविंद भट्ट, राजेन्द्र चौहान, जयकृष्णा, अंबा दत्त आदि समेत बड़ी संख्या में लोग शामिल रहे।

# बेकरी में आग, सामान खाक

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बनभूलपुरा क्षेत्र के लाइन नंबर-18 में शनिवार तड़के एक बेकरी शॉप में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक आग से पूरा सामान जलकर स्वाह हो गया।



दुकान स्वामी ने करीब तीन से चार लाख रुपये के नुकसान का अनुमान जताया है। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा लाइन नंबर-18 निवासी मो. शाहनवाज की एक बेकरी की दुकान है। बीते शुक्रवार को शाहनवाज रोजना की तरह रात दुकान बंद करके घर को चले गए। शनिवार की सुबह सवा चार बजे अचानक उनकी दुकान में आग लग गई। दुकान से धुआं उठता देख लोगों ने इसकी सूचना तुरंत दुकान स्वाामी शाहनवाज और पुलिस को दी। घटना की सूचना पर शाहनवाज भी मौके पर पहुंचे और लोगों की मदद से आग पर काबू पाने की कोशिश की लेकिन आग ने अपना विकराल रूप ले लिया था। सूचना पर फायर स्टेशन ऑफिसर (एफएसओ) मिंदर पाल अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और समय रहते आग पर काबू पा लिया। अगर आग समय पर नहीं बुझाई जाती तो एक बड़ा हादसा हो सकता था, क्योंकि आसपास रिहायशी इलाका है। एफएसओ ने बताया कि आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है। वहीं, दुकान स्वामी शाहनवाज ने बताया कि आग से दुकान में रखा बेकरी का सारा सामान जलकर स्वाह हो गया। दुकान स्वामी ने बताया कि इस अग्निकांड से करीब लाखों का नुकसान हुआ है।

# गौलापार के लोग बुध बाज़ार से परेशान

## सांसद अजय भट्ट और मेयर गजराज बिष्ट को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** घनी आबादी के बीच शनिबाजार लगे यहां तक तो ठीक है, लेकिन उसी जगह पर हफ्ते में दो बार बाज़ार लगे और लोगों को परेशानी न हो ऐसा मुमकिन नहीं है। मंडी गौलापार बाईपास रोड तक शनिबाजार लगने से घिर जाती है और दिनभर जाम की स्थिति बनी रहती है और अब उसी सब परेशानी का सामना बुधवार को भी करना पड़े तो लोगों का सब्र जवाब दे ही देगा। ऐसा ही हुआ। गौलापार के लोगों ने सांसद अजय भट्ट और मेयर गजराज बिष्ट से गुहार लगाई है कि शनिबाजार वाले स्थान पर बुध बाजार लगाया जा रहा है, जिस पर पाबंदी लगाई जाए। गौलापार और चोरगलिया क्षेत्र के





स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने नगर निगम कार्यालय में सांसद अजय भट्ट और महापौर गजराज सिंह बिष्ट से एक बैठक की। इस दौरान उन्होंने गौलापार क्षेत्र के किसानों और आम जनता की समस्याएं गंभीरता से सामने रखीं। विशेष रूप से शनिवार रोड पर अतिरिक्त बाजार लगने के कारण उत्पन्न हो रही सड़क जाम की समस्या तथा गौलापार और चोरगलिया की मुख्य सड़कों पर आवारा और बेजुबान पशुओं की दिक्कत को लेकर मजबूती से मांग की गई कि इन पशुओं को हल्दूचौड़ स्थित गोशाला में भेजा जाए। सांसद अजय भट्ट और महापौर गजराज सिंह बिष्ट ने जनहित को सर्वोपरि रखते हुए जल्द ही शनिवार रोड से अतिरिक्त बाजार हटाने और अक्टूबर माह के भीतर सभी आवारा पशुओं को हल्दूचौड़ गौशाला भेजने का संकल्प लिया। उन्होंने इस दिशा में शीघ्र प्रभावी कदम उठाने का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर ज्ञापन सौंपने वालों में सामाजिक कार्यकर्ता नीरज रैक्वाल, अजय बिष्ट, गजराज सिंह बिष्ट, राम सिंह नगर कोटी, अर्जुन बिष्ट, पान सिंह मेवाड़ी, बालम विष्ट, महिपाल रैकवार, धर्मेंद्र रैकवार और प्रकाश पांडे सहित कई अन्य लोग मौजूद थे।

## एनजीओ को विकास की मुख्य धारा से हटाने का आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) महासंघ की बैठक शनिवार को कुसुमखेड़ा स्थित शारदा भवन सभागार में संपन्न हुई। बैठक में वक्ताओं ने राज्य में एनजीओ को विकास की मुख्यधारा से अलग-अलग करने का षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया। वक्ताओं ने कहा कि आपदाकाल में शासन तथा प्रशासन को एनजीओ की याद आती है। आज प्रदेश में बड़े-बड़े टर्नओवर बनाकर राज्य मूल के एनजीओ का हक छीना जा रहा है। महासंघ ने कहा कि सड़क से लेकर न्यायालय तक हुए अपने साथ हो रहे अन्याय की लड़ाई को लड़ेंगे। इस बीच नैनीताल के जिला संयोजक शशि रावत तथा उधमसिंह नगर के जिला संयोजक अमित श्रीवास्तव को चुना गया। राज्य संयोजक जगत मर्तोलिया ने बताया कि 26 अक्टूबर को देहरादून में मुख्य सेवक सदन में महासंघ का राज्य स्तरीय सम्मेलन है, जिसमें मुख्य अतिथि पुष्कर सिंह धामी और पूर्व राज्यपाल एवं पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहेंगे। बैठक में नैनीताल जनपद के लिए शशि रावत को जिला संयोजक, विनोद पाठक व भावना पांडे को जिला सह संयोजक चुना गया। वहीं उधमसिंह नगर के लिए अमित श्रीवास्तव को जिला संयोजक, मनोज सिंह व ज्योति भट्ट को जिला सह संयोजक चुना गया। बैठक में तय किया गया कि 6 अक्टूबर से देहरादून में पंचायती राज निदेशालय की मनमानी के खिलाफ हो रहे आंदोलन में भी प्रत्येक संस्था भाग लेगी। बैठक में नीम बिष्ट, ज्ञान प्रकाश दुबे, सीपी सिंह, नकुल पांडे, सुभाष पंगरिया, गणेश गोदियाल, सोनी भट्ट, चंद्र तेज सिंह, अंग्रेज सिंह, प्रकाश बिष्ट, योगेश बिष्ट, नरेंद्र सिंह, भावना ममगाई, सरोज, दीप मौजूद रहे।

### मुक्त विवि में शिलान्यास करेंगे शिक्षा मंत्री

**हल्द्वानी।** उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत रविवार को उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय में कई कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। मंत्री डा. रावत विश्वविद्यालय परिसर में विभिन्न भवनों का शिलान्यास करेंगे तथा इसके साथ ही विश्वविद्यालय की समस्त शैक्षिक और प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा बैठक भी लेंगे। कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने बताया कि रविवार को विश्वविद्यालय खुला रहेगा और इस अवसर पर राज्यभर से विश्वविद्यालय के सभी आठ क्षेत्रीय कार्यालयों के निदेशक, सहायक निदेशक तथा 134 अध्ययन केंद्रों के समन्वयक ऑनलाइन माध्यम से इस कार्यक्रम में जुड़ेंगे। कहा कि यह अवसर विश्वविद्यालय परिवार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा विश्वविद्यालय की गतिविधियों की समीक्षा से भविष्य की शैक्षिक योजनाओं और गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा के विस्तार को नई दिशा मिलेगी।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# सड़ी-गली हालत में मिला युवक का शव

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** ब्लॉक रोड पर स्थित खाली भूखंड में एक व्यक्ति का सड़ा-गला शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। शव की स्थिति इतनी खराब थी कि वह बुरी तरह क्षत विक्षत हो चुका था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी भेज दिया है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है।

जानकारी के अनुसार काशीपुर रोड स्थित गल्ला मंडी से ब्लॉक की ओर जाने वाले मार्ग के किनारे स्थित खाली भूखंड में चाहर दिवारी के पीछे कुछ लोगों ने शव पड़ा देखा। जब पास जाकर देखा गया तो शव बुरी तरह क्षत-विक्षत हालत में था और उसमें से तेज दुर्गंध आ रही थी। घबराए स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। मामले की जानकारी मिलते ही सीओ प्रशांत कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव की जांच शुरू की। पुलिस ने मौके से आसपास छानबीन कर साक्ष्य जुटाने की कोशिश की, लेकिन शव की स्थिति और मौके से कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लग पाया। शव भूखंड की चाहरदीवारी के पीछे पड़ा था। शव कई दिन पुराना होने का अनुमान है। मृतक युवक की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष बताई जा रही है। मृतक युवक ने नीले रंग की पैंट और ऊपर धारीदार लाइनिंग वाली कमीज पहनी हुई है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और उसकी पहचान के लिए आसपास के इलाकों में गुमशुदगी की रिपोर्टों की जांच की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ह ी मौत के कारणों का सही खुलासा हो सकेगा।

# लाठी डंडों से पीटकर युवक की हत्या

- साथी गंभीर रूप से घायल, जिला अस्पताल में भर्ती
- परिजन बोले-धोखे से बुलाकर रची गई साजिश, यूपी पुलिस कर रही जांच



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** बीती रात कुछ लोगों ने मिलकर लाठी डंडों से पीट कर एक युवक की हत्या कर दी, जबकि उसका दूसरा साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल भर्ती कराया गया है। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। युवक की मौत से परिजनों में को. हराम मचा हुआ है।

जानकारी के मुताबिक रेशमबाड़ी निवासी 35 वर्षीय जहांगीर अपने साथी हरीश चौहान के साथ बाइक पर सवार होकर चांदपुर रोड खानपुर उत्तर प्रदेश किसी के कहने पर जा रहा था। परिजनों का आरोप है इस दौरान वहां पर कुछ लोगों ने दोनों को घेर लिया और लाठी डंडों से बुरी तरह से हमला कर दिया, जिसमें जहांगीर के हाथ पैर टूट गए और सर पर भी गंभीर चोटें आई। शोर शराबा होने पर हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर घायलों के परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां उपचार के दौरान जहांग. ीर की मौत हो गई। जबकि हरीश गंभीर रूप से घायल है।

मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि जहांगीर को धोखे से किसी बहाने चांदपुर बुलाया गया और पहले से सुनियोजित साजिश के तहत उसकी हत्या कर दी गई। क्योंकि यह मामला उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र का है, इसलिए वहां की स्थानीय पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के कारणों और हमलावरों की पहचान को लेकर पुलिस विभिन्न पहलुओं पर छानबीन कर रही है। जहांगीर की मौत से उसके परिवार में मातम पसरा हुआ है। फिलहाल शव का पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है और पुलिस ने आस-पास के सीसीटीवी फुटेज भी खंगालने शुरू कर दिए हैं। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर गुरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, सुरेंद्र सिंह एवं एक अन्य व्यक्ति के खिलाफ संबंधित धाराओं में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। आरोपितों की गिरफ्तारी को लेकर रुद्र-बिलास चौकी प्रभारी अमित कुमार द्वारा जगह-जगह दबिशे दी जा रही है। जल्दी ही आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## एक नजर

# हवन यज्ञ व पूजा अर्चना के साथ रामलीला मंचन का समापन



शाह टाइम्स संवाददाता

**खटीमा।** बारह दिनों तक लगातार चली रामलीला मंचन का शनिवार को हवन यज्ञ के साथ समापन हो गया। पंडित संतोष शास्त्री द्वारा समापन अवसर पर विधिवत मंत्रोच्चारण व पूजा अर्चना के साथ हवन यज्ञ किया गया। हवन यज्ञ में पूर्णाहुति के साथ रामलीला के सभी कलाकारों एवं समस्त कमेटी मेंबरों ने हवन यज्ञ में भाग लिया।

इस अवसर पर सनातन श्री रामलीला पात्र परिषद के अध्यक्ष राजेश गुप्ता इंद्रेश गुंबर भगवान दास मुकेश शर्मा, मनोज वाधवा, मनोज श्रीवास्तव, जतिन कक्कड़, अशोक रस्तोगी, सुनील गुप्ता, रोहित ठाकुर, दीपक बिष्ट, वीरेंद्र रावत, रामचंद्र कश्यप तथा अनुराग बत्रा आदि उपस्थित रहे।

# तमंचा और कारतूस के साथ एक युवक को पकड़ा

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** सामिया लेक सिटी कॉलोनी क्षेत्र में पुलिस ने अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया युवक दिल्ली का निवासी है, जो पूर्व में जेल भी जा चुका है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि यह युवक अवैध हथियार के साथ क्षेत्र में घूम रहा है और लोगों को धमका रहा है। थाना रुद्रपुर के उपनि. रीक्षक देवेन्द्र सिंह मेहता, जो अपने निजी वाहन से तेल मिल क्षेत्र में गश्त पर थे, को मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि एक व्यक्ति रवि यादव, जो सामिया लेक सिटी कॉलोनी के पीछे वाली सड़क से आ रहा है, के पास अवैध तमंचा है। मुखबिर ने यह भी बताया कि उक्त व्यक्ति का कॉलोनी में किसी से झगड़ा हुआ था और उसने धमकी दी थी कि वह तमंचा लाकर सबक सिखाएगा। सूचना मिलते ही पुलिस टीम सक्रिय हुई और मौके पर पहुंच गई। पुलिस को देखते ही संदिग्ध व्यक्ति घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन पुलिसकर्मियों ने उसे तुरंत पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम रवि यादव पुत्र समय पाल निवासी ए-165 न्यू अशोक नगर, दिल्ली (वर्तमान में बी-137, रोज विला, सामिया लेक सिटी, रुद्रपुर) बताया। तलाशी में उसके जींस की बेल्ट में एक तमंचा 315 बोर और जेब से चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। पूछताछ में रवि यादव ने बताया कि वह पहले दिल्ली के न्यू मयूर विहार थाना क्षेत्र से जेल जा चुका है और अब रुद्रपुर में रह रहा है। उसका कॉलोनी में विवाद हो गया था, जिसके बाद वह लोगों को डराने के लिए तमंचा लेकर निकला था। रवि यादव के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# गुलदार के हमले में दो युवक बुरी तरह घायल

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** क्षेत्र में गुलदार के हमले रुकने का नाम नहीं ले रहे हैं। कोतवाली अंतर्गत गांव खेड़ा लक्ष्मीपुर निवासी युवक अरसद पुत्र फिरासत हुसैन, शाहरुख पुत्र फिरासत हुसैन व वकील अहमद पुत्र लईक अहमद निवासी खेड़ा लक्ष्मीपुर, जसपुर गत रात्रि करीब 11:00 बजे ठाकुरद्वारा, मुरादाबाद, उत्तर प्रदेश से मोटरसाइकिल से अपने गांव आ रहे थे। तभी खेड़ा लक्ष्मीपुर के बाहर ठाकुरद्वारा जसपुर मेन रोड पर स्थित पेट्रोल पंप के पास एक गुलदार ने मोटरसाइकिल सवार युवकों शाहरुख व वकील अहमद पर अचानक हमला कर दिया। अचानक हुए हमले से दोनों युवक सड़क पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गये।

युवकों की चीख-पुकार सुनकर गुलदार किसी तरह घायल युवकों को छोड़कर भाग गया। तब कहीं जाकर युवकों की जान बची। गुलदार मोटरसाइकिल चालक अरशद पर हमला नहीं कर पाया। घटना का पता ग्राम प्रधान नईम अहमद के भाई लईक अहमद को चला। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना गांव वासियों/प्रशासन व वन विभाग को दी। घटनास्थल पर भारी भीड़ लग गई । मौके पर मौजूद लोगों द्वारा घायल युवकों को तत्काल उपचार हेतु जसपुर साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना वन विभाग को दे दी गई है। अभी तक वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंच पाई थी। गुलदार के हमले की इस घटना से आसपास के क्षेत्र में दहशत फैल गई। लोगों ने क्षेत्रीय विधायक आदेश चौहान व वन विभाग से गुलदार को जल्द से जल्द पकड़ने की मांग की।

# छात्र यशदीप सिंह का उत्तराखंड स्टेट लेवल वॉलीबाल टीम में चयन

शाह टाइम्स संवाददाता



**नानकमत्ता।** एसएम पब्लिक स्कूल सितारगंज के कक्षा सातवीं के छात्र यशदीप सिंह राणा का उत्तराखंड स्टेट लेवल वॉलीबॉल टीम में चयन हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय में हर्ष का माहौल है।

विद्यालय के प्रबंधक भुवन चंद भट्ट ने छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की। उप प्रबंधक हिमांशु खर्कवाल ने उन्हें उत्तराखंड का नया सितारा बताया। प्रधानाचार्य डा. मनिंदर सिंह गुलाटी ने विद्यालय परिवार को बधाई देते हुए कहा कि विद्यालय प्रतिभाओं को निखारकर देश-विदेश में नाम रोशन करेगा। इस अवसर पर विद्यालय के पीटीआई नरेंद्र सिंह आर्य, उप प्रधानाचार्य तेज सिंह जीना, इंचार्ज सुरेश जोशी, कोऑर्डिनेटर ममता बिष्ट इत्यादि स्टाफ मौजूद रहा।

# पटाखों के गोदाम में लाखों की चोरी

- डीवीआर और कैमरे तोड़कर खेतों में फेंके, पुलिस कर रही जांच



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** दीपावली से पहले चोरों ने पटाखा कारोबारी के गोदाम से लाखों रुपये का माल और नकदी चोरी कर ली। घटना बीती रात की है जब महारा. जपुर गांव में स्थित पटाखों के गोदाम को चोरों ने निशाना बनाया। वारदात की जानकारी सुबह होने पर इलाके में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, महाराजपुर निवासी नीरज कुमार का गांव में ही अमन क्रैकर के नाम से पटाखों का गोदाम है। नीरज पटाखों के थोक व्यापारी हैं और दीपावली के चलते गोदाम में लाखों रुपये की कीमत का माल स्टोर किया गया था। बीती रात करीब 9 बजे नीरज गोदाम बंद कर अपने घर चले गये थे।

शनिवार सुबह लगभग साढ़े सात बजे गांव के कुछ लोगों ने उन्हें सूचना दी कि गोदाम के ताले टूटे हुए हैं और शटर खुला पड़ा है। जब नीरज मौके पर पहुंचे तो देखा कि गल्ले में रखी लगभग 25 से 30 हजार की नगदी गायब थी। साथ ही करीब तीन लाख रुपये के पटाखे भी चोर उठा ले गए थे। इतना ही नहीं, चोरों ने गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरे तोड़ दिए और डीवीआर सिस्टम को भी क्षतिग्रस्त कर खेतों में फेंक दिया ताकि कोई सुराग न मिल सके। इसके अलावा आग बुझाने के तीन सिलेंडर भी चोर अपने साथ ले गए। अनुमान है कि चोरी गए माल की कुल कीमत करीब चार लाख रुपये के आसपास है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस टीम मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू कर दी।

पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की और घटनास्थल का मुआयना किया। चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज के अवशेषों और अन्य सुरागों के आधार पर जांच में जुटी है। व्यापारी की ओर से मामला दर्ज कराने की तैयारी की जा रही है। व्यापारी वर्ग ने पुलिस प्रशासन से रात्रि गश्त बढ़ाने और संवेदनशील इलाकों में विशेष सतर्कता बरतने की मांग की है।

# बाढ़ पीड़ितों के लिए भेजी गई धनराशि



शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** पंजाब प्रांत में हुई भीषण बाढ़ त्रासदी को लेकर जसपुर क्षेत्र व उधम सिंह नगर के विभिन्न स्थानों से भारतीय किसान यूनियन, पंजाबी समुदाय व अन्य समुदाय द्वारा लगातार सहायता पहुंचाने का सिलसिला जारी है।

इसी क्रम में पंजाब बाढ़ पीड़ितों के लिए जनपद ऊधम सिंह नगर के विभिन्न स्थानों जसपुर, काशीपुर, बाजपुर तथा अफजलगढ़, बिजनौर, उत्तर प्रदेश क्षेत्र के भारतीय किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने लगभग 01करोड़ 60 लाख रुपये की एक बड़ी नगद सहयोग धन राशि एकत्र की। जिसे लेकर उक्त क्षेत्रों के भाकियू कार्यकर्ताओं की एक संयुक्त टीम पंजाब के लिए रवाना हुई। लोगों द्वारा भारतीय किसान यूनियन के इस बड़े प्रयास के लिए काफी सराहना की जा रही है।

# आरएएन स्कूल के दिव्यगम सिंह ने अंतर्राष्ट्रीय खेल में जीता स्वर्ण पदक

शाह टाइम्स संवाददाता




**रुद्रपुर।** आरएएन पब्लिक स्कूल डिबडिबा के लिए यह गौरव की बात है कि 25 सितम्बर से 30 सितम्बर तीसरे एशियाई जूनियर पैनचौक सिलॉट चैंपियनशिप जो कि शेर कश्मीर इंडौर स्पोर्ट्स स्टेडियम श्रीनगर जम्मू कश्मीर में आयोजित किया गया। इस चैंपियनशिप का आयोजन भारत में पहली बार हुआ, जिसमें 11 देशों के चयनित लगभग 300 से अधिक खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। उत्तराखंड से तीन खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे, जिसमें आरएएन पब्लिक स्कूल डिबडिबा के दिव्यगम सिंह ने थाईलैंड के खिलाड़ियों को ओपन टू केटेगरी से हराकर फाइनल में स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। उसकी इस अनूठी उपलब्धि से पूरे विद्यालय में खुशी की लहर दौड़ गई । दिव्यगम सिंह ने अपनी मेहनत के बल पर यह साबित कर दिया अगर मन में दृढ़ निश्चय हो तो असंभव को भी संभव किया जा सकता है । दिव्यगम सिंह ने इस खेल प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर न केवल अपने शहर का, राज्य का बल्कि देश का नाम भी नाम रोशन किया है। उसने अपनी अद्वितीय प्रतिभा और कड़ी मेहनत के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उनकी इस जीत से न केवल उनके विद्यालय, परिवार और कोच बल्कि पूरे शहर में खुशी की लहर है। स्कूल प्रबधक मोहित राय, प्रधानाचार्या ममता बिष्ट, सभी शिक्षकों और उत्साही छात्रों द्वारा सम्मानित किया गया।

# ससुरालियों ने तोड़े विवाहिता के दोनों हाथ

- जान से मारने की दी धमकी
- पिता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर शुरू की जांच

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** दुधिया नगर मोहल्ले में एक विवाहिता के ससुरालियों ने क्रूरता की सारी हदें पार कर दी। उत्तर प्रदेश के पीलीभीत जिले के रहने वाले हुकुम लाल ने अपनी पुत्री जशोदा देवी के साथ हुई क्रूरता को लेकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। पीड़िता इस समय गंभीर हालत में रुद्रपुर स्थित आईएसआई अस्पताल में भर्ती है, जहां डॉक्टरों के अनुसार उसके दोनों हाथों में गंभीर चोटें आई हैं । एक हाथ पूरी तरह टूट चुका है, जबकि दूसरे में फैक्चर है। जशोदा के पिता ने आरा. ेप लगाया है कि उसकी बेटी को उसके पति पीतमराम ने बेरहमी से पीटा, और यह सब उसके सास-ससुर रामवेटी और नन्हे लाल के संरक्षण में हुआ।

हुकुम लाल के अनुसार उसकी बेटी की शादी करीब 22 वर्ष पूर्व पीतमराम से हुई थी, जो वर्तमान में रुद्रपुर के वार्ड नंबर 12, दुधिया नगर में निवास करता है और टुकटुक चलाकर जीविकोपार्जन करता है। शिकायत में कहा गया है कि पीतमराम शराब और अन्य नशीले पदार्थों का आदी है और छोटी-छोटी बातों पर जशोदा को पीटता है। यह कोई पहला मौका नहीं है जब जशोदा को प्रताड़ना का सामना करना पड़ा हो। परिजनों के मुताबिक, इससे पहले भी कई बार मारपीट हो चुकी है, लेकिन इस बार स्थिति जानलेवा हो गई। जब परि. जनों ने हस्तक्षेप करने की कोशिश की, तो पति के माता-पिता ने हमेशा उसकी तरफदारी की। मामले की गंभीरता तब और बढ़ गई जब पीतमराम ने अस्पताल में भर्ती जशोदा की देखरेख कर रहे स्टाफ से भी दुर्व्यवहार किया। यह घटना 29 सितंबर की सुबह की बताई जा रही है। अस्पताल प्रशासन द्वारा इस संबंध में पुलिस को सूचना दी गई, जिसके बाद मामला चौकी से होते हुए कोतवाली रुद्रपुर पहुंचा। अब जशोदा के पिता ने महिला हेल्प डेस्क, कोतवाली रुद्रपुर में तहरीर देकर आरोपी पीतमराम व उसके माता-पिता के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने यह भी आशंका जताई है कि ससुराल पक्ष की ओर से उनकी बेटी की जान को खतरा बना हुआ है। प्रकरण में कोतवाली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# माध्यमिक शिक्षा क्रीड़ा स्पर्धा के लिए 54 खिलाड़ियों का हुआ चयन

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** ब्लॉक स्तरीय विभिन्न आयु वर्ग के बालक बालिकाओं की खो -खो प्रतियोगिता में इंदिरा गांधी राजकीय इंटर कॉलेज बढ़ियोंवाला ओवरऑल चौंपियन रहा। स्पर्धा में जिले के लिए 27 बालिकाओं समेत 54 खिलाड़ियों का चयन किया गया।



शनिवार को माध्यमिक शिक्षा क्रीडा स्पर्धा के अंतर्गत इंदिरा गांधी राज इंटर कालेज बढ़ियोंवाला के खेल मैदान में आयोजित खो - खो प्रतियोगिता का उद्घाटन विद्यालय के प्रधानाचार्य जगदीश सिंह ने फीता काटकर किया। ब्लॉक खेल समन्वयक केशव सिंह ने बताया की अंडर 14 बालक वर्ग के मैच में राइका बढ़ियोंवाला विजेता व पीपीएनटी इंटर कॉलेज उपविजेता रहा। बालिका वर्ग का फाइनल पीपीएनटी ने जीता। अंडर 17 बालक व बालिका वर्ग के मैच में पीपीएनटी इंका ने राइका बढ़ियोंवाला को हरा विजेता बना।। इंदिरा गांधी राजकीय इंटर कॉलेज बढ़ियोंवाला ने अंडर 19 बालक बालिकाओं की प्रतियोगिता में विजय रहा। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अनूप सिंह, नूतन रवि, विजय राज सैनी, नीरज शर्मा, संजय वर्मा, पंकज अग्रवाल, नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान हरिओम राठौर, विनोद कुमार, पीके पाठक, के के शर्मा, कपिल सैनी आदि मौजूद रहे।

# सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति ध्यानी की अध्यक्षता में हुई जनसुनवाई

शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) यूसी ध्यानी की अध्यक्षता में गठित एकल सदस्यीय जांच आयोग द्वारा शनिवार को एपीजे जिला सभागार में लोक सुनवाई एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आयोग के अध्यक्ष श्री ध्यानी ने कहा कि स्नातक स्तरीय परीक्षा पटवारी,लेखपाल व अन्य पद परीक्षा जांच कार्य पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और तथ्यों पर आधारित होगी। उन्होंने बताया कि आयोग विभिन्न जनपदों का भ्रमण कर अभ्यर्थियों, जनता की समस्याओं और सुझावों को सुन रहा है ताकि अंतिम रिपोर्ट निष्पक्ष एवं संतुलित रूप से तैयार की जा सके। जनसुनवाई के दौरान प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्र-छात्राओं, नागरिकों, परीक्षा से जुड़े कोचिंग सेंटर प्रबंधकों ने आयोग के समक्ष अपने विचार तथा सुझाव रखे। उपस्थित छात्र-छात्राओं ने मांग की कि परीक्षाओं की जांच पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ की जाए तथा इस संबंध में शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने परीक्षा दुबारा कराने के साथ ही यह भी सुझाव दिया कि भविष्य में होने वाली परीक्षाएं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और निष्पक्षता व पारदर्शिता से कराई जाए। आयोग के सचिव विक्रम सिंह राणा ने बताया कि जनसुनवाई में प्राप्त साक्ष्यों,शिकायतों और सुझावों का संज्ञान लेकर विस्तृत रिपोर्ट शासन को प्रेषित की जाएगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया,अपर जिलाधिकारी कौस्तूभ मिश्रा ,उप जिलाधिकारी गौरव पांडे, जिला शिक्षा अधिकारी हरेंद्र मिश्रा, छात्र छात्रा, कोचिंग सेंटर के प्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

# धान खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** सरकार द्वारा अन्नदाता कहे जाने वाले किसानों की एक अक्टूबर 2025 से हमारी धान खरीद की तैयारियां धान की फसल खरीद के लिए एक अक्टूबर निर्धारित कर दी गई थी, जिसके तहत जसपुर मंडी समिति परिसर में खुले वरिष्ठ विपणन विभाग द्वारा खुले गए तीन सेंटरों पर आज शनिवार से धान खरीद के लिए किसानों के पंजीकरण भी शुभारंभ कर दिए गए हैं और आज से सरकारी तोल खरीद शुरू हो गयी है।




मीडिया से बातचीत करते हुए वरिष्ठ विपणन अधिकारी केके सिंह ने मीडिया से रूबरू होते बताया कि जसपुर तहसील के अंतर्गत लगभग 20 केंद्रों की स्थापना की गयी है, इसमें 17 केंद्र यूसी के द्वारा संचालित किए जाएंगे और 03 क्रय केंद्र जो कि मंडी परिषद जसपुर में ही संचालित होंगे ये खाद्य विभाग के द्वारा इनका निर्देशन एवं संचालन किया जाएगा। अबकी बार जसपुर क्षेत्र में खाद्य विभाग के द्वारा तीनों क्रय केंद्रों में 10-10 हजार कुंटल का निर्धारित लक्ष्य रखा गया है। प्रारंभिक लक्ष्य यह बाद में किसानों की धान की फसल की जैसे ही आवश्यकता बढ़ेगी। यह लक्ष्य का निर्धारण पूल से निर्धारण कर दिया जाएगा और ये लिमिट भी कार्यालय द्वारा बढ़ाई जाएगी और एक अक्टूबर 2025 से हमारे समस्त धन कार्य केंद्रों में विशेष रूप से खाद्य विभाग के धान क्रय केंद्र में हमने समस्त व्यवस्थाएं मंडी समिति के सहयोग से पूरी कर ली है और हम किसानों का स्वागत करने के लिए एवं धान खरीद को पूर्ण रूप से संचालित करने के लिए तैयार है।

इस वर्ष 25-26 हेतु सरकार के द्वारा धान कॉमन हेतु 2369/- रुपये प्रति कुंतल एवं ग्रेंड जो की बारीक धान है उसके लिए 2389/- रुपये कुंटल का रेट निर्धारित किया गया है और जो की बाजार भाव से काफी अच्छा है बाजार भाव की समीक्षा के पश्चात ही पता चलेगा की बाजार भाव की तरफ जा रहे हैं, लेकिन अभी जो ये 2369/- व 2389/- रुपये पर जो भी शासन के द्वारा रेट तय किया गया है, इससे सारे किसान भाई खुश है और अपना ज्यादातर धन हमारे धान ग्रेडों में लाने के लिए उत्सुक है। अभी तक हमारे यहां जसपुर क्षेत्र में लगभग 41 राइस मिल है, जिनका पंजीकरण किया गया है जो की पिछले साल में भी कार्यरत थी। धान खरीद टोल में किसानों को किसी प्रकार की दिक्कत परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस अवसर पर सीयू त्यागी, राजकुमार सैनी, सुधीर कुमार चौहान, ब्रजवीर चौधरी, कासिम, जिशान, पप्पू चौधरी व केके सिंह (एसएमओ कार्यालय वरिष्ठ विपणन जसपुर) आदि मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने की धान की फसल का क्रॉप कटिंग



शाह टाइम्स संवाददाता

**रुद्रपुर।** तहसील रुद्रपुर के ग्राम अमरपुर में शनिवार को जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया द्वारा खरीफ फसल धान की क्रॉप कटिंग की। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कृषक जितेन्द्र कुमार के खेत का निरीक्षण करते हुए फसल की गुणवत्ता, पैदावार और खेती के आधुनिक तरीकों का जायजा लिया।

कृषक जितेन्द्र कुमार के खेत में 43.3 वर्ग मीटर के क्षेत्र में धान की क्रॉप कटिंग कराने पर 30.20 किलो धान का उत्पादन हुआ। संपूर्ण प्रक्रिया को भारत सरकार के कृषि उत्पादन ऐप ळब्म्- एवं प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के ऐप CCE AGRI के माध्यम से भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड किया गया। इस प्रक्रिया के जरिए फसलों की औसत उपज, उत्पादन क्षमता और कृषि नीति निर्माण के लिए सटीक आंकड़े उपलब्ध होते हैं।

जलाधिकारी श्री भदौरिया ने कृषक से बीज, उर्वरक, कीटनाशक और खेती की विधियों के बारे में विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने किसानों को कृषि में आधुनिक तकनीकों और नवाचारों के प्रयोग की सलाह देते हुए कहा कि इससे फसल की पैदावार बढ़ाने और गुणवत्ता सुधारने में मदद मिलती है।

इस अवसर पर तहसीलदार दिनेश कुटौला, अपर सांख्यिकी अधिकारी मदन सिंह बिष्ट, कानूनगो राधे राणा, विभागीय कर्मचारीगण व स्थानीय किसानगण उपस्थित रहे।


## सम्बंध विच्छेद

मैंनें अपने पुत्र रणवीर सिंह व उसकी पत्नी हरमनदीप कौर को उनके गलत आचरणों के कारण उनसे अपने व अपने अन्य परिजनों के सभी सम्बंध विच्छेद कर पुत्र रणवीर सिंह को अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरा व मेरे किसी भी परिजन का अब पुत्र रणवीर सिंह व उसकी पत्नी हरमनदीप कौर से कोई सम्बंध या वास्ता-सरोकार नहीं है। जो भी व्यक्ति मेरे पुत्र रणवीर सिंह व उसकी पत्नी हरमनदीप कौर से किसी भी प्रकार का कोई सम्बंध या वास्ता-सरोकार या लेन-देन के व्यवहार रखेगा तो उसके लिए वह व्यक्ति स्वयं जिम्मेदार होगा, मैं या मेरा कोई भी परिजन पुत्र रणवीर सिंह व उसकी पत्नी हरमनदीप कौर के किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं हैं।

**हरजीत सिंह पुत्र श्री रूवेल सिंह**
**निवासी- ग्राम वीरू नगला, पो. दरऊ (किच्छा), उधमसिंह नगर**



# कार-ट्रक में जोरदार भिड़न्त

शाह टाइम्स संवाददाता

**जसपुर।** टोल प्लाजा के पास देर रात एक कार ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। भिड़न्त घटना में दोनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गये परन्तु घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। प्राप्त जानकारी के अनुसार हादसा देर रात टोल प्लाजा पर कार के ब्रेक फेल होने के कारण हुआ। कार की रफ्तार इतनी तेज थी कि सीधी सामने आ रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के एयरबैग खुल गए और बड़ी जनहानि होते-होते टल गई। हादसे के वक्त कार में केवल सादिक राणा ड्राइवर मौजूद था, जिसे एयरबैग खुलने की वजह से गंभीर चोट नहीं आई और उसकी जान बाल-बाल बच गई। स्थानीय लोगों के अनुसार हादसा रात के समय हुआ और सौभाग्यवश किसी की जान को नुकसान नहीं पहुंचा। ट्रक को भी हल्का नुकसान हुआ है।

# एडीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

शाह टाइम्स संवाददाता



**रुद्रपुर।** अपर जिलाधिकारी एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी कौस्तुभ मिश्र ने शनिवार को ईवीएम वेयर हाउस का मासिक निरीक्षण किया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। अपर जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान सुरक्षात्मक दृष्टि से लगाए गए सीसी टीवी कैमरों व अग्निशमन यंत्रो को भी देखा। उन्होने परिसर की साफ-सफाई कराने के निर्देश सहायक निर्वाचन अधिकारी को दिए। निरीक्षण के दौरान सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र अधिकारी व सुरक्षा कर्मी आदि उपस्थित थे।

# कार्यालय नगर पालिका परिषद्, खटीमा, ऊधम सिंह नगर

E-Mail :- khatimanpp@gmail.com

पत्रांकः 330 / **सेप्टेज मैनेजमेन्ट–उपविधि** / 2021–22 दिनांक –04 / 10 / 2025

**विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा आवेदन सं0–10 / 2015 दिनांक 10–12–2015 के आदेश के अनुपालन में एवं नगर पालिका अधिनियम 1916 (यथाप्रवृत्त उत्तराखण्ड राज्य में) की धारा 276 में दिये गये प्राविधानों के अनुसार तथा धारा 298 के खण्ड झ (घ) ञ (घ) में दी गयी उपनियम बनाये जाने की शक्तियों का प्रयोग करते हुए तथा धारा–301 के अन्तर्गत दी गयी शक्ति के अनुसार उपविधि का प्रकाशन कराने हेतु नगर पालिका परिषद्, खटीमा (ऊ0सिं0नगर) की बोर्ड बैठक दिनांक 05 जून, 2025 के प्रस्ताव सं0–03 द्वारा सर्व सम्मति से पारित प्रस्ताव के अनुसार उपनियम "प्रोटोकाल फॉर सेप्टेज मैनेजमेन्ट" उपनियम–2025 बनाये जाने की स्वीकृति उपरान्त यह विज्ञप्ति इस आशय से आपत्ति / सुझाव चाहने हेतु प्रकाशित की जा रही हैं, जिन व्यक्तियों पर इसका प्रभाव पड़ने जा रहा हैं।

अतः लोकहित में सुविधा, सुरक्षा एवं नियंत्रण व विनियमन करने हेतु प्रोटोकाल फार सेप्टेज मैनेजमेन्ट उपनियम– 2025 में यदि किसी संस्था, व्यक्ति, व्यक्ति विशेष फर्म उद्योग,को कोई आपत्ति / सुझाव हो तो वे इस विज्ञप्ति की प्रकाशन तिथि से 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय नगर पालिका परिषद्, खटीमा में प्रस्तुत कर सकता हैं, समय अवधि पश्चात प्राप्त होने वाली आपत्ति अथवा सुझाव पर किसी भी दशा में विचार नहीं किया जा सकेगा। जो निम्नवत हैः–

**परिभाषा :–**

1– **संक्षिप्त नाम और लागू होने की तारीख :–** यह उपनियम नगर पालिका परिषद्, खटीमा "प्रोटोकाल फार सेप्टेज मैनेजमेन्ट" उपनियम– 2025, नियमावली कहलायेगी, जो कि विज्ञप्ति सरकारी गजट उत्तराखण्ड में प्रकाशित होने की तिथि से प्रभावी होगी। यह उपनियम नगर पालिका परिषद्, खटीमा की सीमा के भीतर लागू होगें।

2– **नगर पालिका** – नगर पालिका का आशय नगर पालिका परिषद्, खटीमा के परिसीमन 2024 के उपरान्त 20 वार्डो की सीमा से हैं।

3– **अधिशासी अधिकारी**– अधिशासी अधिकारी का आशय नगर पालिका परिषद्, खटीमा के कार्य–पालक अधिकारी से हैं।

4– **अध्यक्ष–** अध्यक्ष का आशय नगर पालिका परिषद्, खटीमा के निर्वाचित बोर्ड के अध्यक्ष से हैं, बोर्ड के कार्यकलाप समाप्त हो जाने पर अध्यक्ष के स्थान पर अध्यक्ष / उपजिलाधिकारी, अध्यक्ष के रूप में प्रभारी अधिकारी से हैं।

5– **सेप्टेज मैनेजमेन्ट सेल–** सेप्टेज मैनेजमेन्ट सेल का आशय नगर पालिका परिषद्, खटीमा में सरकारी सेवा के शासन द्वारा नामित अधिकारीयों के समूह की एक गठित इकाई से हैं, जो कि सेप्टेज मैनेजमेन्ट सेल कहलायेगा। जिसके अध्यक्ष, उपजिलाधिकारी खटीमा होगें तथा अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद्, खटीमा सदस्य सचिव होगें और अधिशासी अभियन्ता पेयजल निगम, अधिशासी अभियन्ता कुमायूँ जल संस्थान तथा अधीक्षक, राज्य संयुक्त चिकित्सालय खटीमा एवं अवर अभियन्ता, नगर पालिका परिषद्, खटीमा नामित सदस्य होगें।

**1–प्रसंग :–** राष्ट्र का यह अनुभव रहा है, कि सैप्टिक टैकं और अवधीय जो डिजायन से सम्बन्धित है, स्थानीय संस्थानों द्वारा वर्षो से अनुपालन किया जा रहा है, जिसके सफल संचालन हेतु कुशल प्रबन्धन की आवश्यकता है। यह महत्वपूर्ण है, कि नगर में एक उचित वैज्ञानिक प्रबन्ध के मामलों में सेप्टेज तकनीकी का अनुपालन किया जाता है ताकि पर्यावरण की सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए सेप्टज / फीकल स्लज सेप्टिक टैकं गढढे शौचालय पर्यावरण नदी एवं अन्य पानी आदि स्रोत को प्रदूषित न करें।

**1.1–राष्ट्रीय फीकल स्लज एवं सेप्टज प्रबन्धकीय नीति :–**

इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु शहरी विकास मन्त्रालय भारत–सरकार ने एक फार्मूला प्रकाशित किया है। राष्ट्रीय फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबन्धकीय नीति वर्ष 2017 में इस दृष्टिकोण के साथ कि समस्त भारतीय शहर और नगर पूर्ण रूप से स्वच्छ तन्दुरूस्त और जीवित बने रहै एवं अच्छी सफाई भी बनी रहे तथा प्रदूषण से मुक्ति मिल सकें जिसके साथ उन्नत स्थल स्वच्छता सेवा साथ ही फीकल स्लज और सेप्टेज प्रबन्धक, ताकि सार्वजनिक उत्कृष्ठ स्वास्थय स्तर को अधिकतम प्राप्त किया जा सकें और स्वच्छ वातावरण बना रहे, जिसमें विशेषकर गरीबों पर ध्यान केन्द्रित किया जाये। शहरी नीति का मुख्य उद्वदेश्य एक स्वस्थ वातारण प्रसन्न प्राथमिकता और दिशा निर्धारित करनी है,ताकि राष्ट्रव्यापी अनुपालन इन सेवाओं का समस्त क्षेत्र में हो सके जैसे कि सुरक्षित और स्थाई सफाई व्यवस्था एकवास्तविकता प्रत्येक आय परिवार के लिये गलियों में नगर में और शहरों में बनी रह सकें।

**1.2 उत्तराखण्ड में सेप्टज प्रबन्धक प्रोटोकाल :–**

माननीय एन0जी0टी0के आदेश सं0–10 / 2005 दिनॉक 10–12–2015 में निम्न निर्देश निर्गत किये गये है। जो कि उत्तराखण्ड में सेप्टज प्रबन्ध के सम्बन्ध में है। "उचित प्रबन्ध योजना या प्रोटोकाल तैयार किया जायेगा और राज्य सरकार द्वारा समस्त एजेन्सी द्वारा सूचित किया जायेगा, यह आशान्वित करने के लिये कि सीवरेज की निकासी जो सामान्य सैप्टिक टैकं में या बायोडाईजस्टर में एकत्रित की जाती है नियमित रूप से खाली की जाये ओर उसका समुचित प्रबन्ध किया जायें। उसके परिणाम स्वरूप इस प्रकार जो खाद एकत्रित हुई है वह निःशुल्क किसानों को वितरित की जायें ओर इस उद्वदेश्य हेतु राज्य प्रशासन एक भागीदारी सम्बन्धित निकाय नगर पालिका परिषद्, खटीमा की होगी। उपरोक्त के अनुपालन में जलापूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम 1975 / नगर पालिका अधिनियम 1916 शहरी विकास निदेशालय जो कि उत्तराखण्ड जल संस्थान के समन्वय से होगा उन्होंने एक प्रोटोकाल सेप्टिज प्रबंध के तैयार किया है जो कि सचिव शहरी विकास विभाग उत्तराखण्ड सरकार द्वारा सूचित किया गया है। ताकि इसका अनुपालन शहरों / नगरों में हो सकें। **आदेश सं0 597 / (iv(2)–ष0वि0–2017–50(सा0) / 16 दिनॉक 22–05–2017** राज्य का सैप्टिज प्रबन्धन प्रोटोकाल राज्य और शहरों का यह दिग्दर्शन कराता है ताकि वैज्ञानिक सैप्टिज प्रबन्धन बना रहै जो कि एकत्रीकरण,परिवहन,उपचार, सैप्टिज / फीकल स्लज का निस्तारण ओर पुनः प्रयोग हो सके। इस प्रकार स्पष्ट दिशा निर्देश इस प्रोटोकाल के है। कि राज्य के शहरी अधिकारियों को इस योग्य बनाया जायें कि वह अपने निकाय में सैप्टिज प्रबन्धन का उच्चीकरण कर सकें ओर परियोजना के पूर्ण विनियोग की पहचान कर सकें इस प्रोटोकाल के प्रभावी कियान्वयन के लिये ओर आन्तरिक विभागीय समन्वय हेतु एक **"सेप्टज मैनेजमेन्ट सैल"** का गठन का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत नगर पालिका परिषद्, खटीमा, पेयजल निगम, जल संस्थान होगें।

**2–नगरीय उपकानून / "फीकल स्लज एवं सेप्टज का नियमितीकरण" :–** सेप्टेज प्रबन्ध प्रोटोकाल के अनुसार जो शहरी विकास विभाग उत्तराखण्ड सरकार के शा0सं0–597 / (iv(2)–श0 वि0–2017–50 (सा0) / 16 दिनॉक 22–05–2017 एवं समस्त लागू होने वाले नियम या कानून या समय–2 पर शासन द्वारा संशोधित नियम या नियमावली नगर पालिका परिषद्, खटीमा नियमित ढाचॉं रिक्त करने, एकत्र करने, परिवहन और सेप्टेज और फिकल स्लज के परिवहन एवं निस्तारण हेतु जैसा कि वर्णित है। फिकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबन्धन उपनियम के अन्तर्गत जो कि यहॉ स्वीकृत किया जाता है और इसके अनुपालन हेतु नगर पालिका परिषद्, खटीमा के क्षेत्राधिकार के अन्तर्गत सूचित किया जाता है।

**3–उद्वेश्य एवं कार्यक्षेत्र :– इस नियमावली के उद्वेश्य एव कार्य निम्नवत हैः–**

1– निर्माण सैप्टिक टैकं के दैनिक रखरखाव और शौचालय के गढढे परिवहन इलाज ओर सुरक्षित रखरखाव जो कि स्लेज ओर सेप्टेज से सम्बन्धित है।

2–क्षेत्र के मालिक द्वारा जो कार्य किया जाना है उसको निर्देशित करना जो कि सैप्टिक टैकं ओर शौचालय के गढढे से ओर फिकल स्लज एवं सेप्टेज परिवहन से सम्बन्धित है ताकि वे इन निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित कर सकें।

3–उचित निरीक्षण करना और मशीनरी का अनुपालन ।

4–लागत वसूली सुनिश्चित करना जो कि स्लज और सेप्टेज प्रबन्धन के उचित प्रबन्ध हेतु है।

5–निजि और गैरसरकारी क्षेत्र फिकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबन्ध में सहभागी की सुविधा देना ।

**4–एकत्रीकरण परिवहन इलाज ओर सैप्टिज के खुर्द–बुर्द हेतु एक प्रकिया अपनाना ।**

**4–(1) सैप्टिक टैकं ओर सैप्टज / फीकल स्लज एकत्रीकरण को रिक्त करना :–**

सैप्टिक टैकं की तली में जो जमा हो गया है, उसको हटाना और एक बार उसको ठीक करना जो कि गहराई में पहुॅंच गया है या बार–2 के आखिर में जो डिजायन है जो कोई भी पहले आये,

•• जबकि स्लज को सुखाना ओर सेप्टिक टैकं में जो द्रव्य है उसको भी सुखाना / मैकेनिकल वैक्यूम टैकंर का उपयोग(जो नगर पालिका परिषद्, खटीमा द्वारा उपलब्ध कराया जाता है)_नगरीय प्रबन्ध द्वारा सैप्टिक टैकं का खाली करने हेतु उपयोग किया जाना चाहिये।

••• सुरक्षा प्रक्रिया जैसा कि सैप्टेज प्रबन्ध प्रोटोकाल में वर्णित है को सैप्टिक टैकं के खाली करते समय ओर सैप्टेज के परिवहन के समय इस नियम का सख्ती से पालन किया जाना चाहियें।

**4(2) सैप्टज / फिकल स्लज का परिवहन :–**

1– फिकल स्लज ओर सैप्टज टान्सपोर्टर वाहन के सुरक्षित परिवहन हेतु उत्तरदायी होगें जैसा कि समय–2 पर सैप्टज मैनेजमेन्ट से (एस0एम0सी0) द्वारा स्वीकृत किये जायेगे।

**(2) फिकल स्लज ओर सैप्टज फिकल निर्माता यह आश्वासन देगें कि :–**

(अ) पंजीकृत सग्रंह वाहन जिसके अन्तर्गत समस्त उपकरण जो कि परिवहन हेतु प्रयोग किये जायेगें फिकल स्लज ओर सैप्टिज हेतु जो छिद्र निरोधी होगा ओर फिकल स्लज ओर सैप्टज हेतु तालाबन्द रहेगा। ओर लागू किये जाने योग्य मानदण्ड का अनुपालन करेगें।

(ब) कोई भी टैंक ओर उपकरण जो कि फिकल स्लज ओर सैप्टज हेतु उपयोग में लाया जायेगा वह किसी अन्य वस्तु या द्रव्य को परिवहन हेतु प्रयुक्त नही करेगा।

4(3) सैप्टज का निष्पादन ओर इलाज–राज्य सैप्टज मैनेजमेन्ट प्रोटोकाल के अनुसार नगर पालिका परिषद्, खटीमा की अपनी एक ईकाई होगी, जिसके अन्तर्गत पृथक से एक अलग सैप्टेज ट्रीटमेन्ट प्लान्ट का निर्माण किया जायेगा।

**5– सुरक्षा उपाय :–**

(1) उचित तकनीकि संयत्र सुरक्षा टियर का प्रयोग करते हुए मल का निस्तारण किया जाना चाहियें ।

**(2) फिकल स्लज और सैप्टिज ट्रान्सपोर्टर यह सुनिश्चित करें–**

(अ) समस्त मल निस्तारण कर्मचारी उचित व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण सेफ्टीगेयर और यन्त्र जिसके अन्तर्गत कन्धे की लम्बाई तक पूरा कोटेड लियोकिन, लोयस, रबर बूट, चेहरे का मास्क, ऑखों की सुरक्षा हेतु ग्लास या गोगल जैसा कि मेनुअर स्कैबेजंर ओर उनके पुर्नवास नियम 2013 में उल्लिखित है।

(ब) समस्त सुरक्षा उपकरण एकत्रीकरण क्षेत्र से पहले अपना लिया जायें।

(स) समस्त मल निस्तारण कार्यकर्ताओ को सुरक्षा गियर और स्वास्थयवर्धक उपकरण के प्रयोग की शिक्षा दी जानी चाहिये।

(द) प्रथम सहायता किट, गैस का पता करने वाला लैम्प ओर अग्निशमन यन्त्र मल निस्तारण गाडी में रखे जाते है, इससे पहले कि यह एकत्रीकरण क्षेत्र में जाता है।

(य) सैप्टिक टैकं पिट लैट्रिन में काम चल रहा है। उस समय ध्रुमपान पुर्णतः वर्जित है।

(र) मल निस्तारण कार्यकर्ता सैप्टिक टैंक में ओर शौचालय गढढे में प्रवेश नही करेगें। ओर आच्छादित टैंक को आना जाना रखेगें जो कि इस कार्य का शुरू करने से पहले किया जाना आवश्यक है।

(ल) बच्चों को टैंक के ढक्कन अथवा किट से दूर रखा जायें ताकि वे टैकं के स्कू और ताले से सुरक्षित रहे, कर्मचारी सावधान रहेगें जब मल निस्तारण प्रकिया चल रही हो जो कि ढक्कन पर अधिक भार हेतु है। या मेन हाल का आच्छादन टूटने से बचा रहे।

**6–सेप्टेज खाली करना ओर वाहन के पंजीकरण का परिवहन :–**

6.1 नगर पालिका परिषद्, खटीमा परिवहन वाहन को दर्ज करेगा ओर इसका लाईसेन्स निर्गत करेगा निजि व्यवसायीयों के लिये जिनके पास मशीनीकरण खाली करना और परिवहन गाडी उपलब्ध हो तो इस प्रकार का लाईसेन्स निर्गत करने से पूर्व यह आशान्वित करेगा यह वाहन उचित उपकरण ओर उचित सुरक्षा माप से सुसज्जित है। तथा मानकों के अनुरूप है सेप्टेज ट्रान्सपोर्टर को अपने वाहन का पंजीकरण कराने हेतु नगर पालिका परिषद्, खटीमा के समक्ष अपना प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करना होगा जिसके साथ वाहन परमिट प्रपत्र व परमिट प्रपत्र की प्रति प्रार्थना पत्र के साथ सलंग्न करना होगा ।

6.2 नगर पालिका परिषद्, खटीमा सीमान्तर्गत कोई भी व्यक्ति या वाहन पंजीकृत सेप्टेज ट्रान्सपोर्टर द्वारा ही प्रयोग किया जायेगा। जो कि एकत्रीकरण परिवहन एवं सेप्टेज के प्रयोजन हेतु अनुमन्य है। जब तक कि इसका पंजीकरण सेप्टेज ट्रान्सपोर्टेशन व्हीकल एस0एम0सी0 के साथ इन प्रोटोकालों में पंजीकृत नही है।

सारणी–1 पंजीकरण व्यय

| | |
|---|---|
| **अ–प्रारम्भिक पंजीकरण–** | **रू0 2,000=00 प्रतिवाहन / गाडी** |
| **ब–वार्षिक नवीनीकरण–** | **रू0 1,500=00 प्रतिवाहन / गाडी** |
| **स–नाम परिवर्तन / स्वामित्व का परिवर्तन –** | **रू0 1,000=00 प्रतिवाहन / गाडी** |
| **द–अन्य संशोधन आवश्यकतानुसार –** | **रू0 1,500=00 प्रतिवाहन / गाडी** |

**(समस्त लागत दर 10 प्रतिशत वार्षिक की दर से बढेगा)**

**7–उपभोक्ता लागत और इसका संचयः–**

7.1 इस क्षेत्र के समस्त मालिक जो सेप्टिक टैकं और शौचालय के गढढे जिसका भुगतान उपभोक्ता करेगा जैसा कि नगर पालिका में फीकल स्लज और सैप्टज उपनियम में समय–2 पर दर्शाया गया है। जो कि सेप्टिक टैकं के भरने शौचालय के गढढे, परिवहन और फिकल स्लज एवं सैप्टेज के उपाय हेतु है।

7.2 नगर पालिका परिषद्, खटीमा अपनी लागत से संशोधित करेगा जो कि समय–2 इससे सम्बन्धित है। ऐसी उपयोगिता लागत परिवहन फिकल स्लज व सैप्टेज के निष्कासन हेतु है।

7.3 उपभोक्ता लागत क्षेत्र विशेष के स्थायी एकत्र किये जायें जो निम्नवत है।

(अ)– उपभोक्ता लागत प्रत्यक्ष प्रत्येक रूप से नगर पालिका परिषद्, खटीमा द्वारा वसूल किया जायेगा या नगर पालिका परिषद्, खटीमा के कोष में जमा किया जायेगा। जो कि सम्बन्धित भवन / सैप्टिक टैंक मालिक से वसूल किया जायेगा।

(ब)– उपभोक्ता लागत को मासिक सिचॉई लागत या सम्पत्ति कर में जोडा जायेगा अथवा एक विशेष नगरीय पर्यावरण फीस भुगतान जैसा कि कार्यक्रम के अन्तर्गत होगा, करना होगा।

**सारणी–2 उपभोक्ता लागत**

| क्र0सं0 | भवन का वर्ग | प्रति यात्रा लागत | किराये की अधिकतम अवधि जो सेप्टिक टैकं एवं शौचालय गढढे हेतु निर्धारित है। | मासिक दण्ड 1–5 की दर सामान्य लागत के लिये जो कि निर्धारित निस्तारण के अनुपालन हेतु होगा |
|---|---|---|---|---|
| 1– | टीनशैड वाला मकान | 1000=00 | कम से कम 2–3 वर्ष मे एकबार जब 2 टैंक होते हे 2/3 भाग जो भी पहले भरा जाये कम से कम प्रत्येक 2 वर्ष में एक बार । | 50=00 |
| 2– | अन्य समस्त मकान | 2500=00 | | 100=00 |
| 3– | दुकान | 2500=00 | | 125=00 |
| 4– | सरकारी / निजि कार्यालय | 2000=00 | | 250=00 |
| 5– | बैकं | 3500=00 | | 350=00 |
| 6– | सामुदायिक शौचालय / मूत्रालय | 3000=00 | | 500=00 |
| 7– | रेस्टोरेन्ट | 2500=00 | | 500=00 |
| 8– | होटल / गेस्ट हाउस (1–10 कमरे) | 3500=00 | | 250=00 |
| 9– | धर्मशाला(1–25 कमरे) | 3500=00 | | 625=00 |
| 10– | सकारी स्कूल / कालेज | 2000=00 | | 1000=00 |
| 11– | निजि स्कूल / कालेज | 2500=00 | | 500=00 |
| 12– | 20 व्हीलर व्हीकल शौरूम | 2000=00 | | 625=00 |
| 13– | विवाह हाल / बैकंट हाल | 3500=00 | | 1100=00 |
| 14– | बार | 3500=00 | | 625=00 |
| 15– | सरकारी हास्पिटल | 3000=00 | | 625=00 |
| 16– | नर्सिगं होम / क्लीनिक | 3000=00 | | 500=00 |
| 17– | पैथोलाजी लैब | 3000=00 | | 500=00 |
| 18– | निजी अस्पताल 20 बैड तक | 3500=00 | | 500=00 |
| 19– | चावल मिल / अन्य मिल | 3500=00 | | 1750=00 |

नोट–: उपरोक्त उपभोक्ता व्यय सांकेतिक है, और उनका निर्णय और स्वीकृति नगर पालिका परिषद्, खटीमा द्वारा निर्गत किये जायेगें।

2– मल निस्तारण समयावधि में होगा, या जब टैकं 2/3 की आपूर्ति कर देता है। (जैसा कि नगर पालिका परिषद्, खटीमा द्वारा स्वीकृत है)

3– उपभोक्ता लागत 5 प्रतिशत वार्षिक दर से बढाई जायेगी।

8–**मैकेनिजम का निरीक्षण, कियान्वयन और मजबूती देना :–**

8.1 कोई भी व्यक्ति जो कि एस0एम0सी0 (सैप्टिक मैनेजमेन्ट सेल) / नगर पालिका परिषद्, खटीमा द्वारा अधीकृत है उसको पूर्ण अधिकार होगा कि वह सैप्टिक टैकं एवं हर एक मकान के शौचालय, गढढे या सामुदायिक / संस्थागत आदि का निरीक्षण करेगा।

8.2 मल निस्तारण का अनुपालन न करना जैसा कि उपरोक्त वर्णित है जुर्माना अलग से लगाया जायेगा और जुर्माना से प्राप्त धनराशि नगर पालिका कोष में जमा होगी ।

8.3 नगर पालिका परिषद्, खटीमा, क्षेत्र के टैंक के खाली होने का अभिलेख रखेगें।

8.4 अवचेतना कार्यक्रम समय–2 पर चलाया जायेगा जो कि प्रत्येक व्यक्ति सरकार या निजि व्यवसाय के प्रशिक्षण हेतु होगी। जो कि सैप्टिक टैकं, बायोडाइजस्टर मल निस्तारण सैप्टिक टैकं का एकत्रीकरण, मशीनरी, परिवहन निष्पादन और सेप्टज का ईलाज।

**9–दण्डः–**

दण्ड का ढाचॉ उपकरण रहित / अकार्यशील जी0पी0एस0 प्रणाली निर्धन वर्ग की शिकायतें फिकल स्लज का एकत्र न करना और सैप्टज ईलाज प्लान्ट का / आर0एन0एल0 का रजिस्टेशन न करना सुरक्षित उपाय मल निस्तारण गाडियों को अनुपालन न करना ।

**सारणी–3 दण्ड**

| क्र0 सं0 | शिकायत का प्रकार | दण्ड या कार्यवाही प्रपत्र दृष्टया पकडी गई वर्ष में एकवार मल निस्तारण वाहन | दण्ड या कार्यवाही वर्ष में दोबारा पकडी गयी मल निस्तारण वाहन से सम्बन्धित | दण्ड या कार्यवाही वर्ष में तीसरे वार पकडी गयी विशेष रूप से मूल निस्तारण वाहन |
|---|---|---|---|---|
| 1– | लोगों की सोचनीय सेवा की शिकायत | 2500=00 | 5000=00 | तीन महिने के लिये परमिट सेवा की शिकायत पर परमिट का निरस्तीकरण। |
| 2– | सेप्टेज / फीकल स्लज जैसा कि विशेष कार्य क्षेत्र में | 1000=00 | 6 माह के लिये परमिट को स्थगित करना। | |
| 3– | पंजीकरण न करना / पंजीकरण का नवीनीकरण न करना । | 1000=00 | 2000=00 | आर0 टी0 ओ0 को संस्तुति वाहन के पंजीकरण को निरस्त करने हेतु 3 महीने के लिये परमिट को स्थगितकरना / परमिट का निरस्तीकरण के लिये स्थगित करना। |

शास्ति / दण्ड

नगर पालिका खटीमा (उधम सिहॅ नगर) की सीमान्तर्गत "प्रोटोकाल फॉर सेप्टेज मैनेजमेन्ट" के अनुपालन हेतु माननीय राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा आवेदन सं0–10 / 2015 दिनॉक 10–12–2015 के आदेश के अनुपालन में तथा नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 299 (1) में प्रदत्त अधिकार एवं शक्तियों का प्रयोग करते हुए ऐसे नगरवासी जो प्रोटोकाल फॉर सेप्टेज मैनेजमेन्ट की उपविधि की किसी भी धारा का उल्लंघन करेगा अथवा करता हुआ पाया जायेगा, दोष सिद्ध पाये जाने पर रू0 5,000=00(पॉच हजार) का अर्थदण्ड किया जायेगा उल्लघंन निरन्तर जारी रहा तो प्रथम दोष सिद्ध होने की स्थिति में रू0 5,000=00 (पॉच हजार) के अतिरिक्त प्रतिदिन रू0 100=00 (एक सौ) की दर से अतिरिक्त अर्थदण्ड आरोपित किया जायेगा। अन्यथा सम्बन्धित के विरूद्व न्यायालय में वाद दायर किया जायेगा। उस पर होने वाले समस्त व्ययभार हर्जे–खर्चे की वसूली भू–राजस्व की भॉति वूसल की जायेगी। विवाद होने की स्थिति में न्यायालय क्षेत्र जिला– ऊधम सिहॅ नगर होगा ।

(प्रियंका सिंह)
अधिशासी अधिकारी,
नगर पालिका परिषद्, खटीमा (ऊधम सिंह नगर)

(रमेश चन्द्र जोशी)
अध्यक्ष,
नगर पालिका परिषद्, खटीमा (ऊधम सिंह नगर)

# भोजन में चावल केवल एक तिहाई लें

## 20 वर्ष की आयु के बाद रेगुलर हेल्थ चेकअप कराना आवश्यक



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के अटल पत्रकारिता एवं जनसंचार अध्ययन केंद्र में अखिल भारतीय आर्युविज्ञान संस्थान (एमस) के पीआरओ आदित्य कुमार ने हेल्थ कम्यूनिकेशन विषय पर परिसर के पत्रकारिता व एलएलबी के छात्रों को व्याख्यान दिया, जिसमें छात्रों को स्वास्थ्य के प्रति जगरूक और 20 वर्ष की उम्र से रेगुलर हेल्थ चेकअप कराने को कहा। बता दें शनिवार को डीएसबी परिसर के पत्रकारिता विभाग में आयोजित व्याख्यान में दिल्ली एमस के पीआरओ अदित्य कुमार ने छात्रों को बताया की शरीर के अलग-अलग अंगों में अलग-अलग प्रकाक का कैंसर होता है। प्रोस्टेड कैंसर, वरजानल कैंसर तथा ब्रेस्ट कैंसर तथा ब्रेन कैंसर, बलड कैंसर ये आदि के जांच के तरीके भी भिन्न होते है। ग्रामीण क्षेत्रों में गंदगी और जानकारी न होने के कारण अधिकतर वरजा. इनल कैंसर होता है वहीं शहरों में जानकारी के आभव के कारण ब्रेस्ट कैंसर अधिक होता है। यदि इन बिमारीयों के लिए जागरूकता फैलाई जाए तो शुरूआत में ही इन बीमारियों को इलाज कर इनसे बचा जा सकता है।

कई कैंसर अनुवांशिक होते हैए जिनके बारे में हमे हमारे फैमली में डाकटरों से जानाकारी लेनी चाहिए। बायोप्सी से कैंसर नहीं फैलता है इस प्रक्रिया से केवल आपके कैंसर की जांच की जाती है। कुमांऊ में व्यवस्था बेहतर नहीं है जिसके कारण यहां के मरीजों को दिल्ली व देहरादून का रूख करना पड़ता है यदि जगरूकता के साथ अच्छा इफ्रास्टेक्चर बनाया जाए तो मरीजों को कहीं बाहर जाने की जरूरत ही नहीं होगी। बताया कि आजकल इंवस्टिगेशन ट्रीटमेंट हो रहे हैं। भारत में जनसंख्या इतनी अधिक है कि डाक्टर केवल तीन मिनट में मरीज को देखता है वहीं यूके में जनसंख्या लिमिटेड होने से डाक्टर एक मरीज को तीन घंटे तक आराम से देखता है। इसके साथ ही मोटे अनाज का सेवन करें और अपना कार्य के अनुसर डाइट लें, भोजन में चावल केवल एक तिहाई लें इसके साथ ही हेल्थ कम्युनिकेशन और समय-समय पर डाक्टरों से सलाह ले। स्वयं के स्वास्थ्य का स्वयं ही ध्यान दें। कहा कि 20 साल की उम्र के बाद अपना रेगुलर चेकअप अनिवार्य रूप से कराए जिससे बीमारियों की शुरूआति दौर में ही उनका इलाज कर बचा जा सके। पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. गिरीश रंजन तिवारी ने बताया कि पत्रकारिता एवं वकालत दोनों के लिए कम्युनिकेशन आवश्वक है, कम्युनिकेशन के फायदे व नुकसाल दोंनो ही हैं, यदि हम किसी समस्या में हैं किसी बात को लेकर दोराहे पर हैं तो बात करने से समस्या का समाधान किया जा सकता है और अगर हम कहीं पर कोई बात जो नहीं बोलना चाहिए बोलते है तो विवाद की स्थिति बन सकती है इसलिए पत्रकारिता व वकालत के छात्रों के लिए कमयुनिकेशन बेहद महत्वपूर्ण है। इस दौरान डा. पूनम बिष्ट, डा. सरिता कैड़ा व पत्रकारिता व वकालत के छात्र मौजूद रहे।

## बिन्देश गुप्ता अध्यक्ष, तरुण बंसल बने उपाध्यक्ष

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लक्ष्मी शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय बरेली रोड की प्रबंध समिति का चुनाव विद्यालय सभागार में शनिवार को खंड शिक्षा अधिकारी तारा सिंह की देखरेख मे एवं चुनाव अधिकारी प्रबंधक पूरन सिंह मोहन सिंह इंटर कॉलेज कुंव. रपुर गौलापार नरेंद्र सिंह मेहरा, पर्यवेक्षक वाम प्रधानाचार्य नगर निगम इंटर कॉलेज काठगोदाम की मौजूदगी में संपन्न हुए। प्रबंध समिति के लिए बिन्देश कुमार गुप्ता को अध्यक्ष और तरुण बंसल को उपाध्यक्ष चुना गया। जबकि पीयूष कुमार गोयल प्रबंधक, विपिन अग्रवाल उपप्रबंधक, नरेश अग्रवाल कोषाध्यक्ष तथा सुशील कुमार अग्रवाल, वेदप्रकाश अग्रवाल, भगवान सहाय अग्रवाल, राजीव अग्रवाल, पीयूष गर्ग, हेमंत सिंह बगड्वाल, दीपक कुमार अग्रवाल निर्विरोध सदस्य चुने गए। चुनाव सम्पन्न होने के बाद सभी पदाधिका. रियों और सदस्यों ने विद्यालय के निरंतर सर्वांगीण चहुंमुखी विकास का संकल्प लिया।

## एक नजर

### नाबालिग बनी मां, जैविक पिता पहुंचा जेल

**नैनीताल।** जिला अस्पताल पहुंच एक दिन पहले जो युवक खुद के पिता बनने का जश्न मना रहा था उसे पॉक्सो मामले में सलाखों के पीछे जाना पड़ा। पुलिस ने नाबालिग के मां बनने के मामले में जैविक पिता को कोर्ट पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है, वहीं मां व उसके बच्चे को स्वजनों के सुपुर्द किया गया है। बता दें कि शुक्रवार को शहर की एक नाबा. लिग पेट दर्द की शिकायत को लेकर बीडी पांडे अस्पताल पहुंची थी। जहां उसने एक स्वस्थ बच्ची को जन्म दिया। मां के महज 15 वर्षीय होने के कारण मामला शहर में चर्चा का विषय बन गया। इस बीच एक युवक भी अस्पताल पहुंचा हुआ था। खुद को नाबालिग मां से जन्मी बच्ची का जैविक पिता बताते हुए युवक ने जमकर जश्न मनाकर लोगों में मिठाई भी बांट दी हालांकि देर शाम उसे हिरासत में ले लिया गया जिसे शनिवार को न्यायालय पेश किया गया। एसआई आशा बिष्ट ने बताया कि खुद को बच्ची का जैविक पिता बताने वाले पॉक्सो आरोपित शीतलाखेत अल्मोड़ा निवासी सूरज को न्यायालय पेश कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है वहीं दूसरी ओर नाबालिग मां व बच्ची को उसके स्वजनों के सुपुर्द किया गया है।

### अपर मालरोड पर पार्क वाहन जाम का कारण

**नैनीताल।** नगर की अपर माल रोड पर टू वे वाहन चलने के बीच सडक किनारे पार्क वाहन जाम का कारण बन रहे हैं वहीं पैदल चलने वालों के लिए भी दिककतें पैदा हो रही हैं। बता दें कि नैनीताल में लोअर मालरोड टूटने के बाद सूचना कार्यालय के समीप अपर मालरोड से ही वाहनों की आवाजाही कराई जा रही है। जिसके चलते अपर मालरोड में मल्लीताल की ओर लगभग 200 मीटर हिस्से में यातायात का दबाव पड़ रहा है। वहीं सड़क किनारे पार्क चार पहिंया वाहन जाम का कारण बन रहे हैं। शनिवार को भी सड़क किनारे पार्क वाहनों के चलते कई बार यातायात प्रभावित हुआ। लेकिन पुलिस या यातायात पुलिस ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। वहीं वाहनों की संख्या बढ़ने के कारण बिड़ला रोड पर भी वाहनों की कतार लगी रही। एसपी यातायात व अपराध डा. जगदीश चन्द्रा ने बताया कि सड़क किनारे वाहन पार्क कर यातायात प्रभावित करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं यातायात व्यवस्थित करने के लिए पुलिस सडकों से वाहनों को हटा रही है।

### नैनीताल में टैकसी कार की टक्कर से लंगूर घायल

**नैनीताल।** हल्द्वानी से नैनीताल जा रही टैक्सी कार से टकराकर सड़क में बैठा लंगूर गंभीर रूप से घायल हो गया। लहूलुहान लंगूर को सड़क पर छोड़कर टैकसी चालक फरार हो गया। जानकारी के अनुसार शनिवार को हल्द्वानी से नैनीताल की ओर जा रही एक टैक्सी ने ताकुला में लंगूर को टक्कर मार दी। कार की टक्कर से लंगूर घायल हो गया लेकिन टैकसी चालक नहीं रुका एक स्कूटी सवार ने आगे जाकर टैक्सी से लंगूर घायल होने की बात कही लेकिन वह नहीं रुका। राहगीरों ने घटना की जानकारी वन विभाग को दे दी है। वन क्षेत्राधिकारी मुकुल शर्मा ने बताया कि घायल लंगूर की तलाश की जा रही है। आरटीओ से टैक्सी की जानकारी ली जा रही है। टैक्सी चालक के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### अनूठा पौधारोपण आंदोलन जारी

**नैनीताल।** राज्य आंदोलनकारी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान शनिवार को 445 वें दिन भी जारी रहा। पौधारोपण अभियान के 445वें दिन डीडीहाट में अपने पिताजी स्वर्गीय तारादत्त गुरुरानी की स्मृति में स्मृति पौध लगाया। दिनेश गुरुरानी ने कहा कि रविवार (आज) पर्यटक आवास गृह डीडीहाट में 11 बजे से चिन्हित व वंचित राज्य आंदोलनकारियों की एक बैठक आहूत की गई है। जिसमें वंचित आंदोलनकारियों को राज्य आंदोलनकारी बनाने व राज्य आंदोलनकारियों को बेहतर सुविधाएं दिलाने पर चर्चा की जाएगी तथा भावी रणनीति तय की जाएगी। बैठक में पिथौरागढ़ मुख्यालय से वंचित राज्य आंदोलनकारी संगठन के पदाधिकारी भी पहुंचेंगे। राज्य निर्माण सेनानी संगठन के जनपद अध्यक्ष गोविंद सिंह रावत ने सभी आंदोलनक. ारियों से उक्त बैठक में भाग लेने की अपील की है।

### वीकेंड में पर्यटकों की भीड़ से बढ़ी रौनक

**नैनीताल।** नगर में लंबे समय के बाद वीकेंड में पर्यटकों की भीड़-भाड़ से खूब रौनक देखने को मिली। पर्यटकों ने नगर की बाजारों में चहल कदमी करने के साथ ही नैनी झील में नौकायन का आनंद लिया। इसके साथ ही उन्होंने नगर के सभी दर्शनीय स्थलों के दीदार किए। नगर से साथ ही समीपवर्ती भवाली, भीमताल, नौकुचियाताल, कैंची, गागर, मुक्तेश्वर, सरिताताल समेत अन्य दर्शनीय स्थलों में रौनक देखने को मिली।

### श्री हनुमान चालीसा पाठ में उमड़ी भक्तों की भीड़

नैनीताल। नैनीताल में शनिवार को सामूहिक श्री हनुमान चालीसा पाठ में भक्तों की टोली सैकड़ों की संखया में भजन कीर्तन करते हुए हनुमान गढ़ी मंदिर, मां नैना मंदिर होते हुए श्री राम सेवक सभा मल्लीताल बड़ा बाजार में पहुंचे। सभा भवन में संस्था के अध्यक्ष मनोज साह एवं सभी सदस्यों ने हल्द्वानी से आए सभी रामभक्तों का स्वागत किया। इसके बाद संगीतमय हनुमान चालीसा पाठ एवं सुंदर भजनों का गायन भक्तों द्वारा किया गया। सैकड़ों की संख्या में नैनीताल पहुंचे भक्तों का अनुशासित होकर शांतिपूर्वक नगर भ्रमण नैनीताल में आकर्षण का केंद्र बना रहा। स्थानीय निवासी हल्द्वानी से आए भक्तों की शालीनता और सरलता को लेकर चर्चा करते हुए भी देखे गए।

# क्विज में एलपीएस नैनीताल ने मारी बाज़ी

## प्राणी उद्यान में वन्य प्राणी सप्ताह के अन्तर्गत प्रतियोगिताएं

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** प्राणी उद्यान प्रबंधन की ओर से शनिवार को वन्य प्राणी सप्ताह के तहत तृतीय दिवस प्राणी उद्यान के निदेशक आकाश गंगवार के विशेष दिशा-निर्देशन में स्कूली बच्चों के मध्य क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बता दें कि क्विज प्रतियोगिता के प्रथम चरण प्रतिभागियों को वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र दिया गया। उसके उपरान्त द्वितीय चरण में प्रथम चरण के सर्वश्रेष्ठ 7 विद्यालयों के विजयी प्रतिभागियों के बीच मौखिक क्विज प्रतियोगिता करायी गई। जिसमें प्रतिभागियों को प्रश्न के उत्तर प्रोजेक्टर स्क्रीन में देखकर दिया गया। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लौंग व्यू पब्लिक स्कूल नैनीताल, द्वितीय स्थान बिशप शां इंटर कालेज नैनीताल तथा तृतीय स्थान मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर नैनीताल ने हासिल किया जबकि सांत्वना पुरस्कार के हकदार राधा चिल्ड्रन एकेडमी, नैनीताल एवं भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय नैनीताल रहे। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के कुल 100 अध्यापक/अध्यापिका एवं विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम का संचालन अनुज काण्डपाल बायोलॉजिस्ट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सुश्री स्वाति उप निदेशक, आनन्द लाल वन क्षेत्राधिक. ारी, जगदीश सिंह कोरंगा वन दरोगा, नितिन मुकेश वन आरक्षी, अरविन्द कुमार वन आरक्षी, विक्रम सिंह मेहरा फार्मासिस्ट, आनन्द सिंह सिस्टम एनालिस्ट एवं हिमालयन बोटैनिकल गार्डन के समस्त अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



### बोटेनिकल गार्डन में पेड़ों की पहचान प्रतियोगिता

वन्य प्राणि सप्ताह के तहत शनिवार को हिमालयन बोटैनिकल गार्डन नारायणनगर में पेड़ों की पहचान प्रतियोगिता करायी गयी जिसमें विभिन्न विद्यालयों के कुल 20 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया गया। प्रतिभागियों को बोटैनिकल गार्डन का भ्रमण कराया गया एवं गार्डन में विद्यमान विभिन्न पौधों की प्रजातियों के बारे विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन डा. रजनी रावत बोटनिस्ट हिमालयन बोटैनिकल गार्डन द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को 8 अक्टूबर बुधवार को पुरस्कृत किया जायेगा।

# स्वच्छता के प्रति किया जागरूक



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सौहार्द जन सेवा समिति द्वारा शनिवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कठघरिया एवं फतेहपुर जूनियर हाईस्कूल में स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था की ओर से छात्राओं को 200 सेनेटरी पैड, साबुन और चॉकलेट आदि वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान संस्था की अध्यक्ष विद्या महतोलिया ने छात्राओं को मासिक धर्म, स्वच्छता एवं पोषण से संबंधित जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मासिक धर्म के दौरान बालिकाओं में आयरन और कैल्शियम की कमी हो सकती है, जिससे शरीर में कमजोरी आना सामान्य है। ऐसे में पौष्टिक आहार जैसे दालें, हरी सब्जियाँ, दूध और फल का सेवन करना आवश्यक है। साथ ही उन्होंने बालिकाओं को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से आयरन व कैल्शियम की गोलियाँ लेने की सलाह भी दी। इस कार्यक्रम में संस्था की सचिव विद्या जोशी, अंजू पांडे, कविता तिवारी, पूर्णिमा पाण्डेय सहित विद्यालय की प्रधानाचार्या लीला चौहान, सहायक शिक्षिका बीना लोहनी, फतेहपुर विद्यालय के प्रधानाचार्य डीके आर्या, मंजू आर्या, मीना पडलिया आदि मौजूद रहे।

# किसानों की पशुओं से जुड़ी रहती है आत्माः डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** जिलाधिकारी मनीष कुमार ने कहा किसानों का पशुओं के साथ आत्मा एवं परमात्मा जैसा संबंध होता है। जब पशु स्वस्थ होगा दूध अच्छा देगा,किसान स्वयं समृद्ध हो जाता है।

एक किसान परिवार में पैदा होने के कारण मुझे अपने व्यक्तिगत जीवन में उन सभी बातों का अनुभव है कि किसानों का पशुओं के साथ कैसा संबंध होता है।

डीएम ने जानलेवा पशु रोगों के 14 दिवसीय निवारण अभियान का शुभारंभ करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा यह ऐसा अभियान है जिसमें किसान अपने पशुओं में होने वाली जानलेवा बीमारियों से बचा सकते हैं। पशुओं में खुर पका, मुंह पका वह रोग है जो पशुओं को पूरी तरह कमजोर कर देता है।

इसी प्रकार लंपी वायरस डिजीज भी पशुओं की शक्ति क्षीण कर देता है। हमारे जिले में ही तीन वर्ष पूर्व लंपी वायरस से दुधारू पशु के मरने से सैकड़ों किसानों के मुंह का निवाला छीन लिया था। उन्होंने अभियान से जुड़े लोगों का आवाहन किया कि वे दुधारू पशुओं को उक्त जानलेवा रोगों से बचाने के लिए अधिकाधिक पशुपालकों तक अपनी सेवाएं पहुंचाएं।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका की अध्यक्ष प्रेमा पांडे, ब्लॉक प्रमुख अंचला बो. हरा,मुख्य विकास अधिकारी डॉ जीएस खाती, जिला विकास अधिकारी दिनेश दिगारी, डीएसटीओ डी?के तिवारी आदि प्रमुख लोग मौजूद थे।

विभाग की ओर से उपमुख्य जिला पशु चिकित्साधिकारी डा. नंदन प्रसाद आगरी एवं दीपक वर्मा ने सभी का स्वागत किया तथा सभी ने हरी झंडी दिखाकर इस महत्वपूर्ण अभियान का शुभारंभ किया।

# बताया, कैसे छोड़ सकते हैं तंबाकू



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** मुख्य चिकित्साधिकारी नैनीताल के निर्देशों के क्रम में राजकीय पॉलिटेनिक कॉलेज नैनीताल में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में सामाजिक कार्यकर्ता हरेंद्र कठायत द्वारा तंबाकू से होने वाली हानियां एवं कोटा एक्ट 2003 की धारा 4, 5, 6 एवं 7 के बारे में विद्यार्थियों को विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई।

इस मौके पर डा. गरिमा कांडपाल (मनोचिकित्सक) द्वारा मानसिक स्वास्थ्य पर जानकारी देते हुए मान. सिक अवसाद के कारणों एवम उसके बचाव पर जानकारी प्रदान की गई जबकि डा. मेघा पोरवाल (काउंसलर) द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि नशे की गिरफ्त में फंसे व्यक्ति को पुनः समाज के मुख्य धारा से जोड़ने हेतु काउंस. लिंग की मदद ली जाती है।

एवं काउंसलिंग के विभिन्न आयाम के बारे में जानकारी प्रदान की गई साथ ही निकोटेक्स के माध्यम से कैसे धीरे-धीरे व्यक्ति नशे से दूर जाता है इस पर चर्चा की गई। कार्यशाला में प्रथम वर्ष के तनीषा खोलिया, तनुजा जोशी, स्वाती भट्ट एवं कुणाल द्वारा अपने विचार व्यक्त किए गए। कार्यशाला में पॉलिटेनिक कॉलेज नैनीताल के प्रधानाचार्य एकेएस गौड़ समेत, भावना पंत, लक्ष्मी गोस्वामी, सविता पांडे, मुकेश कुमार तथा कमल पंत आदि द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# नगर निगम में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**हल्द्वानी।** स्वस्थ नारी सशक्त परिवार और आठवें राष्ट्रीय पोषण माह अभियान के तहत नगर निगम सभागार में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। शिविर में पर्यावरण मित्रों और महिलाओं स्वास्थ्य की जांच की। इस दौरान सांसद भट्ट ने भी शिविर में स्वास्थ्य की जांच कराई। सांसद भट्ट ने महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करते हुए कुपोषण बीमा. रियों एवं स्वच्छता के प्रति सजग रहने का आवाहन किया। दौरान पर्यावरण मित्र बहनों को सेनेटरी नैपकिन बांट कर स्वच्छता के लिए जागरूक करने का संदेश दिया गया। सांसद भट्ट ने कहा कि महिलाओं के हाथ में सत्ता लाने के लिए 2047 की तैयारी हो रही है।

# स्वदेशी अपनाएं स्वयंसेवकः नित्यानंद



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताबदी वर्ष पर भवाली नगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शस्त्र पूजन की परंपरा का निर्वहन करते हुए देशभक्ति का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नित्यानंद ने उपस्थित स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने का आह्वान किया कहा कि आत्मनिर्भर भारत की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे नगर संघचालक कैलाश सुयाल ने संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने को देशभक्ति का महापर्व बताते हुए पंच परिवर्तन (शिक्षा, संस्कृति, समाज व अर्थ व पर्यावरण) पर कार्य करने का आवाहन स्वयंसेवको से किया उन्होंने कहा कि संघ ने सदैव राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए समाज में सेवाए एकता और जागरूकता का कार्य किया है वहीं नगर संघचालक राहुल कंसल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संघ के शताब्दी वर्ष पर विशेष डाक टिकट और 100 रुपए मूल्य का स्मृति सिक्का जारी करने को देश का सम्मान बताते हुए कहा कि संघ के कार्यकर्ताओं के साथ ही यह राष्ट्र के लिए भी गर्व का विषय है। कार्यक्रम में विधायक सरिता आर्या समेत नीमा बिष्ट, प्रमोद टंडन, सह संघचालक भुवन चंद्र, प्रमोद बिष्ट, प्रकाश आर्या, शिवांशु जोशी, राजेन्द्र कपिल, जुगल मठपाल, कंचन साह, हेम आर्या, शुभम कुमार, लोकेश पाल. ीवाल, मुकेश गुरुरानी, दिनेश जोशी, एस कोरंगा, पंकज वैभव, आनंद, पंकज मठपाल, अंकित भाकुनी, उमा पढालनी, डा. प्रगति जैन, सुधा आर्या, वर्षा आर्या तथा तनुजा बगडवाल, हेमा, ममता सहित अने. को स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

कार्यालय उप महाप्रबन्धक (तकनीकी)
उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड
मण्डी भवन, कलैक्ट्रेट परिसर, रूद्रपुर (उधमसिंह नगर)
Ph:05944/250056 Fax:05944/250056

पत्रांक: नि0अनु0/निविदा सूचना/2025-493 दिनांक: 04/10/2025

निविदा सूचना

उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 18.10.2025 को काशीपुर मण्डी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम खरमासा में बापुधाम मंदिर से संजय गौड़ के घर तक मार्ग का निर्माण कार्य, धरोहर धनराशि रू0 74000.00, निविदा मूल्य 2000+G.S.T. श्रेणी-स, समायावधि 06 माह एवं नानकमत्ता मण्डी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम सिद्धा में मुख्य सड़क से सुरेन्द्र सिंह के घर की ओर मार्ग का निर्माण कार्य, धरोहर धनराशि रू0 31000.00, निविदा मूल्य 1500+G.S.T. श्रेणी-द, समायावधि 06 माह हेतु अपराह्न 03:00 बजे तक रुद्रपुर स्थित निदेशालय भवन में निविदा आमंत्रित की जाती हैं, जो उसी दिन अपराह्न 03:30 बजे उपस्थित निविदादाताओं / प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जायेगी। इच्छुक निविदादाता निविदा क्रय करते समय प्रार्थना-पत्र के साथ धरोहर धनराशि संलग्न करना अनिवार्य होगा, जो उप महाप्रबन्धक (तकनीकी), उत्तराखण्ड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड, रूद्रपुर के नाम बन्धक होगी। निविदा दिनांक 17.10.2025 तक कार्यालय समय तक बेची जाएगी तथा मण्डी विपणन बोर्ड में पंजीकृत ठेकेदारों को ही श्रेणीवाद दी जायेगी।

उप महाप्रबन्धक (तकनीकी)

कार्यालय सहायक अभियन्ता, प्रथम नलकूप उपखण्ड, टनकपुर

पत्रांक: 155/स0अ0प्र0/अल्पकालीन नि0सू0सं0/ दिनांक: 04/10/2025

अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या 08/अधि0 अभि0/2025-26/ दिनांक 04.10.2025

महामहिम राज्यपाल, उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी निम्न कार्य की मोहरबन्द निविदायें पंजीकृत ठेकेदार अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि से दिनांक 18.10.2025 को अपरान्ह 01:00 बजे अधोहस्ताक्षरी अथवा उसके अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उसके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। यह निविदायें दिनांक 17.10.2025 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 11:00 बजे से सायं 04:00 बजे तक निर्धारित मूल्य जमा कर कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, नलकूप उपखण्ड, टनकपुर से प्राप्त की जा सकती हैं जो दिनांक 18.10.2025 को अपरान्ह 12:00 बजे अपरान्ह तक टेंडर बाक्स में डाली जा सकती हैं। यह निविदायें सील्ड कवर में भेजी जायेगी। विलम्ब से प्राप्त निविदायें स्वत: निरस्त मानी जायेगी। निविदा के लिफाफे के ऊपर स्पष्ट शब्दों में दिनांक 18.10.2025 को देय निविदा अंकित होना आवश्यक है। धरोहर धनराशि डाकघर की राष्ट्रीय बचत पत्र अथवा राष्ट्रीकृत बैंक की फिक्स डिपोजिट के रूप में जो कि अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, टनकपुर (जिला चम्पावत) के नाम से बंधक बनाकर अलग लिफाफे में रखी जायेगी। निविदा प्रपत्र अलग-अलग लिफाफे में डाल कर बन्द करके अलग रखना होगा। दोनों लिफाफे में स्पष्ट विवरण अंकित करना होगा। धरोहर राशि व निविदा प्रपत्र के अलग लिफाफे में एक अन्य लिफाफे में बन्द करके सील्ड करके प्रेषित करने होगें। बिना धरोहर धनराशि जमा किये सशर्त निविदायें अमान्य होगी। अधोहस्ताक्षरी को कोई भी निविदा अथवा समस्त निविदायें बिना कारण निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित होगा। निविदा प्रपत्र के साथ रू0 100.00 का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पर दरों की वैधता अंकित कर संलग्न करना आवश्यक होगा।

| लॉट सं0 | कार्य का विवरण | धरोहर राशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य व्यापार कर सहित (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | नाबार्ड मद के अन्तर्गत जनपद-चम्पावत के विकासखण्ड-चम्पावत के ग्राम-चूका गाँव में सौलर पावर आधरित लिफ्ट सिंचाई योजना हेतु विद्युत उपकरणों की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। | 17000.00 | 1000.00+18% जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 2 | नाबार्ड मद के अन्तर्गत जनपद-चम्पावत के विकासखण्ड-चम्पावत के ग्राम-डांडा में सौलर पावर आधरित लिफ्ट सिंचाई योजना हेतु विद्युत उपकरणों की आपूर्ति एवं स्थापना का कार्य। | 18000.00 | 1000.00+18% जी0एस0टी0 | 03 माह |
| 3 | अनुरक्षण मद के अन्तर्गत कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, नलकूप खण्ड, टनकपुर हेतु कम्प्यूटर ऑपरेटर, स्वीपर एवं चौकीदार उपलब्ध कराने का कार्य एवं केन्द्रीय कार्यशाला नलकूप खण्ड, टनकपुर हेतु मोटर वाइंडर एवं हैल्पर उपलब्ध कराने का कार्य तथा लिफ्ट सिंचाई योजना खिरद्वारी, लुडियालसेरा एवं फुर्कियाझाला हेतु पम्प ऑपरेटर उपलब्ध कराने का कार्य। | 20500.00 | 1000.00+18% जी0एस0टी0 | 06 माह |

नोट- अन्य शर्ते कार्यालय सहायक अभियन्ता प्रथम, नलकूप उपखण्ड, टनकपुर में देखी जा सकती है।

सहायक अभियन्ता प्रथम
नलकूप खण्ड, टनकपुर

उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम) Corporate Identity No. UR40109UR2001SGC025867/2358,
विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन, कांवली रोड, देहरादून
दूरभाष संख्या : 91-0135-2763672-75, फैक्स : 91-0135-2760289

ई-निविदा तिथि विस्तार सूचना

इस कार्यालय द्वारा पूर्व में आमंत्रित ई-निविदा विशिष्टीकरण संख्या सी0सी0पी0 - I/13/2025-2026 को अपरिहार्य कारणों से विस्तारित किया जाता है, जिसका विवरण निम्नवत् है:-

| क्र0 सं0 | पैकेज संख्या | जनपद का नाम | स्थान | अनुमानित लागत (₹ लाख में) | धरोहर राशि (₹ लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी0एस0टी0 सहित (₹ में) | आनलाईन एवं आफ लाईन के माध्यम से निविदा पूर्व आयोजित सभा की तिथि एवं समय | निविदा हेतु आनलाईन आवेदन करने एवं आनलाईन एवं आफ लाईन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | आनलाईन एवं आफ लाईन निविदा भाग-एक खुलने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कार्य का नाम:- Revamped Distribution Sector Scheme के अन्तर्गत स्काडा के कार्य हेतु | | | | | | | | |
| 1 | एच | देहरादून एवं हरिद्वार | देहरादून, ऋषिकेश एवं हरिद्वार | 6906.00 | 138.12 | 29,500.00 | 16.10.2025 को 11:30 बजे विक्टोरिया क्रॉस विजेता गबर सिंह ऊर्जा भवन कॉवली रोड़, देहरादून | 29.10.2025 को 17:00 बजे तक | 30.10.2025 के 11:30 बजे |

अन्य नियम व शर्त मूल ई-निविदा के अनुसार रहेगी। विस्तृत विवरण के लिए कृपया वैबसाईट www.uktenders.gov.in को देखें

No.: 611/EE/(CM)/UPCL/A-2 Dt.04.10.2025

अधीक्षण अभियन्ता
कारपोरेट (अनुबन्ध एवं क्रय-प्रथम)

राष्ट्र हित में बिजली बचायें, बिजली बचाने हेतु एल.ई.डी. बल्ब का प्रयोग करें। (टोल फ्री नं० 1912) "विद्युत बिलों के 24X7 ऑनलाईन भुगतान हेतु www.upcl.org पर जाएं" (विद्युत चोरी की सूचना टोल फ्री नं० 1800 180 4185 / फैक्स नं०: 0135-2760911 पर दें)

# 26 बीघा अवैध प्लॉटिंग पर गरजी एमडीडीए की जेसीबी

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने शनिवार को राजधानी देहरादून में अवैध प्लॉटिंग और अनधिकृत निर्माणों के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी के नेतृत्व में प्राधिकरण की टीम ने शिमला बाईपास, मेहुवाला माफी, हरब. जवाला, बुद्धपुर, नया गांव और विकासनगर क्षेत्र में एक साथ अभियान चलाते हुए कई अवैध निर्माणों को ध्वस्त किया और कई भवनों को सील किया। कार्रवाई के दौरान लगभग 26 बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग ध्वस्त की गई, जबकि छह स्थानों पर अवैध व्यवसायिक एवं आवासीय निर्माणों को सील किया गया।



**■ अवैध प्लॉटिंग और निर्माणों पर प्राधिकरण लगातार कर रहा कार्रवाई, आधा दर्जन से अधिक अवैध व्यवसायिक एंव आवासीय निर्माण सील, उपाध्यक्ष तिवारी ने खुद संभाला मोर्चा, बोले-बिना स्वीकृति भूमि काटने या निर्माण करने वालों पर होगी सख्त कानूनी कार्रवाई**

एमडीडीए की ओर से यह कार्रवाई मुख्यमंत्री धामी की उस नीति के तहत की जा रही है, जिसमें राजधानी और आसपास के क्षेत्रों को सुनियोजित विकास की दिशा में आगे बढ़ाने तथा अवैध निर्माणों पर सख्त नियंत्रण सुनिश्चित करने का लक्ष्य रखा गया है।एमडीडीए की टीम ने सबसे पहले उपाध्यक्ष बशीधर तिवारी के नेतृत्व में मेहुवाला माफी स्थित श्रीराम इन्क्लेव में अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई की। इस क्षेत्र में कुनाल राठौर व अन्य द्वारा लगभग 10 बीघा भूमि पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। संयुक्त सचिव गौरव चटवाल के आदेशों पर एमडीडीए की टीम ने मौके पर पहुंचकर बुलडोजर चलाया और संपूर्ण प्लॉटिंग ध्वस्त कर दी। इसके बाद टीम ने शिमला बाईपास रोड स्थित बालाजी इन्क्लेव में महेश उपाध्याय, सतीश व अन्य द्वारा की जा रही अवैध प्लॉटिंग पर कार्रवाई की। यहाँ भी लगभग 10 बीघा भूमि पर अनधिकृत प्लॉटिंग को तत्काल प्रभाव से ध्वस्त कर दिया गया। इसी क्रम में हरबजवाला स्थित सरस्वती इन्क्लेव में जेपी यादव व अन्य द्वारा लगभग 6 बीघा भूमि पर की जा रही अवैध प्लॉटिंग को भी एमडीडीए की टीम ने बुलडोजर चलाकर समाप्त कर दिया।

इन सभी कार्यवाहियों में एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी, मुख्य अभियंता एच.सी.एस. राणा, प्राधिकरण की संयुक्त टीम तथा पुलिस बल मौके पर उपस्थित रहे। कार्रवाई के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

अवैध प्लॉटिंग के साथ-साथ प्राधिकरण ने विभिन्न क्षेत्रों में चल रहे अनधिकृत व्यवसायिक एवं आवासीय निर्माणों पर भी सीलिंग की कार्रवाई की। शिमला बाईपास रोड के बुद्धपुर क्षेत्र में सुमित कौशिक द्वारा किए जा रहे अवैध व्यवसायिक निर्माण को सील किया गया। इसी प्रकार नया गांव (गौस गोदाम के समीप) में भागीरथी देवी द्वारा किए जा रहे व्यवसायिक निर्माण को भी सील किया गया।

तुन्तोवाला रोड पर सतीश सैनी द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माण पर सीलिंग की कार्रवाई की गई। वहीं विकासनगर के तेलपुर मार्ग स्थित दुर्गा मंदिर के पास अमजद द्वारा किए जा रहे व्यवसायिक निर्माण को भी सील किया गया। इसके अतिरिक्त गंगोत्री विहार, मोनाल इन्क्लेव क्षेत्र में रोहित यादव और दिनेश द्वारा किए जा रहे अवैध निर्माणों को भी सील किया गया। सभी स्थानों पर एमडीडीए की प्रवर्तन टीम के साथ पुलिस बल मौजूद रहा और कार्यवाही शांतिपूर्वक संपन्न की गई।

## हर क्षेत्र की नियमित मॉनिटरिंग

एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कार्रवाई का नेतृत्व स्वयं मौके पर रहकर किया। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण देहरादून और आसपास के इलाकों को व्यवस्थित विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए लगातार अभियान चला रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध प्लॉटिंग और निर्माणों पर किसी भी सूरत में रियायत नहीं दी जाएगी। जो भी व्यक्ति बिना स्वीकृति के भूमि काटकर बेचने या निर्माण करने का प्रयास करेगा, उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## स्मार्ट और सुंदर शहर बनाना प्राथमिकता: तिवारी

उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने कहा कि एमडीडीए ने क्षेत्रवार निगरानी व्यवस्था को और सुदृढ़ किया है। अब हर क्षेत्र की नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि किसी भी नए अवैध निर्माण की सूचना तुरंत मिल सके। उन्होंने कहा कि शहर का सुनियोजित विकास तभी संभव है जब हर व्यक्ति नियमानुसार निर्माण करे। देहरादून को स्मार्ट और सुंदर शहर बनाना हमारी प्राथमिकता है। उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने जनता से भी अपील की कि वे किसी भी परियोजना या कॉलोनी में निवेश करने से पहले यह सुनिश्चित करें कि संबंधित भूमि या परियोजना प्राधिकरण से स्वीकृत हो। उन्होंने कहा कि अवैध प्लॉटिंग में निवेश करने से आम नागरिक को भविष्य में भारी आर्थिक नुकसान झेलना पड़ सकता है। इसलिए एमडीडीए की वेबसाइट या कार्यालय से जानकारी लेकर ही किसी प्रोजेक्ट में धन लगाएँ।

## अभियान निरंतर जारी रहेगा: सचिव

सचिव एमडीडीए मोहन सिंह बर्निया ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। आने वाले दिनों में भी प्राधिकरण क्षेत्रान्तर्गत ऐसे सभी स्थानों पर कार्रवाई की जाएगी जहाँ अवैध निर्माण या अनधिकृत प्लॉटिंग की जा रही है।

# राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान में 315 प्रशिक्षुओं को मिला प्रमाणपत्र

**देहरादून।** राष्ट्रीय कौशल प्रशिक्षण संस्थान (रा.कौ.प्र.सं.), देहरादून में शुक्रवार को चौथा उपाधि वितरण समारोह (दीक्षांत समारोह) बड़े उत्साह के साथ आयोजित किया गया। इस समारोह में शिक्षण सत्र 2024-25 के विभिन्न व्यवसायों में सफलतापूर्वक उत्तीर्ण हुए 315 प्रशिक्षुओं को उनके प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।कार्यक्रम की शुरुआत विज्ञान भवन, नई दिल्ली से हुए राष्ट्रीय स्तर के कौशल उपाधि वितरण समारोह के सीधे प्रसारण से हुई, जिसकी अध्यक्षता माननीय भारत के प्रधानमंत्री ने की।इस अवसर पर, भारतीय उद्योग परिसंघ (भा.उ.प.), उत्तराखंड के निदेशक, गौरव लांबा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। लांबा ने अपने हाथों से प्रशिक्षुओं को उनके प्रमाणपत्र दिए। समारोह में क्षेत्रीय कौशल विकास एवं उद्यमशीलता निदेशालय उत्तराखंड के अधिकारी, साथ ही संकाय सदस्य (शिक्षक) और कर्मचारी उपस्थित थे।

# जोशी ने 14 परिवारों को राहत राशि के सौंपे चेक

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शनिवार को कैंप कार्यालय में मसूरी विधानसभा क्षेत्र के मखडेती, गल्जवाड़ी और जाखन क्षेत्र के कुल 14 आपदा प्रभावित परिवारों को राहत सहायता राशि के चेक प्रदान किए।



कैबिनेट मंत्री जोशी ने बताया कि आपदा में पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकानों के स्वामियों को प्रत्येक परिवार को 3.80 लाख की सहायता राशि के 12 चेक वितरित किए गए, वहीं जनहानि के दृष्टिगत दो परिवारों को 1-1 लाख की धनराशि के चेक प्रदान किए गए।

इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके अनुरोध के बाद राज्य सरकार ने आपदा में पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त भवनों के लिए सहायता राशि ध्1.25 लाख से बढ़ाकर 5 लाख कर दी है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यह निर्णय आपदा प्रभावित परिवारों के लिए अत्यंत राहतदायक और सहायक सिद्ध होगा।

**■ कहा - आपदा प्रभावितों के साथ खड़ी है धामी सरकार**

इस अवसर पर पूर्व प्रधान लीला, विधायक प्रतिनिधि किरन, पूर्व ग्राम प्रधान समीर पुंडीर सहित कई लोग उपस्थित रहे।

# तीन परीक्षा केंद्रों में धांधली की कोशिश, निजी शिक्षक गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की परीक्षा में धोखाधड़ी करने की बड़ी साजिश को दून पुलिस ने बेनकाब कर दिया है। पुलिस ने सहकारी निरीक्षक, वर्ग-2/सहायक विकास अधिकारी की लिखित परीक्षा के लिए फर्जी प्रमाण-पत्रों के सहारे एक ही परीक्षा के लिए तीन अलग-अलग परीक्षा केंद्रों से आवेदन करने वाले एक आरोपी को पकड़ लिया है।



पकड़े गए आरोपी का नाम सुरेन्द्र कुमार है, जो गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश का निवासी है और पिलखुआ, हापुड़ में एक निजी अध्यापक है।आयोग से मिली शिकायत के आधार पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देहरादून द्वारा बनाई गई दल ने जाँच शुरू की। जाँच में सामने आया कि सुरेन्द्र कुमार ने तीन अलग-अलग मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल कर आवेदन पत्र भरे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि पकड़े गए सुरेन्द्र की वास्तविक जन्मतिथि 1 अप्रैल 1988 है और सरकारी सेवा के लिए उसकी आयु सीमा निकल चुकी थी। इसलिए, उसने योजनाबद्ध तरीके से अपनी आयु कम दिखाने के लिए फर्जी शैक्षणिक दस्तावेज बनाए। जिनमें उसकी जन्मतिथि बदलकर 1 जनवरी-1995 दर्शाई गई थी। इसी फर्जीवाड़े के दम पर उसने टिहरी, हरिद्वार और देहरादून के केंद्रों से आवेदन किया था।

आरोपी सुरेन्द्र कुमार के विरुद्ध थाना रायपुर पर धोखाधड़ी और फर्जीवाड़े की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# सीएम ने आपदा में सहयोगी कर्मियों को किया सम्मानित

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को पटेलनगर स्थित राजकीय दून मेडिकल कॉलेज में अर्पित फाउंडेशन द्वारा आयोजित ''प्राइड मूवमेंट सम्मान समारोह'' में आपदा के दौरान राहत एवं बचाव अभियान में योगदान देने पर एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस, आईटीबीपी के कर्मियों को सम्मानित किया गया।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि ये सम्मान ऐसे कर्मियों के प्रति कृतज्ञता का प्रतीक है, जिन्होंने आपदा के दौरान राहत एवं बचाव अभियान में अपनी जान की परवाह किए बिना योगदान दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब हम उत्तराखंड की बात करते हैं, तो केवल इसके प्राकृतिक सौंदर्य और आध्यात्मिकता की ही नहीं, बल्कि इसकी भौगोलिक कठिनाइयों और प्रत्येक वर्ष होने वाली आपदाओं की चुनौती भी स्वत: ही सामने आ जाती है।

उन्होंने कहा कि हिमालय की गोद में बसे हमारे राज्य में भूस्खलन, बाढ़, अतिवृष्टि और अन्य प्राकृतिक आपदाएँ आना आम बात हैं। देवभूमि में रहते हुए हम ये जानते हैं कि प्रकृति का सौंदर्य जितना मनो. हारी है, उतनी ही यहां चुनौतियाँ भी अप्रत्याशित हैं।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि हम सबने 2013 की केदारनाथ आपदा की त्रासदी को देखा है, जब जय प्रलय में हजारों लोगों की जानें चले गईं थी। इसी प्रकार 2021 में चमोली की ऋषिगंगा और धौलीगंगा घाटी में आई आपदा ने पूरे देश को झकझोर दिया था। 2023 में जोशीमठ का धंसाव भी एक बड़ी चुनौती के रूप में हमारे सामने आया। इस वर्ष भी उत्तरकाशी, चमोली और देहरादून के विभिन्न क्षेत्रों में भारी बारिश, बादल फटने और भूस्खलन की अनेक घटनाओं का हमने सामना करना पड़ा। इन आपदाओं में कई लोगों की मृत्यु हुई, कई लोग लापता हुए और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन कठिन परिस्थितियों में हमारे सामने सबसे बड़ी चुनौती मानव जीवन की रक्षा करने की थी, यही समय था जब एसडीआरएफ, एनडीआरएफ सहित पुलिस- प्रशासन के लोगों ने आपदा में घायल और मलबे में फंसे हुए लोगों को सुरक्षित निकालने के लिए ग्राउंड जीरो पर लगातार काम किया।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि आपदा के समय हमारे राहत कर्मियों ने न केवल प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया, बल्कि पुनर्वास और राहत शिविरों का भी संचालन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हम सिल्क्यारा टनल में फंसे मजूदरों के लिए चलाए गए अभियान को नहीं भूल सकते। तब दिन-रात चलने वाले बचाव अभियान पर पूरे देश की निगाह थी। परंतु बाबा बोखनाग के आशीर्वाद और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन ने हमारे अभियान को सफल बनाया।

**■ आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण को स्कूल-कॉलेजों में शामिल करने की प्रक्रिया जारी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण को स्कूल-कॉलेजों में शामिल करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ की है, ताकि हमारी आने वाली पीढ़ी आपदा के खतरों से और बेहतर तरीके से निपट सके। समारोह में नकल विरोधी कानून लागू करने के लिए छात्रों द्वारा मुख्यमंत्री धामी का विशेष तौर पर स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर विधायक प्रेमचंद अग्रवाल, स्वामी रूपेन्द्र प्रकाश, कृष्ण गिरी महाराज, अपर पुलिस महानिदेशक वी. मुरूगेशन, कार्यक्रम की संयोजक हनी पाठक मौजूद थे।

# जनपद चमोली के सवाड़ गांव में केन्द्रीय विद्यालय की स्वीकृति

मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने जनपद चमोली के सवाड़ गांव में केन्द्रीय विद्यालय की स्वीकृति प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के साथ ही केन्द्रीय मंत्रीमण्डल का आभार व्यक्त किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनपद चमोली के प्रसिद्ध सवाड़ गांव में क्षेत्रीय जनता की मांग पर केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना के लिये उनके द्वारा निरन्तर अनुरोध किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि जनपद चमोली के सीमांत क्षेत्र में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना से इस क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को बेहतर गुणात्मक शिक्षा उपलब्ध हो पायेगी तथा क्षेत्र को नई पहचान भी मिल सकेगी।

**■ मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री, केन्द्रीय शिक्षा मंत्री के साथ ही केन्द्रीय मंत्रीमण्डल का जताया आभार**

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में शिक्षा का अनुकूल शैक्षिक वातावरण बनाने के लिए निरन्तर प्रयासरत है, इसके लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण के साथ नवाचार से जोडा जा रहा है ताकि छात्रों को अच्छी शिक्षा के साथ शिक्षा का उचित माहौल उपलब्ध हो सके।मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सरकार लगातार शिक्षा व्यवस्था को बेहतर कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व काम हुआ है।

# अनारवाला मालसी मोटर मार्ग को 3 करोड़ स्वीकृत



मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स

**देहरादून ।** मसूरी विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न सड़कों के निर्माण के लिए वित्तीय स्वीकृति दिए जाने पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का धन्यवाद किया।

कैबिनेट मंत्री ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके अनुमोदन के बाद लंबे समय से लंबित अनारवालाख्रमालसी मोटर मार्ग के पुनर्निर्माण के लिए रुपये 03 करोड़ 19 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

कैबिनेट मंत्री ने बताया कि इसके अतिरिक्त जिला पंचायत चंद्रोटी के अंतर्गत लगभग 04 करोड़ रुपये की लागत से आंतरिक सड़कों का निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। उन्होंने बताया की अनारवाला मालसी मोटर मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान सड़क के दोनों तरफ विद्युत पोल को स्थानांतरित किया गया था और अन्य कार्य भी किए गए, इसके कारण सड़क निर्माण का कार्य लंबित था। कैबिनेट मंत्री ने कहा कि स्थानीय जनता की मांग को देखते हुए मार्ग पुनर्निर्माण के लिए 3 करोड रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिसके लिए वह मुख्यमंत्री धामी का धन्यवाद करते हैं।

**■ कैबिनेट मंत्री जोशी ने जताया मुख्यमंत्री धामी का आभार**

मंत्री जोशी ने बताया कि मुख्यमंत्री धामी के निर्देशों के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा मसूरी विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न मार्गो को गड्ढा मुक्त किए जाने के लिए पैच निर्माण का कार्य भी लगातार जारी है।

# जांच के बावजूद सिद्ध नहीं हुए 50 करोड़ की ठगी के आरोप

## एडीआर कंपनी के संचालक अंकित रावत ने जबरन वसूली और मानहानि की साजिश का किया पर्दाफाश

शाह टाइम्स संवाददाता

**देहरादून।** देहरादून के उद्यमी और एडीआर कंपनी के संचालक अंकित रावत ने चकराता रोड स्थित एक होटल में मीडिया कर्मियों को जानक. ारी देते हुए बताया कि उनकी पत्नी पूजा चमोली के साथ मिलकर अपने खिलाफ चल रहे पूरे विवाद को जबरन वसूली और मानहानि की साजिश रची जा रही है है। उन्होंने मीडिया कर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि उक्त प्रकरण मामले में एक नया मोड़ तब आया जब रावत ने खुलासा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद त्रिवेंद्र सिंह रावत ने विगत 18 जुलाई 2021 को पुलिस महानिदेशक को पत्र लिखकर कथित रूप से 50 करोड़ की धोखाधड़ी की शिकायत पर उच्च स्तरीय जाँच और कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की थी।

राजनीतिक पहुँच और गंभीर आरोपों के बावजूदए दून पुलिस द्वारा जांच पूरी करने के बाद अंकित रावत पर लगाए गए आप ऑन को शिकायतकर्ता सिद्ध नहीं कर पाया जिस कारण से पुलिस ने अपनी जांच पूरी करने के बाद जांच रिपोर्ट वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह को सौंप दी थी जिसमें उनके खिलाफ लगाए गए आप के प्रमाण नहीं मिलने की बात अंकित की गई थीए जिसमें स्पष्ट किया गया कि यह मामला केवल मुनाफा कमाने के उद्देश्य से पैसों के आपसी लेन.देन से संबंधित दीवानी प्रकृति का है और आपराधिक नहीं।रावत ने शिकायतकर्ता राकेश चन्द्र बहुगुणा पर सवाल उठाया है कि जिस मामले में पुलिस खुद जाँच के बाद दोषमुक्त कर चुकी हैए उसे जबरन आपराधिक रंग देकर सार्वजनिक रूप से बदनाम क्यों किया जा रहा हैघ् उन्होंने पूछा है कि क्या वाकई में यह करोड़ों की ठगी थीए या फिर यह एडीआर कंपनी और कंपनी के निदेशक अंकित रावत को बदनाम करने के लिए धीरे.धीरे बुना जा रहा कोई जाल हैघ् रावत ने आरोप लगाया है कि राकेश चंद्र बहुगुणा द्वारा पत्रकारों को संबोधित करते हुए उन पर लगाए गए आरोपों को लेकर कोई तथ्य या दस्तावेज क्यों नहीं दिखाया गयाए जिससे यह संदेह गहराता है कि उन्हें और उनकी कंपनी को बदनाम करने के लिए राकेश चंद्र बहुगुणा द्वारा मीडिया को गुमराह किया गया।

उन्हें और उनके पिता को लगातार जान से मारने की धमकियाँ दी जा रही हैं और उनके घर पर अनुपस्थिति में दुर्व्यवहार किया गया है। यहाँ तक कि उनकी पत्नी पूजा चमोली को भी जानबूझकर इस विवाद में घसीटा जा रहा है। जबकि उनके खातों का इस वित्तीय लेन.देन से कोई संबंध नहीं है। रावत ने कहा कि उनके ससुराल पक्ष के लोग और अन्य परिचित हर जगह उनके विरुद्ध गलत बातें फैलाकर उनकी मानहानि और अपमान कर रहे हैं।

### सीओ मसूरी अनिल जोशी ने भी दी थी क्लीन चिट

**देहरादून।** पत्रकार वार्ता के दौरान जानकारी देते हुए एडीआर कंपनी के संचालक अंकित रावत ने बताया की उनके ऊपर लगाए गए गंभीर आरोपों की जांच दून के एसएसपी अजय सिंह ने तत्कालीन सीओ मसूरी और सीओ सदर रहे अनिल जोशी को सौंपी थी। उन्होंनं बताया कि तत्कालीन सीओ ने दूसरे पक्ष को अपने कायार्यलय में बुलवाकर समौता करवाने के प्रयास किए थे और समौते के तहत मुझ से विरेंद्र के खाते में पांच लाख रुपये उसी समय विरेंद्र के खाते में स्थानांतरित करवा दिए थे। उन्होंने बताया कि तत्कालीन सीओ ने अपनी जांच में इस बात का भी उल्लेख किया कि समझौता नामा में जो हस्ताक्षर किए गए है वह फर्जी है। और मेरे पर लगाए गए आरोपों की पुष्टि नहीं होती।

### आरोप बेबुनियाद पाए जाने पर सीज किए गए खाते खोले गए

मयूर गुप्ता

**देहरादून।** अंकित रावत एडीआर कंपनी के संचालक ने पत्रकार वार्ता के दौरान मीड़ियाकर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए बताया कि उन पर जिस प्रकार के आरोप लगाए गए है वह पूरी तरह से गलत उस समय साबित हो गए थे जब सीओ सदर अंकित कण्डारी ने एसएसपी देहरादून को सौंपी अपनी जांच रिपोर्ट में उन्हे पूरी तरह से गलत बताते हुए उन पर लगाए गए आरोपों को निराधार बताया था। उन्होंने बताया कि उनकी ससुराल पक्ष के लोगों द्वारा मेरी पत्नी पूजा चमोली पर जो भी आरोप लगाए जा रहे है वह बेबुनियाद है और उनका उक्त प्रकरण से कोई सरोकार नहीं है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच वर्तमान सीओ सदर अंकित कंडारी द्वारा की गई तो उन्होंने भी अपनी जांच में मेरे ऊपर लगाए गए आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया। उन्होंनें बताया कि जांच में आरोप सिद्ध नहीं होने पर उनके विभिन्न बैंक खातों को सीज किया गया था वह भी खोल दिए गए थे।

### आचार्य विरेंद्र से मिला था आईएसबीटी पर रावत

देहरादून। मीड़ियाकर्मियों से रू-ब-रू होते हुए एडीआर कंपनी के संचालक अंकित रावत ने बताया कि वह आचार्य विरेंद्र सिंह से वर्ष 2021 में पटेलनगर क्षेत्र की आईएसबीटी पर किसी कि माफर्त मिला था। उन्होंने आचार्य विरेंद्र द्वारा अपने ऊपर लगाए गए आरोप कि नौकरी लगवाने के नाम पर उनके द्वारा मुझे करोड रुपये दिए गए थे। उन्होंने बताया कि वह विरेंद्र को तीन साल के अंदर चार करोड 86 लाख रुपये वापस कर चुके है और विरेंद्र ने मात्र दो करोड कुछ लाख रुपये दिए गए थे।

### बहुगुणा ने ब्लैंक चेक को बैंक से कराया था बाउंस

**देहरादून।** अपने ऊपर लगाए गए गंभीर आरोपों के संबंध में मीडियाकर्मियों के सवालों का जवाब देते हुए अंकित रावत ने बताया कि शिकायतकर्ता राकेश चन्द्र बहुगुणा और उनके लोगों द्वारा उनसे लिए गए करोड़ों त्पये के दो ब्लैंक चौकों को शिकायतकर्ता द्वारा गलत इस्तेमाल करते हुए उनको बैंक से बाउंस करवाने का काम किया गया। उन्होंने बताया कि दोनों बाउंस चौकों के संबंध में न्यायालय एक वाद दायर किया गया जो कि न्यायालय द्वारा अभी तक स्वीकार नहीं किया गया। उन्होंनं बताया कि दोनों चौक उनके द्वारा एक एग्रीमेंट होने के बाद उन्हे दिए गए थे लेकिन उनकी गलत मंशा रही और उन्होंनें दोनों चौकों को बाउंस करवा दिया था।

# 6 से 10 अक्टूबर तक मनाएगा राष्ट्रीय डाक सप्ताह

**देहरादून।** आम नागरिकों को डाक सेवाओं की भूमिका और आधुनिक तकनीक से परिचित कराने के उद्देश्य से डाक विभाग देहरादून 06 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 तक राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन करेगा। विभाग का यह उत्सव जन-जागरूकता, तकनीकी नवाच. ार और वित्तीय समावेशन के संगम पर केंद्रित है।सप्ताह की शुरुआत 06 अक्टूबर को श्प्रौद्योगिकी दिवसश के साथ होगी, जिसमें तकनीक पर आधारित प्रश्नोत्तरी आयोजित की जाएगी। इसके अगले दिन, 07 अक्टूबर को श्वित्तीय समावेशन दिवसश (राष्ट्रीय डाक दिवस) पर डाक चौपालों का आयोजन कर ग्राहकों को पी.एल.आई., आर.पी.एल. आई. और विभिन्न बचत योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी और नए खाते खोले जाएंगे।

08 अक्टूबर को श्फिलैटली एवं नागरिक केंद्रित सेवाएं दिवसश मनाया जाएगा, जिसके तहत विद्यालयों में ढाई आखर पत्र लेखन जैसी प्रतियोगिताओं पर जागरूकता कार्यक्रम होंगे। साथ ही, 35 उपमंडलों के विद्यालयों में आधार पंजीकरण शिविर भी लगेंगे। 09 अक्टूबर को श्विश्व डाक दिवसश के अवसर पर कर्मचारियों के लिए श्पोस्टाथॉनश वॉक रिले और श्एक पेड़ माँ के नामश वृक्षारोपण कार्यक्रम होगा।

# अभद्रता पर वीडीओ निलंबित

## जिला पंचायत राज अधिकारी ने अंकित कुमार के खिलाफ की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** जिला पंचायतराज अधिकारी अतुल प्रताप सिंह द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि कार्यालय के पत्र संख्या 681 दिनांक 12 अगस्त, 2025 के द्वारा अकिंत कुमार ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विकास खण्ड खानपुर से एक सप्ताहान्तर्गत स्पष्टीकरण माँगा गया था कि वह अधोहस्ताक्षरी को प्राप्त एक ऑडियो क्लिप में किसी व्यक्ति से गाली-गलौच करते हुए सुनाई दे रहे है। इतना समय व्यतीत होने के उपरान्त् भी अंकित कुमार ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विकास खण्ड खानपुर द्वारा आतिथि तक अपना इस संबंध में कोई भी प्रतिउत्तर इस कार्यालय को उपलब्ध नही कराया गया है। इस प्रकार श्री अंकित कुमार ग्राम पंचायत विकास अधिकारी के विरूद्ध उक्त अभिकथन इतने गम्भीर है कि इनके स्थापित हो जाने पर श्री अंकित कुमार को दीर्घ शास्ति दी जा सकती है। एक शासकीय कर्मचारी के लिए किसी व्यक्ति से फोन पर इस प्रकार की अभद्र भाषा और गाली-गलौच किया जाना कर्मचारी आचरण नियमावली 2002 के पूर्णतया विपरीत है। इसके साथ ही इस संबंध में कोई भी स्पष्टीकरण इतना समय व्यतीत हो जाने के बाद भी ना दिया जाना श्री अंकित कुमार के अनुशासनहीनता को परिलक्षित करता प्रतीत हो रहा है। अत: श्री अंकित कुमार ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विकास खण्ड खानपुर को तत्काल प्रभाव से निलम्बित करते हुए सहायक विकास अधि कारी (पं०) बहादराबाद के कार्यालय में सम्बद्ध किया जाता है। निलम्बन अवधि में श्री अंकित कुमार, ग्राम पंचायत विकास अधि कारी को वित्तीय हस्तपुस्तिका खण्ड-2 भाग-2 में 4 के मूल नियम 53 के प्राविधानों के अनुसार जीवन निर्वाह भत्ता, अर्ध औसत वेतन/वेतन पर देय मंहगाई भत्ता भी देय होगा। निलम्बन के दिनांक को प्राप्त वेतन के आधार पर अन्य प्रतिकर भत्ते निलम्बन काल में इस शर्त पर देय होगें कि सम्बन्धित कमचारी द्वारा इन मदों पर वास्तव में व्यय किया जा रहा है, जिसके फलस्वरूप ऐसे प्रतिकर भत्ते अनुमन्य है। उपरोक्त प्रस्तर-2 में उल्लेखित मदों का भुगतान तभी किया जायेगा जब श्री अंकित कुमार इस आशय का प्रमाण प्रस्तुत करेगें कि वह किसी अन्य सेवायोजन, व्यापार वृत्ति या व्यवसाय में नहीं लगे है। इस सम्बन्ध में आरोप पत्र पृथक से निर्गत किया जाएगा।

## मंगलौर पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

# बिना हेलमेट, नंबर प्लेट वालों के काटे चालान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** त्यौहारो के सीजन के दृष्टिगत बिना नंबर प्लेट के वाहनों के विरुद्ध मंगलौर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाया । इस दौरान कई वाहनो की चलानी कारवाई की गई तो कई को सीज किया गया।

मंगलौर कोतवाली प्रभारी अमरजीत सिंह ने बताया वर्तमान समय मे जनपद मे त्यौहारो का सीजन चल रहा है जिसके दृष्टिगत बाजारो/सडको पर काफी भीड हो रही है। उक्त भीड का फायद उठाकर लोगो द्वारा यातायात के नियमो का उल्लंघन कर वाहनो को बिना लाईसेंस ,बिना कागजात,बिना नम्बर प्लेट के रश ड्राईव कर चलाने की शिकायत मिल रही थी। जिसके बाद उच्चाधिकारियो के निर्देश पर बिना नम्बर प्लेट व अन्य संदिग्ध वाहनो की चौकिंग हेतु लंढौरा क्षेत्र मे एक चौकिंग अभियान चलाया गया उक्त अभियान मे करीब एक दर्जन बिना नम्बर प्लेट की गाडियो को सीज किया व करीब 25 वाहनो को कोर्ट व नगद शुल्क मे चालान किये गये। तथा एक दर्जन से अधिक बिना नम्बर प्लेट के वाहनो पर नम्बर प्लेट लगवायी गयी। सभी को अपने वाहनो पर सही नम्बर प्लेट लगवाकर यातायात



के नियमो का पालन कर वाहनो को चलाने की हिदायत दी गई। उक्त अभियान आगे मे जारी रहेगा। चैकिंग अभियान मे पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमरजीत,वरिष्ठ उप निरीक्षक रफत अली, उप निरीक्षक नवीन चौहान, राकेश डिमरी, वीरपाल सिंह, ललिता हैड कांस्टेबल शूरवीर,कांस्टेबल,संजय,मनीष और आमिर शामिल रहे।

# स्वास्थ्य विभाग की जमीन से हटाया अतिक्रमण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली क्षेत्र के पीतपुर गांव में स्वास्थ्य विभाग की जमीन पर अवैध अतिक्रमण तहसील प्रशासन एव पुलिस की मौजूदगी में हटवाया गया है। डॉक्टर अशोक कुमार तोमर ने बताया की यह जो जमीन है स्वास्थ्य विभाग की जमीन थी जिस पर लोगों ने अवैध रूप से कब्जा कर रखा था उन्होंने कहा यह जमीन 780 स्क्वायर मीटर है जो केवल जिस जगह में छोटा सा मकान बना हुआ है उस मकान को छोड़कर बाकी जमीन पर गांव के लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है जिसको आज तहसील प्रशासन एव पुलिस की मौजूदगी में हटवा दिया गया है और स्वास्थ्य विभाग की जमीन को स्वास्थ्य विभाग के सुपुर्द कर दिया है नायाब तहसीलदार हरिद्वार अनिल काम्बोज ने कहा की उच्च अधिकारियों के आदेश पर आज पितपुर मैं पहुंचे हैं उन्होंने कहा स्वास्थ्य विभाग की जमीन 780 स्क्वायर मीटर है जिस पर एक मकान को छोड़कर सारी जमीन पर अवैध अतिक्रमण लोगों के द्वारा कर रखा है। उन्होंने कहा उच्च अधिकारियों के आदेश पर आज स्वास्थ्य विभाग की पुरी जमीन से अतिक्रमण हटवा दिया गया है और उस जमीन को स्वास्थ्य विभाग के हवाले कर दिया है। उन्होंने यह भी कहा की अगर दोबारा कोई भी अवैध अतिक्रमण करेगा तो उसके खिलाफ सख्त करवाई अमल में लाई जायेंगी।

# रोटरी का सर्वाइकल कैंसर जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** महिलाओं के स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य को ध्यान में रखते हुए रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट की संयुक्त पहल "प्रोजेक्ट होप" के अंतर्गत एचपीवी वैक्सीनेशन एवं सर्वाइकल कैंसर जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु वैक्सीन उपलब्ध कराना और समाज में इसके प्रति व्यापक जागरूकता फैलाना रहा।

कैंप में स्कूली बालिकाओं को नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीन दी गई। विशेषज्ञ डॉक्टरों ने छात्राओं को जानकारी दी कि एचपीवी वैक्सीन समय पर लगवाने से भविष्य में होने वाले सर्वाइकल कैंसर की संभावना को 90% तक कम किया जा सकता है। नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि "बेटियों का स्वास्थ्य और सुरक्षा किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूँजी है। इस प्रकार के वैक्सीनेशन कैंप न केवल जागरूकता बढ़ाते हैं बल्कि गंभीर बीमारियों से निपटने की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होते हैं।" उन्होंने रोटरी क्लब और सीपीएए की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाज के सभी वर्गों को मिलकर स्वास्थ्य सुरक्षा के इस मिशन में सहयोग देना चाहिए। डॉ. नीना सबलोक एवं डॉ. संगीता लोढ़ा (प्रोजेक्ट चेयर) ने बताया कि "वैक्सीन ही सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ सबसे बड़ी सुरक्षा कवच है।"



वहीं सीपीएए की डायरेक्टर डॉ. नूपुर खरे ने कहा कि "इस तरह के प्रयासों से समाज में बीमारी के प्रति डर खत्म होगा और लोग समय पर रोकथाम के उपाय अपनाएँगे।"

# रंजीशन घर में घुसकर मारपीट दर्जनभर पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** पुरानी रंजिश के चलते एक दर्जन आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट करने, तोड़फोड़ करने व महिला के साथ अश्लील हरकतें करते हुए कपड़े फाड़ने के मामले में पुलिस ने एक दर्जन आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया हैं। नगर के मोहल्ला सराय अजीज निवासी नैयर हुसैन ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आरोपियों ने 13 अगस्त को उसके चचेरे भाई के साथ मारपीट करते हुए घायल कर दिया था। मोहल्ले के मौजिज लोगों ने दोनों पक्षों में समझौता करा दिया था। लेकिन आरोपी तभी से उनसे रंजिश रखते चले आ रहे हैं। 23 सितंबर की सुबह आरोपी उसके घर के सामने खड़े होकर गाली-गलौच करने लगे जिसका उसके चचेरे भाइयों ने विरोध किया तो आरोपी उस समय तो चले गए लेकिन थोड़ी देर बाद ही आरोपी एक राय होकर उसके चचेरे भाइयों को जान से मारने की नीयत से धारदार हथियारों से लैस होकर घर में घुस आए और हमला कर दिया। उसके भाइयों ने बामुश्किल घर में घुसकर जान बचाई। इस दौरान उसकी माता ने इन दोनों भाइयों को बचाने की कोशिश की तो आरोपियों ने उसके चचेरे भाई व उसकी माता के साथ मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान आरोपियों ने उसकी माता के साथ अश्लील हरकतें करते हुए कपड़े भी फाड़ दिए। आरोपियों ने घरों में तोड़फोड़ भी की जिससे उसे काफी नुकसान हुआ है। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अमरजीत सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर नोरिस, माजिद, जफर, मजीद, नाजिर, फिरोज उर्फ सोनू, आजाद, अमन, अनवर, नाजिम, कुर्बान व अब्बास निवासी गण मोहल्ला सराय अजीज थाना मंगलौर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# दलित विरोधी है भाजपा सरकार : हरीश रावत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अनुसूचित जाति के भूमिहीन मजदूरों को आवंटित पट्टों का निरस्तीकरण रद्द किए जाने एवं उन्हें मलिकाना हक दिए जाने की मांग को लेकर भूमिहीन अनुसूचित जाति पट्टेध ारकों की संरक्षक संघर्ष समिति द्वारा तहसील में धरना दिया गया। धरने को पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत द्वारा संबोधित किया गया और उन्होंने सरकार पर जमकर निशाना साधा।

रुड़की तहसील परिसर में आयोजित धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि सरकार ने भूमि पट्टे निरस्त कर गरीबों का हक मारने का काम किया है। उन्होंने कहा कि जिनको हमारी सरकार ने और मुझसे भी पहले 1972 में इंदिरा गांधी के समय में छोटे-छोटे जमीनों के पट्टे आवंटित हुये थे उन्हें भाजपा सरकार ने छीनने का काम किया है उन्होंने कहा कि लोग इन इस भूमि में खेती-बाड़ी कर अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे थे या कुछ लोगों ने अपने घर बनाए थे ऐसे लोगों से पूरे प्रदेश में कई जिलों में बड़े पैमाने पर ऐसे लोगों के पट्टे खारिज कर दिए गए हैं और ऐसे कब्जे दारों को बेदखल करने के नोटिसेज दिए जा रहे हैं, यह संख्या हजारों में है और ज्यादातर इसमें दलित और अति पिछड़े वर्ग के लोग हैं, उन्होंने कहा कि इस लड़ाई को हर तहसील में कांग्रेस लड़ेगी। वहीं उन्होंने सरकार पर जीएसटी



के नाम पर लोगों के ठगने का आरोप लगाया। कार्यक्रम सह संयोजक नेत्रपाल अठावले ने कहा कि यह सरकार दलित विरोधी,गरीब विरोध ी और बेरोजगार विरोधी है इससे हर स्तर की लड़ाई के लिए हम तैयार हैं। इस अवसर पर हरिद्वार ग्रामीण विधायक अनुपमा रावत,भगवानपुर विधायक ममता राकेश,कलियर विधायक फुरकान अहमद, इंटक कांग्रेस जिलाध्यक्ष उदय सिंह पुंडीर,परवेज अहमद युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव प्रणय प्रताप,राव आफाक,आदित्य राणा,मेलाराम प्रजापति,सेठपाल परमार आदि मौजूद रहे।

# सोलानी नदी पर नए पुल का निर्माण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार रुड़की की जनता को बड़ी सौगात मिल गई है। नगर विधायक प्रदीप बत्रा के अथक प्रयासों और निरंतर पहल से सोलानी नदी पर नया पुल बनाने का कार्य आज से औपचारिक रूप से शुरू हो गया है। तीन वर्ष पूर्व भारी बरसात और तेज जल प्रवाह के कारण यह पुल क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे रुड़की-हरिद्वार मार्ग पर आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ था। अब केंद्र सरकार द्वारा स्वीकृत 38.13 करोड़ रुपये की लागत से इसका पुनर्निर्माण प्रारंभ किया गया है। नए पुल की लंबाई 268 मीटर और चौड़ाई 7 मीटर होगी। साथ ही, दोनों ओर 1.5 मीटर चौड़े फुटपाथ भी बनाए जाएंगे ताकि पैदल यात्रियों को सुरक्षित आवागमन की सुविधा मिल सके। निर्माण कार्य के शुभारंभ अवसर पर विधायक प्रदीप बत्रा ने कहा कि "यह दिन रुड़की की जनता के लिए ऐतिहासिक है। सोलानी नदी पर नया पुल क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान करेगा। भाजपा सरकार जनहित के विकास कार्यों के प्रति पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने पुल निर्माण की स्वीकृति के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार व्यक्त किया। विधायक बत्रा ने बताया कि उन्होंने 22 फरवरी 2024 को विधानसभा में नियम 300 के अंतर्गत यह मुद्दा उठाया था, जिसके बाद केंद्र सरकार ने धनराशि स्वीकृत की और आज से निर्माण कार्य प्रारंभ हो गया है। उन्होंने कहा कि पुल तैयार होने के बाद रुड़की-हरिद्वार मार्ग पर यातायात पूरी तरह सुचारू हो जाएगा और स्कूली बच्चों, कर्मचारियों व स्थानीय नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

# जिला स्तरीय मा.वि. खो-खो प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्ससंवाददाता**

**नारसन।** जिला स्तरीय माध्यमिक विद्यालय की ट्रायल प्रतियोगिता विद्या विकासिनी इंटर कॉलेज गुरुकुल नारसन, हरिद्वार के प्रांगण में संपन्न हुई। प्रतियोगिता में हरिद्वार जिले के रुड़की, बहादराबाद, लक्सर, भगवानपुर, खानपुर, नारसन ब्लॉक के माध्यमिक विद्यालय के चयनित प्रतिभावान खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्घाटन दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री श्यामवीर सैनी ने किया इस अवसर पर उन्होंने खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया उन्होंने अपने संबोधन में कहा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। मंच पर भाजपा सफाई प्रकोष्ठ के अध्यक्ष मनीलाल ने उपस्थित होकर मान बढ़ाया। विद्यालय के प्रधानाचार्य दीपक सालार १ प्रबंधक सतीश सालार, एवं राजकीय शिक्षक संघ हरिद्वार के पूर्व मंत्री रविंद्र रोड ने मुख्यअतिथि का स्वागत माल्यार्पण करके किया। प्रतियोगिता का पहला मैच अंडर-19 बालक वर्ग में भगवानपुर और बहादराबाद के बीच में हुआ जिसमें बहादराबाद विजई हुआ। अंडर-19 बालक वर्ग में वंश, विनय, दक्ष, सक्षम, रुद्रा, सुधांशु, धर्मेश, अभिमन्यु, नितेश वर्मा, आदित्य, दीपांशु एवं बलदेव। अंडर-19 बालिका वर्ग में साक्षी, शीतल, साक्षी, सिमरन, दिव्यांशी, नंदिनी, वर्षा, प्रियांशी, राधिका, कृष्टि एवं शिवम कुमारी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले में अपना स्थान बनाया। जिला माध्यमिक विद्यालय खेल समन्वयक हरिद्वार गजेंद्र सिंह ने बताया इस ट्रायल प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभावान खिलाड़ी हरिद्वार का प्रतिनिधित्व कर राज्य । स्तरीय माध्यमिक खो खो प्रतियोगिता नैनीताल में आयोजित होगी प्रतिभाग करेंगे। प्रतियोगिता में अरुण खरे, राजीव चौधरी, अनुज कुमार, पवन राणा, धनंजय मलिक, संत कुमार, ओम सिंह, रविंद्र रोड, मनीष कुमार, नवीन सैनी, आर एल बड़ौनी , विनोद रयाल, सुषमा पांडे, प्रीती जोशी, सोनिया सैनी, अलीशा चौधरी, योगराज सिंह, मांगेराम मौर्य आलोक द्विवेदी आदिल उपस्थित होकर खेल में सहयोग दिया।

# आईआईटी में थर्ड ईयर बॉडीज सेंटर बास्केटबॉल चैंपियनशिप शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आईआईटी रुड़की स्थित आदर्श बाल निकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल में थर्ड ईयर बॉडीज सेंटर बास्केटबॉल चौंपियनशिप का शुभारंभ हुआ। इस प्रतियोगिता का उद्घाटन आईआईटी के चीफ स्पोर्ट्स एडवाइजर प्रोफेसर नागेंद्र कुमार ने किया।

प्रतियोगिता में कुल 8 टीमों ने हिस्सा लिया। उद्घाटन अवसर पर प्रो. नागेंद्र कुमार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि "विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद में भी बढ़-चढ़कर भाग



लेना चाहिए, क्योंकि खेल न केवल शारीरिक विकास में सहायक हैं बल्कि मानसिक और बौद्धिक विकास के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं चैंपियनशिप के पहले मैच में एपीएस-1 ने डीपीएस को पराजित किया, जबकि दूसरे मैच में एबीएन ने ग्रीनवे-1 को हराकर जीत हासिल की। प्रतियोगिता के दौरान खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खेल भावना का परिचय दिया। स्कूल प्रबंधन समिति ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और विजेता टीमों को बधाई दी।

**संबंध विच्छेद-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र शहनवाज का आचरण मेरे व मेरे परिवार के प्रति ठीक न होने के कारण मैंने शहनवाजको अपनी तमाम चल अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद कर लिया है आज के बाद शहनवाज के किसी भी अनैतिक कृत्य व लेनदेन की मेरे व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**नसीम पुत्र मकसूदा नि. सुल्तानपुर आदमपुर तह. लक्सर हरिद्वार।**

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री अलिजा व पुत्र मोहम्मद बिलाल के जन्म प्रमण पत्र में मेरी पत्नी का नाम श्रीमती आईशा अंसारी दर्ज हो गया था जो गलत है मेरी पत्नी का सही नाम श्रीमती आईशा फरीद है आज के बाद मेरी पत्नी को आईशा फरीद के नाम से ही जाना पहचाना पढ़ा लिखा समझा जाए। **निसार अहमद पुत्र मकसूद हसन नि. ग्राम नेहन्दपुर सुठारी, विकासखंड व तहसील लक्सर जिला हरिद्वार।**

# पुलिस ने एक वारण्टी पकड़ा

**रुड़की।** वरिष्ठ पुलिस अध ीक्षक जनपद हरिद्वार के द्वारा न्यायालय से प्राप्त गैर जमानती वारंट की तामील किए जाने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसके क्रम मे प्रभारी निरीक्षक महोदय के द्वारा अपर उप निरीक्षक नरेंद्र राठी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 01 वारण्टी मनोज पुत्र दीपचंद निवासी ग्राम मछेली थाना दौराला जिला मेरठ उत्तर प्रदेश को वारंटी के घर पर ग्राम मछेली में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया अभियुक्त के विरुद्ध माननीय न्यायालय द्वारा कुर्की के आदेश भी जारी किए गए।

# आईआईटी का गेहूं के भूसे से पर्यावरण-अनुकूल टेबलवेयर बनाने का नवाचार

## प्लास्टिक प्रदूषण एवं पराली जलाने की दोहरी चुनौतियों का समाधान, किसानों की आय में वृद्धि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** आईआईटी रुड़की हमारे समय की कुछ सबसे गंभीर पर्यावरणीय चुनौतियों के लिए स्थायी समाधानों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है। एक अभूतपूर्व उपलब्धि प्राप्त करते हुए, इनोपैप लैब (कागज एवं पैकेजिंग में नवाचार) के शोध कर्ताओं ने पैरासन मशीनरी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, औरंगाबाद के सहयोग से गेहूँ के भूसे से बने पर्यावरण-अनुकूल टेबलवेयर का सफलतापूर्वक विकास किया है। एक कृषि अवशेष जिसे अक्सर कटाई के बाद जला दिया जाता है। यह नवीन प्रौद्योगिकी एक साथ दो गंभीर चुनौतियों का समाधान करती है: फसल अपशिष्ट को जलाने की व्यापक प्रथा, जो भारत में वायु प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत है, तथा एकल-उपयोग प्लास्टिक अपशिष्ट की बढ़ती समस्या, जो सदियों से लैंडफिल और महासागरों में मौजूद है। गेहूँ के भूसे को ढाले हुए, बायोडिग्रेडेबल टेबलवेयर में बदलकर, टीम ने प्लास्टिक का एक सुरक्षित, कम्पोस्टेबल एवं टिकाऊ विकल्प तैयार किया है। टिकाऊ, ऊष्मा-प्रतिरोधी व खाद्य-सुरक्षित, ये उत्पाद ष्मिट्टी से मिट्टी तकष् के दर्शन को साकार करते हैं, जो धरती से उत्पन्न होते हैं, लोगों के काम आते हैं और बिना किसी नुकसान के मिट्टी में वापस मिल जाते हैं। यह शोध दर्शाता है कि कैसे रोजमर्रा की फसल के अवशेषों को उच्च-गुणवत्ता वाले, पर्यावरण-अनुकूल उत्पादों में बदला जा सकता है। यह विज्ञान एवं इंजीनियरिंग की उस क्षमता को दर्शाता है जो पर्यावरण की दृष्टि से सुरक्षित और आर्थिक रूप से व्यवहार्य



समाधान प्रदान कर सकती है,ष इस परियोजना का नेतृत्व करने वाले कागज प्रौद्योगिकी विभाग के प्रोफेसर विभोर के. रस्तोगी ने कहा। भारत में हर साल 35 करोड़ टन से ज्यादा कृषि अपशिष्ट उत्पन्न होता है। इसका एक बड़ा हिस्सा या तो जला दिया जाता है, जिससे वायु गुणवत्ता बिगड़ती है और जलवायु परिवर्तन में योगदान होता है, या सड़ने के लिए छोड़ दिया जाता है। गेहूँ के भूसे का उन्नत उपयोग करके, यह शोध न केवल पर्यावरणीय नुकसान को कम करता है, बल्कि किसानों को आय का एक अतिरिक्त स्रोत भी प्रदान करता है, जिससे एक चक्रीय अर्थव्यवस्था मॉडल का निर्माण होता है जो अपशिष्ट को धन में बदल देता है। यह पहल स्वच्छ भारत मिशन, आत्मनिर्भर भारत और संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी), विशेष रूप से एसडीजी 12 (जिम्मेदार उपभोग और उत्पादन) और एसडीजी 13 (जलवायु कार्रवाई) के प्रति भारत की प्रतिबद्धता के साथ सीधे तौर पर संरेखित है। इस शोध के बारे में बात करते हुए, आईआईटी रुड़की के निदेशक, प्रो. कमल किशोर पंत ने कहा, ष्यह नवाचार समाज के लिए सबसे महत्वपूर्ण चुनौतियों का समाधान करने की आईआईटी रुड़की की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एकल-उपयोग वाले प्लास्टिक का पर्यावरण-अनुकूल विकल्प प्रदान करके, साथ ही किसानों की आजीविका को बेहतर बनाकर, यह पहल दर्शाती है कि कैसे शोध स्वच्छ भारत, मेक इन इंडिया जैसे राष्ट्रीय अभियानों और स्थिरता लक्ष्यों की प्राप्ति में सीधे तौर पर सहायक हो सकता है। यह इस बात का एक उत्कृष्ट उदाहरण है कि कैसे विज्ञान एवं नवाचार प्रयोगशाला और वास्तविक दुनिया के प्रभाव के बीच की खाई को पाट सकते हैं। यह परियोजना एक स्थायी भविष्य को आकार देने में युवा शोधकर्ताओं के योगदान को भी उजागर करती है। जैस्मीन कौर (पीएचडी छात्रा) एवं डॉ. राहुल रंजन (पोस्ट-डॉक्टरल शोधकर्ता) ने मोल्डेड टेबलवेयर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, और भविष्य के लिए समाधान तैयार करने में नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर दिया।

# जन्मदिन की पार्टी में खून-खराबा एक बालक को लगी गोली पुलिस ने आरोपी को दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** थाना खानपुर क्षेत्र के ग्राम कलसिया में जन्मदिन की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं जब एक युवक ने पार्टी के दौरान फायरिंग कर दी। गोली लगने से 13 वर्षीय विवेक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज कुछ दिनों में उसे अवैध तमंचे के साथ धर दबोचा।जानकारी के मुताबिक, शिकायतकर्ता गड्डू पुत्र रमेश निवासी ग्राम कलसिया ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 28 सितंबर को गांव में जन्मदिन समारोह आयोजित था। इसी दौरान गांव के ही विनीत पुत्र नेगपाल ने भतीजे विवेक पर जान से मारने की नीयत से गोली चला दी। गोली लगते ही बच्चे की हालत गंभीर हो गई और हड़कंप मच गया।मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार के आदेश पर पुलिस टीमों का गठन किया गया। मुखबिर तंत्र और कुशल सुरागरसी के आधार पर 3 अक्टूबर की देर शाम आरोपी विनीत को ग्राम भोवावाली से गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 12 बोर का देशी तमंचा भी बरामद किया।फिलहाल आरोपी के खिलाफ थाना खानपुर में मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।आरोपी का नाम-विनीत पुत्र नेगपाल निवासी ग्राम कलसिया, थाना खानपुर, जनपद हरिद्वार है जिसके पास से 01 अदद देशी तमंचा 12 बोर भी बरामद किया ।पुलिस की इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है और अपराधि यों के हौसले पस्त हुए हैं।

# ट्रम्प चौथी बार फंडिंग बिल पास कराने में फेल

## अमेरिका में लगातार चौथे दिन भी शटडाउन जारी, डेमोक्रेट्स समर्थन देने को राजी नहीं हो रहे



■ अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था
■ एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प लगातार चौथी बार फंडिंग बिल पास नहीं करा पाए। इस वजह से देश में लगातार चौथे दिन भी शटडाउन जारी है। संसद के ऊपरी सदन (सीनेट) में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के फंडिंग बिल को 54 वोट मिले, जबकि इसे 60 वोट की जरूरत थी। वोटिंग के बाद विपक्षी डेमोक्रेट्स सांसद हाल छोड़कर चले गए।

दरअसल, डेमोक्रेट्स चाहते हैं कि कोविड के समय दी गई टैक्स क्रेडिट्स (हेल्थ केयर सब्सिडी) बढ़ाई जाए। जिससे लाखों अमेरिकियों को सस्ता स्वास्थ्य बीमा मिल सके। अमेरिका में मंगलवार को वोटिंग के बाद बुधवार से शटडाउन लागू हुआ था। यहां, सरकारी संस्थान फिलहाल बंद हैं। एनबीसी के मुताबिक, सीनेट में सोमवार से पहले कोई वोटिंग नहीं करेगा। हाउस ऑफ रिप्रजेंटेटिव्स (निचला सदन) में भी अगले हफ्ते की सभी वोटिंग 14 अक्टूबर तक के लिए रद्द हो चुकी है। यानी अब अमेरिका में 14 अक्टूबर तक शटडाउन जारी रहने की आशंका है। वहीं, अमेरिकी सरकार ने करीब साढ़े 7 लाख सरकारी कर्मचारियों को छुट्टी (फरलो) पर भेज दिया गया है। इनमें से 3 लाख की छंटनी भी हो सकती है। 100 सदस्यों वाली सीनेट में 53 रिपब्लिकन और 47 डेमोक्रेट हैं। 2 निर्दलीय सांसद बिल का समर्थन कर चुके हैं। रिपब्लिकन पार्टी के लिए डेमोक्रेट्स का समर्थन जरूरी है, लेकिन फिलहाल वे बिल के पक्ष में वोट देने को राजी नहीं हैं। रपब्लिनक नेता जान थ्यून का आरोप है कि डेमोक्रेट्स ने कट्टर समर्थकों के दबाव में आकर सरकार को बंद कर दिया। सेना, बार्डर एजेंट और एयर ट्रैफिक कंट्रोलर बिना वेतन काम कर रहे हैं। वहीं डेमोक्रेट नेता चक शूमर कह चुके हैं कि ट्रम्प अमेरिका के हेल्थ केयर प्रोग्राम को सिक्योर करने से इन्कार कर रहे हैं और शटडाउन के लिए जिम्मेदार हैं। सरकार का खुला रहना पूरी तरह डेमोक्रेट्स के हाथ में था। फंडिंग बिल पास होता तो शटडाउन टल सकता था।

वाशिंगटन में सरकारी शटडाउन के बाद नेशनल आर्काइव्स के सामने ब्सवेम का बोर्ड लगा है। अमेरिका में सरकार को हर साल अपना बजट पास कराना पड़ता है। अगर संसद बजट पर सहमत नहीं होती, तो फंडिंग बिल पास नहीं होता और सरकार को मिलने वाला पैसा रुक जाता है। इस वजह से कुछ सरकारी विभागों और सेवाओं को पैसे नहीं मिलते। गैर-जरूरी सेवाओं को बंद कर दिया जाता है। इसे ही सरकारी शटडाउन कहा जाता है। रिपब्लिकन पार्टी सीनेट में आज देर रात एक बार फिर से फंडिंग बिल पर वोट कराने की तैयारी में है। रिपब्लिकन नेताओं ने कहा है कि जब तक डेमोक्रेट्स बिल को समर्थन नहीं देंगे, तब तक इस बिल को रोजाना पेश किया जाएगा। ट्रम्प ने इस शटडाउन के लिए डेमोक्रेट्स को जिम्मेदार ठहराया है। वे पहले ही सरकारी कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की धमकी दे चुके है।

## ट्रम्प बांग्लादेश में एंट्री के लिए बेताब

■ अमेरिकी राष्ट्रपति का सेंट मार्टिन द्वीप पर रिसार्ट बनाने का प्लान विदेशियों के लिए स्पेशल जोन होगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प अब बांग्लादेश में एंट्री की तैयारी में हैं। ट्रम्प ने बांग्लादेश के पूर्वी सेंट मार्टिन द्वीप में रिसार्ट (रिवेरा) निर्माण का प्लान बनाया है। यहां पर विदेशियों के लिए स्पेशल जोन बनेगा। सूत्रों के अनुसार हाल में बांग्लादेश सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने न्यूयॉर्क में ट्रम्प के साथ मुलाकात की थी। इसमें सेंट मार्टिन द्वीप के बारे में चर्चा हुई थी। यूनुस ने ट्रम्प के एशिया क्षेत्र के विशेष सलाहकार सर्गियो गोर से भी मुलाकात की थी। इसमें भी सेंट मार्टिन के बारे में बातचीत हुई और इस द्वीप को अमेरिका को रिसार्ट के रूप में विकसित करने के पहलुओं को अंतिम रूप दिया गया। द्वीप को लीज पर देगी बांग्लादेश की अंतरिम सरकार बताया जाता है कि सेंट मार्टिन द्वीप को बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पहले लीज पर देगी। ये लीज 99 साल की होने वाली है। इस संबंध में बांग्लादेश और अमेरिकी सरकार के बीच घोषित और अघोषित करार हुए हैं।



उत्तर प्रदेश। वाराणसी में बारिश के बाद जलभराव वाले क्षेत्र से गुजरते लोग।

## अमेरिका में भारतीय छात्र की हत्या, गैस स्टेशन पर अज्ञात हमलावर ने गोली मारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के डलास में 27 साल के भारतीय छात्र चंद्रशेखर पोल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हैदराबाद के रहने वाले चंद्रशेखर शुक्रवार रात एक गैस स्टेशन पर काम कर रहे थे, तभी एक अज्ञात हमलावर ने उन पर गोली चला दी। चंद्रशेखर 2023 में हैदराबाद से पढ़ने के लिए अमेरिका गए थे। उन्होंने वहां डेंटल सर्जरी में बैचलर डिग्री पूरी की थी और छह महीने पहले मास्टर्स की पढ़ाई खत्म की थी। वे गैस स्टेशन पर पार्ट टाइम काम कर रहे थे। चंद्रशेखर के परिवार ने उनका शव भारत लाने के लिए सरकार से मदद मांगी है। शनिवार को ठते विधायक सुदेश रेड्डी और पूर्व मंत्री टी. हरीश राव ने हैदराबाद में उनके परिवार से मुलाकात की। राव ने ऑनलाइन पोस्ट में कहा: चंद्रशेखर के माता-पिता का दर्द देखकर मेरा दिल दहला गया। उन्होंने सरकार से तुरंत कदम उठाने की मांग की।

## संक्षिप्त समाचार

### गुटेरेस ने फ्रेज़ियर को किया अपना विशेष प्रतिनिधि नियुक्त

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने शुक्रवार को माल्टा की वैनेसा फ्रेज़ियर को बच्चों और सशस्त्र संघर्ष के लिये अपना विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया। संरा की ओर से विज्ञप्ति के मुताबिक फ्रेज़ियर ने अर्जेंटीना की वर्जीनिया गाम्बा की जगह लेंगी। गुटेरेस ने संयुक्त राष्ट्र के प्रति उनकी समर्पित सेवा और प्रतिबद्धता के लिए गाम्बा के प्रति आभार व्यक्त किया है।

### फ्रांस के नीस में गोलीबारी में दो की मौत

**नीस।** फ्रांस के नीस में मादक पदार्थ से जुड़े तस्करों के बीच हुई गोलीबारी में दो लोग मारे गए हैं और पांच अन्य घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार रात नीस के लेस मौलिस नेबरहुड में हुई है। आल्प्स-मैरीटाइम्स विभाग ने एक्स पर एक बयान में कहा कि नीस के मौलिग जिले में शुक्रवार शाम गोलीबारी हुई। इसमें दो लोगों की मौत और पांच लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से दो की हालत नाजुक है। पुलिस अधिकारी और अग्निशमन कर्मी मौके पर हैं और उन्होंने घटनास्थल को सुरक्षित कर लिया है।

### रूस: ज्वालामुखी में 9.2 किलोमीटर ऊंची राख के गुबार उठे

**व्लादिवोस्तोक।** रूस के कामचटका प्रायद्वीप पर क्रोनोट्स्की ज्वालामुखी में शनिवार को समुद्र तल से 9.2 किलोमीटर की ऊंचाई तक राख के गुबार उठते हुए दिखाई दिए। कामचटका ज्वालामुखी विस्फोट प्रतिक्रिया दल ने अपने टेलीग्राम चैनल पर बताया कि राख का उत्सर्जन स्थानीय समयानुसार सुबह 11:50 बजे हुआ, जिससे ज्वालामुखी के दक्षिण और दक्षिण-पूर्व में लगभग 85 किलोमीटर तक राख का गुबार फैल गया।

### चीन में मातमो तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी

**बीजिंग।** चीन की राष्ट्रीय वेधशाला ने टाइफून मातमो तूफान को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया। चीन में तूफानों के वर्गीकरण के चार-स्तरीय सिस्टम में दूसरा सबसे बड़ा स्तर ऑरेंज अलर्ट है। यह इस साल चीन में आने वाला 21वां तूफान है और देश के दक्षिणी तट की ओर बढ़ रहा है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार शनिवार सुबह पांच बजे 18 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 117.7 डिग्री पूर्वी देशांतर पर देखा गया यह तूफान 25-30 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है।

## नेपाल के राजनीतिक उथल-पुथल से उत्तराखंड के एक अफसर बेचैन

■ भ्रष्टाचार के जरिये कमाए गए अकूत धन को यहां टूरिस्ट और होटल व्यवसाय में खपाया गया था
■ जेन जी आंदोलन में सबसे ज्यादा प्रभावित नेपाल का होटल और टूरिस्ट व्यवसाय ही हुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**


**काठमांडू।** नेपाल में सत्ता की उथल-पुथल में भारत के कुछ आला अफसरान के पैसे डूबने की चर्चा काठमांडू में जोरो पर है।

बताया जाता है कि भ्रष्टाचार के जरिए कमाए गए अकूत धन को यहां टूरिस्ट और होटल व्यवसाय में खपाया गया था। जेन जी आंदोलन में सबसे ज्यादा प्रभावित नेपाल का होटल और टूरिस्ट व्यवसाय ही हुआ है। इस तरह की चर्चा में कई अफसरों के नाम सामने आ रहे हैं जिसमें उत्तराखंड के एक बड़े अफसर और उनकी डाक्टर पत्नी का नाम भी चर्चा में है। इस अफसर पर खेती पानी महकमे में रहते गंभीर आरोप लग चुके हैं। इस तरह कई महकमों में उच्च पदों से होते हुए यह अफसर इन दिनों सेहत से जुड़े महकमे के आला अफसर हैं। इनकी पत्नी कहने को डाक्टर हैं लेकिन वे डाक्टरी छोड़ एनजीओ चलाती हैं। अफसर महोदय का हाल यह है कि वे जिस विभाग में रहते हैं वहां सरकारी धन के लूट खसोट का रास्ता तलाश ही लेते हैं। दरअसल यही उनके सरकारी धन की लूट का माध्यम है। इस अफसर की मदद तथाकथित मीडिया से जुड़े कुछ गोदी पत्रकार भी करते हैं। सेहत महकमे के यह उच्च पदाधिकारी अपनी पत्नी के एनजीओ के मार्फत अवैध धन का हेर फेर करते हैं। नेपाल के टूरिस्ट और होटल व्यवसाय में भी इनके काले धन के निवेश की चर्चा है।

बताते हैं कि नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल से तमाम भारतीय निवेशकों के पैसे डूबने की आशंका है, ऐसे में वे काठमांडू में अपने संपर्कों के जरिए लगातार इस धन को बचाने व वापसी की जुगत लगा रहे हैं। उत्तराखंड की यह तो मोहतरमा भी खासा परेशान हैं। उत्तराखंड के इमानदार मुख्यमंत्री के रहते यह सब चल रहा है। सत्ता के इर्द-गिर्द रहकर ऐसे अफसर एक इमानदार छवि वाले मुख्यमंत्री को फजीहत उत्तराखंड से लेकर नेपाल तक करा रहे हैं।

## पीओके में झुकी पाकिस्तान सरकार

### प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मानी, समझौते पर किए हस्ताक्षर



■ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बीते कई दिनों से हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे थे

**मुजफ्फराबाद।** पीओके में प्रदर्शनकारियों ने पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार को झुका दिया है। पाकिस्तान सरकार ने प्रदर्शनकारियों की अधिकतर मांगें मान ली हैं और समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं।

इसके साथ ही पीओके में बीते कई दिनों से चल रहे हिंसक विरोध प्रदर्शन बंद हो गए। पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में बीते कई दिनों से हिंसक विरोध प्रदर्शन हो रहे थे, जिनमें कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई और सैंकड़ों घायल हुए। शनिवार को पाकिस्तान की संघीय सरकार और प्रदर्शनकारियों के बीच विरोध प्रदर्शनों को समाप्त करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के तहत पाकिस्तान सरकार ने प्रदर्शनकारियों की कई मांगें मान ली हैं। पीओके में बिगड़ते हालात को देखते हुए पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने प्रदर्शनकारियों से बातचीत के लिए एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल को मुजफ्फराबाद भेजा। पूर्व प्रधानमंत्री राजा परवेज अशरफ के नेतृत्व में इस प्रतिनिधिमंडल ने लगातार दो दिनों तक गहन चर्चा की, जो बीती रात को समाप्त हुई। संसदीय कार्य मंत्री तारिक फजल चौधरी ने सोशल मीडिया पर घोषणा की कि दोनों पक्षों के बीच समझौता हो गया है। उन्होंने लिखा कि प्रतिनिधिमंडल ने जम्मू कश्मीर संयुक्त अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएसी) के साथ अंतिम समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं। प्रदर्शनकारी अपने घरों को लौट गए हैं। सभी सड़कें फिर से खोल दी गई हैं। यह शांति की जीत है। विरोध प्रदर्शन समाप्त करने के लिए 25 बिंदुओं वाले एक समझौता दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए गए, जिसमें पाकिस्तान सरकार हिंसा में मारे गए लोगों के लिए मुआवजा देगी, हिंसा की घटनाओं के लिए आतंकवाद के मामले दर्ज किए जाएंगे, जिनमें प्रदर्शनकारी मारे गए। शरीफ सरकार ने पीओके के मुजफ्फराबाद और पुंछ संभागों के लिए दो अतिरिक्त इंटरमीडिएट और माध्यमिक शिक्षा बोर्ड स्थापित करने पर भी सहमति व्यक्त की। स्थानीय सरकार मरीजों के मुफ्त इलाज के लिए 15 दिनों के भीतर स्वास्थ्य कार्ड के लिए धनराशि जारी करेगी और संघीय सरकार द्वारा पीओके के प्रत्येक जिले में चरणबद्ध तरीके से एमआरआई और सीटी स्कैन मशीनें उपलब्ध कराई जाएंगी।

## अमेरिका बलूचिस्तान के पसनी में पोर्ट बनाए: पाक

### पोर्ट से खनिजों तक पहुंच आसान होगी, प्रस्तावित पोर्ट चीन के ग्वादर पोर्ट से सिर्फ 112KM दूर



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर के सलाहकारों ने अमेरिका से बलूचिस्तान में एक पोर्ट डेवलप करने का प्रस्ताव शेयर किया है। पाकिस्तान चाहता है कि अमेरिकी निवेशक बलूचिस्तान के पसनी शहर में अरब सागर के किनारे एक नया पोर्ट डेवलप करके चलाएं। प्रस्ताव में साफ कहा गया है कि यह बंदरगाह सिर्फ व्यापार और खनिजों के लिए है। अमेरिका को यहां सैन्य बेस बनाने की इजाजत नहीं होगी। पासनी, ग्वादर पोर्ट (चीन का बंदरगाह) से सिर्फ 112 किमी दूर है। यह बंदरगाह अमेरिका को पाकिस्तान के महत्वपूर्ण खनिजों जैसे तांबा और एंटीमनी तक आसान पहुंच देगा। इस प्रस्ताव के तहत एक नई रेल लाइन भी बनेगी जो इस बंदरगाह को पश्चिमी प्रांतों से जोड़ेगी। इसकी लागत करीब 1.2 अरब डालर (11 हजार करोड़ रुपये) हो सकती है। अमेरिकी विदेश विभाग, व्हाइट हाउस या पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने अभी तक इस पर कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह प्रस्ताव पाकिस्तान के लिए आर्थिक फायदा ला सकता है, लेकिन रीजन में चीन, ईरान और अफगानिस्तान के साथ तनाव बढ़ सकता है। यह प्रस्ताव सितम्बर में पाकिस्तानी पीएम शहबाज शरीफ, आसिम मुनीर और ट्रम्प की बैठक के बाद दिया गया है। व्हाइट हाउस में हुई इस बैठक में शरीफ ने ट्रम्प से पाकिस्तान के एग्रीकल्चर, तकनीक, माइनिंग और एनर्जी प्रोजेक्ट में इन्वेस्ट करने की अपील की थी। मुलाकात के दौरान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रम्प से पाकिस्तान के रेयर अर्थ मिनरल्स से भरा एक ब्रीफकेस भी दिखाया था। इसी साल मई में भारत के ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान और अमेरिका के रिश्तों में काफी मजबूत हुए हैं। ट्रम्प ने 10 मई को दोनों देशों के बीच सीजफायर कराने का दावा किया था, पाकिस्तान ने इस दावे का सपोर्ट किया और ट्रम्प को नोबेल के लिए नामिनेट भी किया। वहीं, जून में पाकिस्तान सेना प्रमुख आसिम मुनीर ने ट्रम्प से सीक्रेट मुलाकात की थी। इसके बाद सितम्बर में शहबाज शरीफ और मुनीर ने व्हाइट हाउस में ट्रम्प के साथ बैठक की थी, इस बैठक में शरीफ ने ट्रम्प को शांति दूत कहा था।

## जापान में साने तकाइची पहली महिला प्रधानमंत्री बनेंगी

### देश में रानी के शासन के खिलाफ, चीन विरोधी है तकाइची



■ एक ही सांसद से दो बार शादी की

**टोक्यो।** जापान को पहली बार महिला प्रधानमंत्री मिलने जा रही है। सत्ताधारी लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) ने पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची को नया अध्यक्ष चुना है। जापान में बहुमत वाली पार्टी का अध्यक्ष ही पीएम बनता है।

ऐसे में लगभग तय है कि वह अगली प्रधानमंत्री बनेंगी। ताकाइची पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की करीबी मानी जाती हैं। शिंजो जापान में सबसे लंबे समय तक पीएम रहे थे। उन्हें चीन विरोधी नेता माना जाता है। ताकाइची देश में पुरुष राजा के शासन की समर्थक हैं, साथ ही रानी के पद संभालने और शासन करने के खिलाफ हैं। इन्होंने 2004 में साथी सांसद ताकू यामामोटो से शादी की। जुलाई 2017 में राजनीतिक मतभेदों के चलते अलग हो गए। इसके बाद 2021 में फिर साथ आ गए। अध्यक्ष घोषित होने के बाद ताकाइची का तालियां बजाकर स्वागत किया गया। ताकाइची ने पूर्व प्रधानमंत्री जुनिचिरो कोइजुमी के बेटे को हराकर चुनाव जीता। कोइजुमी अभी देश के कृषि मंत्री हैं। ताकाइची को पीएम बनाने के लिए जल्द ही संसद में वोटिंग होगी। ताकाइची पीएम शिगेरु इशिबा की जगह लेंगी। जुलाई में हुए ऊपरी सदन के चुनाव में पार्टी को हार का सामना करना पड़ा था। इसके बाद पार्टी में इशिबा का विरोध बढ़ गया था। एलडीपी ने ताकाइची को ऐसे समय में चुना है जब देश में लोग महंगाई से नाराज हैं और विपक्षी पार्टियों का समर्थन करने लगे हैं। पार्टी को उम्मीद है कि वे जनता का समर्थन हासिल करेंगी और सत्ता में बनी रहेंगी। चुनाव के पहले फेज में किसी नेता को पूर्ण बहुमत नहीं मिला।

## ईरान ने दी छह कैदियों को फांसी

■ इजरायल के लिए हमले का आरोप

**तेहरान।** ईरान ने शनिवार को छह कैदियों को मौत की सजा दी। इन पर आरोप था कि उन्होंने देश के तेल-समृद्ध दक्षिण- पश्चिमी क्षेत्र में इजरायल के लिए हमले किए।

ये कैदी इस साल के बढ़ते हुए फांसी के मामलों में शामिल हैं, जिसे दशकों में सबसे अधिक माना जा रहा है। ये फांसी जून में 12 दिनों तक चले ईरान-इजरायल युद्ध के बाद दी गई हैं, जिसमें तेहरान ने अपने दुश्मनों को देश में और बाहर निशाना बनाने की चेतावनी दी थी। हालांकि, मानवाधिकार कार्यकर्ता चेतावनी देते हैं कि ईरान अक्सर अपने मृत्युदंड के मामलों में खासकर इजरायल से जुड़े मामलों में, जबरन लिए गए बयान और बंद कमरे में सुनवाई का सहारा लेता है। ईरान ने कहा कि इन लोगों ने पुलिस अधिकारियों और सुरक्षा बलों की हत्या की और ईरान के अशांत खुजस्तान प्रांत के खोर्रमशहर के आसपास के ठिकानों को निशाना बनाकर बम विस्फोटों की योजना बनाई। उनके नाम तुरंत पहचाने नहीं जा सके और ईरानी सरकारी टेलीविजन ने हमलों के बारे में बात करते हुए एक व्यक्ति का फुटेज प्रसारित किया, जिसमें कहा गया कि यह पहली बार है जब विवरण सार्वजनिक किए जा रहे हैं। खुजस्तान की अरब आबादी लंबे समय से ईरान की केंद्र सरकार द्वारा भेदभाव की शिकायत करती रही है, और विद्रोही समूहों ने निम्न-स्तरीय विद्रोह के तहत वहां तेल पाइपलाइनों पर हमले किए हैं।

## हमास गाजा पर कब्जा छोड़ेगा, बंधक रिहा होंगे

### ट्रम्प की धमकी के बाद सीजफायर पर राजी, कल विरोध के बाद आज पाक भी सपोर्ट में



■ हमास की तरफ से जो जवाब आया है, उसमें हथियार छोड़ने का जिक्र नहीं किया गया

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प की धमकी के 6 घंटे बाद हमास गाजा में सीजफायर को तैयार हो गया है। हमास ने ऐलान किया कि वह ट्रम्प के प्लान में बताए गए फार्मूले के मुताबिक सभी जिंदा और मुर्दा बंदियों को रिहा करने को तैयार है। साथ ही गाजा का प्रशासन छोड़ने को भी तैयार है।

हमास ने यह भी कहा कि राष्ट्रपति ट्रम्प की इस हफ्ते पेश की गई 20 पाइंट की पीस डील के कुछ हिस्सों पर बातचीत जरूरी है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक हमास की तरफ से जो जवाब आया है, उसमें हथियार छोड़ने का जिक्र नहीं किया गया है। हमास के ऐलान के बाद ट्रम्प ने इजरायल को तुरंत गाजा में हमले बंद करने को कहा है। वहीं, इजरायल ने कहा कि वह ट्रम्प के गाजा प्लान पर काम करने के लिए तैयार है। दूसरी तरफ पाकिस्तान भी कल इस सीजफायर प्लान का विरोध करने के बाद आज इसके के सपोर्ट में आ गया है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्रम्प के गाजा सीजफायर प्लान की तारीफ की है। उन्होंने शनिवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि यह प्लान गाजा में चल रहे युद्ध को रोकने की दिशा में एक बड़ा कदम है। शहबाज शरीफ ने लिखा: हम अब गाजा में युद्धविराम के बहुत करीब हैं। हमास के बयान ने शांति का एक रास्ता खोला है, जिसे हमें बंद नहीं होने देना चाहिए। पाकिस्तान फलस्तीन में शांति लाने के लिए काम करेगा। पाकिस्तानी पीएम का बयान इसलिए अहम है क्योंकि कल ही पाकिस्तानी विदेश मंत्री इशाक डार ने ट्रम्प के गाजा सीजफायर प्रस्ताव का खारिज कर दिया था। डार ने संसद में कहा था ट्रम्प का प्लान, हमारे प्रस्ताव के जैसा नहीं हैं। इसमें कुछ बदलाव किए गए हैं, जो हमारे मसौदे में थे। मेरे पास इसका रिकॉर्ड है। प्रधानमंत्री नेतन्याहू के ऑफिस ने बयान जारी कर रहा कि इजरायल ट्रम्प के प्लान के पहले चरण को लागू करने के लिए तैयार है।

## गाजा में संघर्षविराम और बंधकों की तत्काल रिहाई का आह्वान

**रोम।** इटली की पीएम जॉर्जिया मेलोनी ने गाजा में संघर्षविराम और बंधकों की तत्काल रिहाई का आह्वान किया है। मेलोनी ने ट्रंप की योजना पर हमास की प्रतिक्रिया पर टिप्पणी करते हुए कहा कि गाजा संघर्ष के समाधान में प्राथमिकता संघर्षविराम और उसके बाद बंधकों की रिहाई होनी चाहिए। मेलोनी ने सोशल मीडिया पर लिखा कि मैं गाजा के घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रख रही हूं और पश्चिम एशिया में शांति लाने के राष्ट्रपति ट्रंप के प्रयासों का फिर से समर्थन करती हूं। अब सभी की प्राथमिकता एक ऐसे संघर्षविराम पर पहुंचने की होनी चाहिए जिससे सभी बंधकों की रिहाई तत्काल संभव हो सके।



# रश्मिका और विजय की सगाई का दावा

## दोनों के परिवारों और करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई रस्म, फरवरी में हो सकती है शादी

**मुंबई।** एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना और एक्टर विजय देवरकोंडा ने सगाई कर ली है, ऐसा दावा एक मीडिया रिपोर्ट में किया गया है। हालांकि, अभी तक इसको लेकर न तो एक्ट्रेस और न ही एक्टर की तरफ से कोई प्रतिक्रिया आई है और न ही इसकी आधिकारिक तौर पर पुष्टि की गई है। दावा किया गया है कि यह सगाई दोनों परिवारों और कलाकारों के केवल करीबी दोस्तों की मौजूदगी में हुई। विजय और रश्मिका लंबे समय से एक-दूसरे के करीब हैं। हालांकि, दोनों ने कभी अपने रिश्ते को आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया और न ही सार्वजनिक रूप से इसके बारे में बात की। कपल के करीबी सूत्रों के अनुसार, वे अगले साल फरवरी में शादी के बंधन में बंध सकते हैं। इस संबंध में जल्द ही आधिकारिक घोषणा हो सकती है। रश्मिका मंदाना ने 2016 में कन्नड़ फिल्म किरिक पार्टी से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की, जो बाक्स आफिस पर हिट रही। इसके बाद उन्होंने अंजनी पुत्रा और चमक जैसी फिल्मों में भी काम किया। 2018 में उन्होंने तेलुगु फिल्म चालो से तेलुगु सिनेमा में कदम रखा, जो हिट रही। उसी साल आई गीता गो. विंदम ने उन्हें बड़ी पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने देवदास, यजमाना, डियर कामरेड, भीष्म, सरिले नीकेव्वरु, पुष्पा द राइज और पुष्पा 2 द रूल जैसी फिल्मों में भी एक्टिंग की।

वहीं, बॉलीवुड में रश्मिका मंदाना ने एनिमल और छावा जैसी फिल्मों में काम किया है और वह सलमान खान की सिकंदर में भी नजर आई हैं। रश्मिका की अपकमिंग फिल्मों में थामा और काकटेल 2 शामिल हैं। वहीं, विजय देवरकोंडा ने 2011 में रवि बाबू द्वारा निर्देशित रोमांटिक कामेडी फिल्म नुव्विला से अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने लाइफ इज ब्यूटीफुल (2012) और एवड़े सुब्रमण्यम (2015) जैसी फिल्मों में छोटे रोल प्ले किए। लीड रोल के तौर पर उनकी पहली फिल्म श्पेली चूपुलुश 2016 में आई, जो हिट रही। इसके बाद उन्होंने 2017 में द्वारका और फिर अर्जुन रेड्डी में एक्टिंग की। जिससे उन्हें खास पहचान मिली।

# आलोचनाओं ने मुझे और ज्यादा प्रेरित किया: भूमि



**सिंगापुर।** भूमि पेडनेकर का कहना है कि आलोचनाओं ने उन्हें और ज्यादा प्रेरित किया है। मिल्केन इंस्टीट्यूट के 12वें एशिया समिट में दुनियाभर के बड़े लीडरों के बीच, बॉलीवुड अभिनेत्री भूमि पेडनेकर ने अपनी निजी कहानी, हिम्मत और जम्मिेदारी की बात से सबको प्रभावित किया। भूमि पेडनेकर ने बताया कि जब वह अभिनेत्री बनने का सपना देखती थी, तो उन्हें परदे पर अपनी तरह की महिलाएं नही दिखती थी। उन्होंने कहा, मुझे हमेशा से पता था कि मैं एक कलाकार बनना चाहती हूं, लेकिन बड़े होते हुए मुझे परदे पर अपने जैसी लड़िकयां नही दिखी। जब भी मैंने लोगों को अपने सपने के बारे में बताया, तो वे मुझ पर हंसे। उन आलोचनाओं ने मुझे और जडादा प्रेरित किया और मैंने सोचा, मैं उन्हें दिखाउंगी। भूमि ने कहा कि उनकी पहली फिल्म दम लगा के हईशा ने उन्हें सिनेमा की असली ताकत दिखाई।

# युजवेंद्र चहल संग शादी पर धन्या का रिएक्शन

## बोलीं-शादी का कोई प्लान नहीं था, प्यार मिला तो कर ली थी



**मुंबई।** क्रिकेटर युजवेंद्र चहल की एक्स-वाइफ और कोरियोग्राफर धन्या वर्मा इन दिनों रियलिटी शो राइज एंड फाल में नजर आ रही हैं। शो में वह अक्सर पर्सनल लाइफ को लेकर खुलकर बात करती हैं। हाल ही में उन्होंने चहल से अपनी शादी और तलाक को लेकर बात की।

इस दौरान वह इमोशनल भी हो गईं। दरअसल, शो का एक वीडियो सामने आया है, जिसमें धन्या वर्मा और अर्जुन बिजलानी आपस में बातचीत करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान अर्जुन धन्या से पूछते हैं क्या आपकी लव मैरिज थी? इस पर धन्या जवाब देती हैं, लव-अरेंज थी। शुरुआत अरेंज से हुई थी। वो बिना डेट किए शादी करना चाहते थे। मेरा कोई प्लान नहीं था शादी का। अर्जुन ने फिर पूछा, तो फिर आपने शादी क्यों की? धन्या ने जवाब देती हैं, मुझे प्यार दिया गया, जिससे मुझे लगा कि शादी कर लेती हूं। अगस्त में हमारा रोका हुआ था और दिसंबर में हमने शादी कर ली। इस दौरान मैं उनके साथ ट्रैवल भी करती थी। हम साथ रहते थे। तभी मैं थोड़े-थोड़े बदलाव देख रही थी। इस बातचीत के दौरान धन्या इमोशनल हो जाती हैं और उनकी आंखों से आंसू निकल आते हैं। अर्जुन बिजलानी उन्हें दिलासा देते हैं और उनके आंसू पोछते हैं। यह पहली बार नहीं था जब धन्या ने चहल के बारे में कुछ कहा हो। इससे पहले भी धन्या चहल पर गंभीर आरोप लगा चुकी हैं। उन्होंने दावा किया था कि शादी के सिर्फ दो महीने बाद ही उन्होंने अपने एक्स पति को धोखा देते हुए रंगे हाथों पकड़ लिया था। दरअसल, शो के एक सेगमेंट में वह डाइनिंग टेबल पर नाश्ते के दौरान एक्ट्रेस कुब्रा सैत से अपनी शादी को लेकर बात करती दिखीं। वीडियो में कुब्रा धन्या वर्मा से पूछती नजर आ रही हैं कि उन्हें पहली बार कब एहसास हुआ कि उनकी शादी युजवेंद्र चहल के साथ नहीं टिक पाएगी। इस पर धन्या ने जवाब दिया, पहले ही साल में शादी के दूसरे महीने में ही उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया था। वहीं, दोनों की बातचीत का वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। बता दें कि क्रिकेटर युजवेंद्र चहल और धन्या वर्मा से शादी की दिसंबर 2020 में हुई। वहीं, जून 2022 में दोनों अलग हो गए।

# इंडियाज गाट टैलेंट में जज बनेंगे नवजोत सिंह सिद्धू

**मुंबई।** सोनी टीवी और सोनी लिव पर आज से इंडियाज गाट टैलेंट का नया सीजन शुरू हो रहा है। इस बार नवजोत सिंह सिद्धू, मलाइका अरोड़ा और शान जज की भूमिका में नजर आएंगे। संवाददाता से बातचीत में नवजोत सिंह सिद्धू ने अपने जीवन, अनुभवों और इस शो में प्रतिभाओं को देखने के अपने दृष्टिकोण के बारे में बात की। क्रिकेट में मेरा बल्ला बोला, कामेंट्री में मेरी आवाज ने लोगों तक पहुंच बनाई और राजनीति में मेरी वाणी ने असर डाला। लेकिन इंडियाज गाट टैलेंट के मंच पर दर्शक मुझे मेरे असली स्वरूप में देख पाएंगे। पहली बार ऐसा हुआ कि मैं मंच पर भावुक हो गया। यह मेरे लिए एक नया और बेहद गहरा अनुभव था। मंच हमेशा से मेरे लिए खास रहा है, लेकिन यह मंच मुझे सिर्फ दर्शकों से ही नहीं, बल्कि प्रतिभागियों की भावनाओं से भी जोड़ता है। यह आत्म-अनुशासन, त्वरित निर्णय और प्रेजेंस आफ माइंड का संगम है। आपके वन-लाइनर्स, शायरियां और संवाद इतने सहज और प्रभावशाली कैसे बनते हैं? यह भीतर की ऊर्जा और निरंतर अभ्यास का परिणाम है। मैं मानता हूं कि मन में अपार शक्ति होती है। जरूरत सिर्फ उसे पहचान. ने और सही दिशा में मोड़ने की होती है। कई बार एक ही पंक्ति में विचार, भावना और संदेश तीनों समा जाते हैं। यही है कम शब्दों में गहरी बात कहने की कला। शो की थीम दुनिया का सबसे बड़ा रोग- क्या कहेंगे लोग? इस पर आपकी राय क्या है? सबसे बड़ा रोग है दूसरों की राय और डर के जाल में फंस जाना। लोग हमेशा सोचते रहते हैं कि क्या कहेंगे। यही रोग हमें अपने असली स्वभाव और प्रतिभा से दूर करता है। इस शो में यही दिखाया गया है कि डर और चिंता से मुक्त होकर ही कोई अपना असली रूप दिखा सकता है। अजब हैं, गजब हैं थीम के बारे में आपका क्या कहना है? यह शो की प्रतिभाएं जो सामान्य सोच से अलग हैं, उन्हें दर्शाने का तरीका है। इन प्रतिभाओं को देखकर यही लगता है कि दुनिया में अद्भुत शक्ति हर किसी के भीतर है, बस उसे पहचानने वाली नजर चाहिए। आपके जीवन और अनुभवों ने इस शो पर कैसे असर डाला? मैंने अपने खान-पान, अनुशासन और ध्यान से अपने मन को नियंत्रित किया। अब दर्शक मुझे मंच पर एक शांत, केंद्रित और प्रेरित स्वरूप में देखेंगे। स्वामी विवे. कानंद ने मुझे सिखाया कि असली शक्ति भीतर होती है। किताबों में नहीं, अनुभव में है। मन को समझना और उसे नियंत्रित करना ही असली कला है।


# निखिल ने खोला बंदर के टाइटल के पीछे का राज

**मुंबई।** अभिनेता और निर्माता निखिल द्विवेदी ने ने अपनी आने वाली फिल्म फिल्म बंदर के अनोखे टाइटल के पीछे का राज बताया है। अनुराग कश्यप निर्देशित फिल्म बंदर/मंकी इन ए केज का नाम सुनते ही लोगों में जिज्ञासा पैदा हो गई थी। ऐसे में निर्माता निखिल ने बताया है कि यह नाम फिल्म की तैयारी के दौरान अपने आप सामने आया था और वे इसे लगभग बदलने वाले थे। निखिल ने बताया कि मैंने बंदर नाम सजेस्ट किया था, और फिर खुद भी मैने इसके बारे में दो बार सोचा था। लेकिन तब तक अनुराग और बाकी सभी को यह नाम इतना पसंद आने लगा कि उन्होंने कहा, यही नाम रहेगा।

निखिल ने नायक की परेशानियों की बात करते हुए बताया है कि बंदर 'मनकी) का उदाहरण अपने आप सामने आया है। निखिल ने कहा, जब मैं किरदार का सघ्र देख रहा था, तो मैंने देखा कि उसको हर कोई मदारी की तरह इधर से उधर नचा रहा था। कई बार अनुराग ने अनजाने में कहा कि सिस्टम उसे एक बंदर की तरह नचा रहा है। और एक दिन उन्होंने यूं ही इसका घ्क्रि किया, तो मैंने कहा, हम टाइटल बंदर क्यों नही रख देते?

# रिया चक्रवर्ती को पांच साल बाद वापस मिला पासपोर्ट

## एक्ट्रेस ने फोटो शेयर कर लिखा दूसरे चैप्टर के लिए तैयार हूं



**मुंबई।** एक्ट्रेस रिया चक्रवर्ती को पांच साल बाद उनका पासपोर्ट वापस मिल गया है। यह पासपोर्ट उन्हें तब मिला जब हाल ही में बॉम्बे हाईकोर्ट ने उनके पक्ष में फैसला दिया। यह मामला दिवंगत एक्टर सुशांत सिंह राजपूत की मौत से जुड़ा था। जिनके साथ रिया रिलेशनशिप में थीं। रिया ने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर शेयर की, जिसमें वह एयरपोर्ट पर अपना पासपोर्ट पकड़े हुए दिखाई दे रही हैं।

उन्होंने लिखा, पिछले 5 सालों में धैर्य ही मेरा पासपोर्ट था। अनगिनत लड़ाइयां। अंतहीन उम्मीद। आज फिर मेरा पासपोर्ट मेरे हाथ में है। अब अपने चैप्टर 2 के लिए तैयार हूं। सत्यमेव जयते। सुशांत की मौत के बाद रिया को हिरासत में लिया गया था। सितम्बर 2020 में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने उन्हें ड्रग केस में गिरफ्तार किया। पासपोर्ट जमा करने के बाद उन्हें जमानत मिली थी।

30 सितम्बर को बॉम्बे हाईकोर्ट ने एनसीबी को एक्ट्रेस का पासपोर्ट लौटाने का निर्देश दिया था। वकील अयाज खान के जरिए दायर अपनी एप्लिकेशन में, रिया ने दलील दी थी कि पासपोर्ट जमा होने के कारण रिया को प्रोजेक्ट्स में देरी हुई और कई प्रोजेक्ट्स मिस हुए हैं। मामले में रिया के वकील ने कहा था कि एक्ट्रेस ने जमानत की सभी शर्तों का पालन किया और कभी भी कोर्ट के आदेशों का उल्लंघन नहीं किया।

रिया की ओर से मामले में कहा गया था कि उनके प्रोफेशन के चलते शूटिंग, आडिशन और मीटिंग के लिए उन्हें अक्सर विदेश जाना पड़ता है। रिया ने सोनाली केबलश और जलेबी जैसी फिल्मों में काम किया है। वह टीवी शो एमटीवी रोडीज में भी नजर आई थीं। वहीं, एनसीबी ने एडवोकेट एस के हलवासिया के माध्यम से याचिका का विरोध किया था और तर्क दिया कि सेलिब्रिटी होने के कारण उन्हें विशेष सुविधा नहीं मिलनी चाहिए तथा चेतावनी दी थी कि उनके फरार होने का खतरा हो सकता है।

हालांकि, जस्टिस नीला गोखले ने कहा था कि मामले में अन्य आरोपियों को भी इसी तरह की छूट दी गई थी और उन्होंने कहा कि रिया चक्रवर्ती ने ट्रायल में सहयोग किया था। हर विदेश यात्रा के बाद वापस लौटीं और कभी भी जमानत की शर्तों का उल्लंघन नहीं किया। 7 अक्टूबर, 2020 को बॉम्बे हाईकोर्ट से जमानत मिलने के बाद रिया चक्रवर्ती को मुंबई की भायखला जेल से रिहा कर दिया गया था।

कोर्ट ने कहा था कि मुकदमे के समापन तक उनकी उपलब्धता पर संदेह करने का कोई कारण नहींह है। उनकी याचिका को स्वीकार करते हुए पीठ ने निर्देश दिया था कि रिया को सभी सुनवाई डेट पर उपस्थित रहना होगा, जब तक कि निचली अदालत द्वारा उन्हें छूट न दी जाए। साथ ही विदेश यात्रा से पहले उन्हें प्रासीक्यूशन एजेंसी को कम से कम चार दिन पहले अपनी पूरी ट्रैवल डिटेल, होटल और फ्लाइट डिटेल उपलब्ध करानी होगी। अपना संपर्क नंबर शेयर करना होगा, अपना फोन चालू रखना होगा और वापस लौटने पर अधिकारियों को सूचित करना होगा।

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108